3 राजधानी
परीक्षा न दे पाए छात्रों को मिलेगा दोबारा मौका

6 अभिमत
आर्गेनिक खेती का भारतीय तरीका

9 राष्ट्रीय
देवेंद्र फड़णवीस ने राज ठाकरे से मुलाकात की

10 विदेश
चीन के राष्ट्रपति ने किया शिनजियांग प्रांत का दौरा

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 247
नई दिल्ली, शनिवार, 16 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



पीवी सिंधू
सिंगापुर ओपन
सेमीफाइनल में
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# पूर्व पीएम महिंद्रा व वित्त मंत्री बासिल नहीं छोड़ सकते देश

## श्रीलंका संकटः शीर्ष अदालत ने 28 जुलाई तक विदेश यात्रा पर लगाई रोक





**भाषा। कोलंबो**

**श्रीलंका** के सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे और पूर्व वित्त मंत्री बासिल राजपक्षे के देश छोड़ने पर 28 जुलाई तक रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने श्रीलंका में आर्थिक संकट पर वैश्विक नागरिक संस्था संगठन ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा दायर एक याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। याचिका 17 जून को दायर की गई थी। याचिका में अदालत से राजपक्षे बंधुओं, सेंट्रल बैंक के पूर्व गवर्नर अजित निवार्ड काबराल और पूर्व वित्त सचिव एस आर अत्तगाला की विदेश यात्रा को प्रतिबंधित करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि ए लोग श्रीलंका के विदेशी कर्ज का बोझ काफी बढ़ने, ऋण अदायगी में चूक और मौजूदा आर्थिक संकट के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के छोटे भाई बासिल ने मंगलवार को संकटग्रस्त देश छोड़कर जाने की कोशिश की थी। गोटबाया राजपक्षे खुद अपनी सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन के चलते बुधवार को मालदीव भाग गए थे और बाद में बृहस्पतिवार को वहां से सिंगापुर चले गए थे। गौरतलब है कि 2.2 करोड़ की आबादी वाला देश श्रीलंका सात दशकों में सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है, जिसके चलते लोग खाद्य पदार्थ, दवा, ईंधन और अन्य जरूरी वस्तुएं खरीदने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। देश में विदेशी मुद्रा का भीषण संकट है और इसके चलते वह विदेशी कर्ज का भुगतान भी नहीं कर पा रहा।

### रानिल विक्रमसिंघे बने अंतरिम राष्ट्रपति

**भाषा। कोलंबो**

**श्रीलंका** में प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने गोटबाया राजपक्षे का उत्तराधिकारी चुने जाने तक अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर शुक्रवार को शपथ ग्रहण की। उन्होंने कार्यवाहक राष्ट्रपति से ज्यादा शक्तियां संसद को देने के मकसद से संविधान के 19वें संशोधन को बहाल करने तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया।

सिंगापुर पहुंचे राजपक्षे ने अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने को ईमेल के जरिए अपना इस्तीफा पत्र भेजा। अभयवर्धने ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें इस्तीफा पत्र बृहस्पतिवार को ही मिल गया तथा उन्होंने उसे मंजूर कर लिया है। राजपक्षे ने दिवालिया हो चुके द्वीपीय देश की अर्थव्यवस्था को न संभाल पाने के लिए अपनी सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों के बाद इस्तीफा दे दिया। वह देश छोड़ कर पहले मालदीव और फिर वहां से सिंगापुर चले गए हैं। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने विक्रमसिंघे (73) को श्रीलंका के कार्यवाहक राष्ट्रपति के तौर पर शपथ दिलाई। अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद संसद को संबोधित करते हुए विक्रमसिंघे ने देश में कानून एवं व्यवस्था को सख्ती से बनाए रखने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को हिंसा तथा तोड़फोड़ के किसी भी कृत्य से निपटने के लिए शक्तियां दी गई हैं। उन्होंने कहा, मैं शांतिपूर्ण प्रदर्शनों का शत प्रतिशत समर्थक हूं। दंगाइयों और प्रदर्शनकारियों में फर्क होता है।

विक्रमसिंघे ने कहा कि सच्चे प्रदर्शनकारी हिंसा पर उतारू नहीं होंगे। सांसदों को संसद की कार्यवाही में भाग लेने के लिए पूरी सुरक्षा प्रदान की जाएगी। विक्रमसिंघे ने कहा कि कार्यवाहक राष्ट्रपति के तौर पर उनका पहला काम संविधान के 19वें संशोधन को बहाल करना होगा। इसकी बहाली के लिए जल्द ही एक मसौदा तैयार किया जाएगा। गौरतलब है कि ( शेष पेज 8 )

# संसद परिसर में धरना-प्रदर्शन पर रोक, सरकार-विपक्ष में बढ़ी रार

- मानसून सत्र से दो दिन पहले जारी हुआ बुलेटिन, ओम बिरला ने बताया नियमित प्रक्रिया



**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**असंसदीय** शब्दों की सूची को लेकर विवाद अभी थमा भी नहीं था कि शुक्रवार को संसद भवन परिसर में धरना-प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई है। इससे सरकार और विपक्ष के बीच तकरार और बढ़ गई। राज्यसभा की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि संसद भवन परिसर का उपयोग धरना, प्रदर्शन, हड़ताल, अनशन या धार्मिक समारोहों के लिए नहीं किया जाएगा। संसद का मानसून सत्र 18 जुलाई से शुरू हो रहा है।

सत्र शुरू होने से दो दिन पहले इस तरह के सर्कुलर को लेकर विपक्षी दलों ने सरकार की तीखी आलोचना की है। हालांकि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि यह प्रक्रिया वर्ष 2009 से जारी है। इसमें कुछ भी नया नहीं है। अधिकारियों ने भी कहा कि सत्र के पहले इस तरह का बुलेटिन जारी किया जाना नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजनीतिक दलों से बिना तथ्य के लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर आरोप-प्रत्यारोप से बचने की अपील करते हुए कहा कि अभी लोकसभा से कोई नया बुलेटिन जारी नहीं किया गया है और इस तरह का बुलेटिन जारी करने की प्रक्रिया लम्बे समय से चली आ रही है। राज्यसभा सचिवालय ने भी कहा है कि इस तरह का बुलेटिन या परिपत्र आम तौर पर संसद के प्रत्एक सत्र से पहले जारी किया जाता है। राज्यसभा सचिवालय ने वर्ष 2013 में कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के समय जारी ऐसे ही परिपत्र की प्रति साझा करते हुए कहा कि ऐसे परिपत्र कई वर्षों से जारी किए जा रहे हैं। मॉनसून सत्र से पहले राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी द्वारा जारी बुलेटिन में कहा गया है कि सदस्य संसद भवन परिसर का इस्तेमाल धरना, प्रदर्शन, हड़ताल, अनशन या धार्मिक समारोहों के लिए नहीं कर सकते। विपक्षी दल स मुद्दे पर अपना संयुक्त रुख स्पष्ट करने के लिए शनिवार को बैठक करेंगे। कांग्रेस महासचिव एवं राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट में कहा कि विषगुरू का ताजा प्रहार, धरना मना है।

उन्होंने इसके साथ 14 जुलाई का बुलेटिन भी साझा किया। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने इस कदम को चुने हुए जनप्रतिनिधियों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि इसे सहन नहीं किया जाएगा। पवार ने कहा कि जब लोकसभा में सांसदों की आवाज नहीं सुनी जाती तो वे संसद से वाकआउट करते हैं और परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन करते हैं। माकपा नेता सीताराम येचुरी ने इस मुद्दे पर ( शेष पेज 8 )

# डिजिटल मीडिया पर नया कानून ला सकती है सरकार

- 155 साल पुराने पीआरबी अधिनियम की जगह लेगा प्रस्तावित विधेयक

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**डिजिटल** मीडिया को नियंत्रित करने के लिए सरकार नया कानून ला सकती है। प्रस्तावित प्रेस और आवधिक (पीयोरिडकल्स) पंजीकरण विधेयक में डिजिटल मीडिया द्वारा उल्लंघन के लिए कार्रवाई का प्रावधान होगा। डिजिटल मीडिया को शामिल करने के लिए 155 साल पुराने पंजीकरण (पीआरबी) अधिनियम की जगह विधेयक लेगा। आरपीपी 2019 को तीन साल पहले जनता और हितधारकों के सुझावों के लिए लाया गया था।

बिल अखबारों की तरह प्रेस रजिस्ट्रार जनरल के पास डिजिटल मीडिया का पंजीकरण अनिवार्य कर देगा और डिजिटल मीडिया में काम करने वालों के लिए सख्त नागरिकता प्रावधान शामिल करेगा। वर्ष 2021 की शुरुआत में सरकार समाचार प्रकाशित करने वाले डिजिटल मीडिया के लिए दिशा निर्देश लेकर आई और पोर्टलों के लिए शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया। इन दिशानिर्देशों को कई उच्च न्यायालयों में चुनौती दी गई है। केंद्र ने सभी मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वर्ष 2019 में परिचालित मसौदा विधेयक में एक सरल पंजीकरण प्रक्रिया के साथ 1867 के पीआरबी अधिनियम में कई प्रावधानों को अपराध से मुक्त करने का प्रस्ताव रखा।


2019 के प्रस्तावित आरपीपी विधेयक के अनुसार, संपादक और प्रकाशक सामान्य रूप से भारतीय नागरिक होना चाहिए और मीडिया कंपनियों को भारत में पंजीकृत होना चाहिए। नए विधेयक ने जघन्य और गंभीर अपराधों को छोड़कर प्रकाशकों को गिरफ्तार करने के प्रावधानों को हटा दिया है। 1867 के पीआरबी अधिनियम में जिला मजिस्ट्रेटों की सभी पंजीकरण शक्तियों को एक नए पद के ( शेष पेज 8 )

# लोकतंत्र में असहमति की आवाज जरूरीः अदालत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने हिंदू देवता के खिलाफ 2018 में एक आपत्तिजनक ट्वीट करने के मामले में ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को शुक्रवार को जमानत देते हुए कहा कि आरोपी को हिरासत में रखकर उससे पूछताछ करने की आवश्यकता नहीं है। जमानत के साथ ही अदालत ने अपनी टिप्पणी में कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए असहमति की आवाज आवश्यक है, भारतीय लोकतंत्र और राजनीतिक दल अपनी आलोचना के लिए खुले हैं और केवल किसी भी राजनीतिक दल की आलोचना के लिए धारा 153 ए (विभिन्न समूह के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और आईपीसी की धारा 295ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना) को लागू करना उचित नहीं है। अदालत ने कहा कि निस्संदेह स्वतंत्र भाषण एक लोकतांत्रिक समाज की उचित नींव है। जमानत देते हुए अदालत ने कहा कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत नहीं है और कथित कृत्य तभी अपराध की श्रेणी में आएगा जब वह दोषी इरादे से किया जाएगा। अतिरिक्त सत्र ( शेष पेज 8 )

# निर्माणाधीन गोदाम की दीवार ढही, पांच मरे

- एसडीएम ने निर्माण पर लगाई रोक, निगम की नोटिस के बावजूद चल रहा था काम
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हादसे पर शोक जताया



**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**बाहरी** दिल्ली के अलीपुर इलाके में गैर कानूनी रूप से बनाए जा रहे गोदाम की दीवार भरभरा कर गिर गई। इसके मलबे में दबने से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि आठ लोग गंभीर से घायल हो गए।

सूचना के बाद मौके पर दमकल, जिला आपदा प्रबंधन के साथ एनडीआरएफ की टीमें पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में शामिल श्रमिक उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड आदि राज्यों के रहने वाले थे। इस बाबत अलीपुर थाने में गोदाम के मालिक शक्ति सिंह व ठेकेदार सिंकदर के खिलाफ लापरवाही से मौत समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रख दिया है और उनके परिवार वालों को घटना की जानकारी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताया और कहा कि उनकी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपनों को खोया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर मोदी के हवाले से कहा गया है, दिल्ली के अलीपुर में हुए हादसे से दुखी है। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है।

घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। इस बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह बचाव कार्य पर नजर रखे हुए हैं। केजरीवाल ने ट्वीट किया अलीपुर का हादसा बेहद दर्दनाक है। जिला प्रशासन राहत और बचाव अभियान में जुटा है। वह भी राहत और बचाव कार्यों पर नजर रख रहे हैं। दिवंगत आत्माओं की ( शेष पेज 8 )

# 10वीं कक्षा की छात्रा से कार में सामूहिक दुष्कर्म

- बाजार से किया अपहरण, पुरुष मित्र समेत सभी तीन आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**दक्षिण** दिल्ली के वसंत विहार इलाके के एक बाजार से 10वीं कक्षा की एक छात्रा का अपहरण करने के बाद महिपालपुर में एक कार में उसके साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना छह जुलाई को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर में एक कार के अंदर हुई और पीड़िता के पुरुष मित्र सहित सभी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की आयु 23, 25 और 35 वर्ष है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) मनोज सी. ने कहा कि 8 जुलाई को तड़के 4 बजे के आसपास वसंत विहार थाने में एक अस्पताल से फोन आया कि एक छात्रा अपने पिता के साथ आई है, जो आरोप लगा रही है कि तीन लोगों ने उससे छेड़छाड़ की है। उन्होंने कहा कि जब एक महिला परामर्शदाता ने छात्रा से पूछताछ की तो उसने बताया कि छह जुलाई की रात करीब साढ़े आठ बजे वसंत विहार बाजार के पास दो लोग उससे मिले, जिन्हें वह जानती थी और उन्होंने उससे अपने साथ आए एक अन्य व्यक्ति की कार में बैठने को कहा। डीसीपी ने कहा कि चारों महिपालपुर गए, जहां उन्होंने शराब खरीदकर पी। इसके बाद, वे एक सुनसान इलाके में चले गए, जहां छात्रा के पुरुष मित्र ने उससे अश्लील हरकत की और उसके अन्य दो साथियों ने छात्रा से बलात्कार किया। पुलिस ने कहा कि घर लौटने से पहले वे सभी गुरुग्राम चले गए। उन्होने कहा कि छात्रा ने अपने बयान में दावा किया है कि उसके पुरुष मित्र ने कोई अपराध नहीं किया और वह तो उसे बचाने की कोशिश कर रहा था। डीसीपी ने कहा कि छात्रा की चिकित्सकीय जांच की गई और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम व आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत वसंत विहार थाने में मामला दर्ज किया गया।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,760 | ↑ 344 | |
| निफ्टी | 16,049 | ↑ 110 | |
| सोना | 49,970 | ↓ 293 | /10g |
| चांदी | 54,326 | ↓ 1075 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रुबैया ने यासीन और तीन अन्य की पहचान अपने अपहरणकर्ताओं के रूप में की

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद 1989 के अपने अपहरण से जुड़े मामले में शुक्रवार को सीबीआई की विशेष अदालत के समक्ष पेश हुईं। इस दौरान उन्होंने जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक और तीन अन्य की पहचान अपने अपहरणकर्ताओं के रूप में की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह पहली बार था, जब रुबैया को मामले में अदालत में पेश होने के लिए कहा गया था। अपहरणकर्ताओं ने उन्हें पांच आतंकवादियों की रिहाई के बदले आजाद किया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तमिलनाडु में रहने वाली रुबैया को अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में सूचीबद्ध किया है।

# दलाई लामा की लद्दाख यात्रा पूरी तरह धार्मिक

- भारत ने कहा, वह हमारे सम्मानित अतिथि किसी को ऐतराज क्यों



**भाषा। नई दिल्ली**

**तिब्बती** आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की लद्दाख यात्रा पूरी तरह से धार्मिक है और किसी को भी इस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। एक शीर्ष सरकारी पदाधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दलाई लामा शुक्रवार को चीन की सीमा से लगे केंद्र शासित प्रदेश पहुंचेंगे और वहां उनके लगभग एक महीने तक रहने का कार्यक्रम है।

उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि दलाई लामा सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं क्योंकि वह पहले भी कई बार लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर चुके हैं। सरकारी पदाधिकारी ने कहा, दलाई लामा एक आध्यात्मिक नेता हैं और उनकी लद्दाख यात्रा पूरी तरह से धार्मिक है। उनके दौरे पर किसी को आपत्ति क्यों होनी चाहिए।

पूर्वी लद्दाख में टकराव के कई बिंदुओं पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच सैन्य गतिरोध के बीच आध्यात्मिक नेता की लद्दाख यात्रा से ( शेष पेज 8 )

# आईआईटी मद्रास व आईआईएससी बेंगलुरू सर्वश्रेष्ठ

- देशभर में जेएनयू दूसरा व जामिया तीसरा सबसे अच्छा विश्वविद्यालय डीयू 13वें नंबर पर आया
- संपूर्ण शैक्षणिक संस्थान की श्रेणी में दस शीर्ष स्थानों में सात आईआईटी ने जगह बनाई




**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास लगातार चौथी बार देश का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान बना, जबकि विश्वविद्यालय श्रेणी में भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु ने पहला स्थान हासिल किया। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी इस साल की एनआईआरएफ रैंकिंग में नई दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) को दूसरा स्थान और जामिया मिलिया इस्लामिया को तीसरा स्थान मिला है। यादवपुर विश्वविद्यालय कोलकाता ने चौथा स्थान तथा अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबतूर ने पांचवां स्थान हासिल किया। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) की रैंकिंग का सातवां संस्करण जारी किया। सम्पूर्ण शैक्षणिक संस्थान की श्रेणी में 10 शीर्ष स्थानों में सात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने जगह बनाई है। इनमें आईआईटी मद्रास, आईआईटी बम्बई, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर, आईआईटी खडगपुर, आईआईटी रूड़की, आईआईटी गुवाहाटी शामिल हैं। शिक्षा मंत्रालय की राष्ट्रीय रैंकिंग के मुताबिक, संपूर्ण शैक्षणिक संस्थान ( शेष पेज 8 )

### डीयू और उसके कई प्रतिष्ठित कॉलेजों की रैंकिंग खिसकी

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**शिक्षा** मंत्रालय के राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) में दिल्ली विश्वविद्यालय का स्थान खिसक कर 13वां हो गया है और उसके कई प्रतिष्ठित कॉलेजों की भी रैंकिंग गिर कई है। हालांकि रैंकिंग में कालेजों की श्रेणी में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के मिरांडा हाउस ने लगातार छठे साल पहला स्थान हासिल किया।

डीयू के ही हिंदू कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, प्रेसीडेंसी कॉलेज, चेन्नई ने तीसरा और लोयला कॉलेज, चेन्नई ने चौथा स्थान हासिल किया। डीयू के सबसे प्रतिष्ठित कॉलेजों में शुमार सेंट स्टीफेंस और श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स देश के 10 सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालयों की सूची में अपने पूर्व के स्थान से नीचे खिसक गए।

सेंट स्टीफेंस और श्री राम कालेज आफ कामर्स ने इस वर्ष रैंकिंग में 11वां और 12वां स्थान प्राप्त किया, जबकि पिछले वर्ष वे क्रमशः 8वें और 10वें स्थान पर थे। लेडी श्रीराम कलेज फॉर वुमन ने इस वर्ष पांचवा स्थान हासिल किया, जबकि पिछले वर्ष वह दूसरे स्थान पर रहा था। दिल्ली विश्वविद्यालय ने रैंकिंग में ( शेष पेज 8 )

# प्रेमिका पर तेजाब फेंका, मुठभेड़ में लगी गोली

● लिव इन रिलेशन में रह रही थी पीड़िता 35 फीसदी जली, आरोपी गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा के थाना फेस-3 क्षेत्र के मामूरा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका पर बीती रात कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया। अत्यंत गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महिला करीब करीब 35 फीसदी जल चुकी है। पुलिस ने शुक्रवार दोपहर को मुठभेड़ के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली आरोपी के पैर में लगी है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि मामूरा गांव में रहने वाला विकास (28 वर्ष) एक 30 वर्षीय महिला सोनिया (काल्पनिक नाम) के साथ प्रेम करता था। पुलिस ने बताया कि महिला शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक महिला कुछ समय पूर्व अपने पति को छोड़कर विकास के साथ तीन बच्चों को लेकर मुंबई चली गई थी, लेकिन वहां दो वर्ष रहने के बाद दोनों बच्चों के साथ मामूरा गांव में वापस आ गए।

बीती रात को विकास ने महिला पर तेजाब फेंक दिया, जिसकी वजह से वह बुरी तरह से झुलस गई। उसे उपचार के लिए पहले नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन वहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि विकास महिला से प्रेम करता था तथा दोनों पति-पत्नी की तरह रहते थे। उन्होंने कहा कि जब विकास महिला को मुंबई से लेकर नोएडा आया, तब मामूरा गांव में रहने वाले कुछ अन्य लोगों से महिला की दोस्ती हो गई जिससे विकास परेशान था।

पुलिस ने तेजाब फेंकने वाले आरोपी विकास को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। पुलिस ने बताया कि विकास के पास से देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी ने तेजाब कहां से खरीदा था।

## ग्रेटर नोएडा में मौसी की हत्या करने वाला भांजा गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने एक महिला की हत्या का खुलासा करते हुए उसके ही भांजे को गिरफ्तार किया है। मौसी अपने भांजे पर शादी करने के दबाव बना रही थी जबकि भांजा उसके साथ शादी नहीं करना चाहता था। मौसी दोनों के अवैध संबंधों को उजागर करने की धमकी दे रही थी। इसी बात से नाराज होकर भांजे ने मौसी को मौत के घाट उतार दिया और शव को बोरे में पैक करके फरार हो गया। बीटा 2 थाना पुलिस ने आज आशीष रंजन नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इसको अशोक नगर से गिरफ्तार किया। दरसअल बीती 9 जुलाई को सेक्टर गामा 1 के एक मकान के बंद कमरे में बोरे में एक महिला का शव मिला था। महिला की पहचान पूजा उर्फ अवनी के रूप में हुई थी।

मकान मालिक ने बताया कि यह अपने रिश्तेदार के साथ में यही रहती थी। उसका नाम आशीष रंजन जोकि मौके से फरार था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मौके से गायब चल रहे आशीष रंजन की तलाश में जुट गई। मकान मालिक ने बताया कि यह खुद को भाई बहन बताते थे। पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि वह अपने किसी दोस्त के यहां अशोक विहार में है। जिसके बाद पुलिस ने आशीष को धर दबोचा।

# जिला अस्पताल में ओपीडी के लिए डेढ़ घंटे का इंतजार कर रहे मरीज

● डॉक्टरों और स्टॉफ की कमी से जूझ रही स्वास्थ्य सेवाएं



**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

सेक्टर 30 स्थित जिला अस्पताल में शुक्रवार को मरीजों की भीड़ रही। फिजीशियन और स्त्री रोग की ओपीडी में सबसे ज्यादा भीड़ थी। मरीजों ने बताया कि कतार में लगे करीब डेढ़ घंटा हो गया है लेकिन नंबर नहीं आया है।

अस्पताल में शुक्रवार को 2029 मरीजों की ओपीडी हुई। फिजीशियन की ओपीडी की कतार में लगे सेक्टर 45 सदरपुर निवासी देवकीनंदन ने बताया कि उनकी पत्नी को लीवर में दिक्कत है। करीब आधा घंटा पर्चे की लाइन में लगने के बाद अब फिजीशियन की कतार में लगे हैं। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ घंटा हो गया है लेकिन अभी तक नंबर नहीं आया है। बरौला निवासी चंदर ने बताया कि तीन दिन से बुखार है। कोरोना की रिपोर्ट निगेटिव है। एक घंटे से अधिक हो गया है लाइन में लगे लेकिन नंबर नहीं आया है। वहां तैनात सुरक्षाकर्मी का कहना था कि एक फिजीशियन इमरजेंसी ड्यूटी में चले गए हैं।

ऐसे में उनकी भीड़ भी दूसरे फिजीशियन की ओपीडी के बाहर लग गई है। इस कारण मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक 32 स्थाई डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं, उन पर 23 डॉक्टर नियुक्त हैं। 17 डॉक्टर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सेवानिवृत आदि श्रेणी में तैनात हैं लेकिन मेडिकोलीगल, पोस्टमार्टम समेत कई प्रक्रियाओं में इनकी सेवाएं नहीं ली जा सकती हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पवन कुमार अरुण ने कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों के कई पद खाली हैं।

# जगुआर कार में लाल बत्ती लगाकर सड़कों पर घूम रहे थे दो रईसजादे

● वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि रईसजादे लग्जरी गाड़ी जगुआर पर खुलेआम लाल बत्ती लगाकर घूम रहे हैं। इन रईसजादों को पुलिस का बिल्कुल भी खौफ नहीं है। यह मामला सेक्टर-49 थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है। जगुआर गाड़ी की नंबर प्लेट के आधार पर मालिक की पहचान कर ली गई है और अब इसमें आगे की कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर हो रही वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक सफेद रंग की जगुआर की छत पर लाल बत्ती लगी हुई है। गाड़ी में दो युवक ही बैठे हुए हैं। यह दोनों रईसजादे गाड़ी में बैठकर स्टाइल मार रहे हैं। यह लग्जरी गाड़ी है।

यह वीडियो नोएडा और ग्रेटर नोएडा के ग्रुपों में काफी तेजी के साथ वायरल हो रही है। लोगों ने ट्विट के जरिए इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे दबंग लोगों को जेल भेजना चाहिए, जो लोगों को डराने का काम कर रहे हैं। ऐसी गाड़ी को सीज कर देना चाहिए।

# जेवर मेट्रो की डीपीआर 30 को मिलेगी

● रिपोर्ट को बोर्ड बैठक में रखी जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



जेवर एयरपोर्ट मेट्रो की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर 30 जुलाई को यमुना प्राधिकरण को मिल जाएगी। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन डीएमआरसी इस रिपोर्ट को बना रहा है। डीपीआर मिलने के बाद उसे यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा ताकि आगे की प्रक्रिया को शुरू किया जा सके।

जेवर एयरपोर्ट और नई दिल्ली एयरपोर्ट को मेट्रो के जरिए जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए जेवर से नई दिल्ली तक मेट्रो का नया कॉरिडोर बनाने बनाया जाएगा। यह कॉरिडोर करीब 72 किलोमीटर लंबा होगा। इसे दो चरणों में बनाया जाएगा। पहले चरण में जेवर से ग्रेटर नोएडा तक और दूसरे चरण में ग्रेटर नोएडा से नई दिल्ली तक मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा।

इसकी ट्रैफिक स्टडी हो चुकी है। डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर काम चल रहा है। पहले यह रिपोर्ट 15 जुलाई को मिलनी थी, लेकिन अब यह 30 जुलाई को मिलेगी। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह ने बताया कि जेवर मेट्रो की डीपीआर 30 जुलाई को मिलेगी। इस रिपोर्ट को प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद शासन को भेजा जाएगा ताकि इस पर आगे की कार्रवाई की जा सके।

## हेलीपोर्ट के लिए दोबारा होंगे ग्लोबल टेंडर

**नोएडा।** नोएडा में शहर वासियों को हेलीकॉप्टर सेवा के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। लखनऊ में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि जो कंपनी बिड में आई थी उसे अयोग्य करते हुए नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया की जाए। इससे पहले सलाहकार कंपनी राइट्स से मिनिट्स मांगे गए है जिसे शासन को भेजा जाएगा। दोबारा से ग्लोबल टेंडर जारी होंगे।

इस टेंडर प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। इसकी अवधि को तीन महीने से घटाकर दो महीने कर दिया गया है। नोएडा के सेक्टर 151ए में प्रस्तावित हेलीपोर्ट के निर्माण में 43.13 करोड़ रुपए खर्च कर किए जाएंगे। इसका डिजाइन बेल 412, 12 सीटर के अनुसार तैयार किया गया है। हेलीपोर्ट में 5 बेल 412 के पार्किंग एप्रान की सुविधा होगी।

# यति नरसिंहानंद गिरि के खिलाफ गाजियाबाद थाने में मुकदमा दर्ज

● बोले. महात्मा गांधी ने एक करोड़ हिंदुओं की हत्या कराई, चरित्र पर भी उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

गाजियाबाद में जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि पर एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि उन्होंने महात्मा गांधी को लेकर आपत्तिजनक शब्द बोले। उनके चरित्र पर भी सवाल उठाए। पुलिस के अनुसार, इस बयान से शांति व्यवस्था भंग हो सकती है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डासना पुलिस चौकी प्रभारी रामसेवक ने नरसिंहानंद गिरि के खिलाफ थाना मसूरी में मुकदमा है। इसमें ने लिखा है कि ट्विटर पर 13 जुलाई की रात 11.08 बजे 2.20 मिनट का वीडियो वायरल हुआ। इसमें यति नरसिंहानंद गिरि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर टिप्पणी कर रहे हैं। वह कह रहे हैं, महात्मा गांधी मर गया। एक करोड़ हिंदुओं की हत्या करवा गया। भारत में मुसलमानों का अधिकार करवा गया।

इस आदमी के कारण 100 करोड़ की हिंदू कम्युनिटी के पास आज भी एक इंच कहने के लिए अपनी जगह नहीं है। आज भी इसके कारण हमारे संत-महात्मा जेल जा रहे हैं। वीडियो में नरसिंहानंद गिरि ने महात्मा गांधी के लिए अंग्रेजों व मुसलमानों के दलाल होने जैसे शब्द इस्तेमाल किए हैं।


**नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
(सीआईएन : L74899DL1974GOI007417)
ए-11, सैक्टर - 24, नोएडा, जिला - गौतम बुद्ध नगर, उ.प्र.-201301
फोन: 0120-2412294, 2412445, फैक्स: 0120-2412397

Date : 16.07.2022

**सार्वजनिक सूचना**

पूर्व कर्मचारियों एवं अनुबंध श्रमिकों को सूचित किया जाता है कि उनके पीएफ खाते में बिना दावा की गई राशि का विवरण एनएफएल की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। संबंधित पूर्व कर्मचारी/अनुबंध श्रमिक या उनके कानूनी उत्तराधिकारी संबंधित यूनिट/कार्यालय के एचआर (मानव संसाधन) प्रमुख के पास आवेदन/दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया एनएफएल की वेबसाइट www.nationalfertilizers.com को देखें।

कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन)

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client Fullerton India Credit Company Limited that Mrs. Vijay Kumari is owner of Built up One Shop on Ground Floor, without roof rights, admeasuring 66.66 Sq.Yds., "Said Shop' part of Property bearing No. B-7/2, Situated in the abadi of DLF colony, known as Krishan Nagar, in the area of Village Ghondli, Illaqa Shahdara, Delhi. by virtue of Sale Deed dated 05.04.2013, Registration No. 5755, has lost/misplaced previous Original Sale Deed dated 14.10.1998, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**ICICI Bank**
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहां है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थित में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | सोनू कुमार (कर्जदार), शिव कुमार (जमानतदार) लैन नंबर LBNOD00002252451 | जी/यूएच-801 8वीं मंजिल, टावर-जी अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेट्टा, एनएच-24 गाजियाबाद, 201001 सुपर एरिया: 585 वर्ग फुट | रू. 19,52,978.42/- (जुलाई 12, 2022 तक) | रू. 16,25,000/- / रू. 1,62,500/- | जुलाई 25, 2022 को दो.12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | अगस्त 08,2022 दो.12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट (URL Link https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को अगस्त 06, 2022 को शाम 05.00 बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ करें) जो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005 में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक-अगस्त 06, 2022 तक शाम 05.00 बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005 में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक अगस्त 06, 2022 को शाम 05.00 बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को फोन नंबर 8126013708 या मैसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को फोन नंबर 9710029933/ 9810029926/ 01244233933 पर संपर्क करे।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया 1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट www.icicibank.com/n4p4s पर संपर्क करे।

तिथि : जुलाई 16, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

**ICICI Bank**
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता-700020
सीआईएन नंबर : एल65190जीजे1994पीएलसी021012, www.icibank.com

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों में ले लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सचिन अग्रवाल/हिमांशी गुप्ता/एस/ओ रतन लाल अग्रवाल 1/9888 ए गली नंबर 3 ई वेस्ट गोरख पार्क, शाहदरा नॉर्थ ईस्ट दिल्ली-110032/ एलबीडीजीआर00003180405 | फ्लैट/यूनिट नंबर एफ, प्रथम तल, टावर 3, सलारपुरिया, गार्डेनिया, एच.आई.जी. प्लॉट नंबर 2 ए-01, बिधाननगर, सेक्टर-2 ए, जिसमें शामिल है भूखंड का एक अंश प्लॉट नंबर 214/2493 (पार्ट), मौजा-गोपीनाथपुर, जेएल नंबर 85, खातियान नंबर 147, 151,163, टौजी नंबर 1, पीएस फरीदपुर के अंतर्गत, अपर जिला उप-निबंधक, दुर्गापुर, उप-संभाग दुर्गापुर, जिला बर्दवान, दुर्गापुर नगर निगम के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत। परिमाप क्षेत्रफल 1537 वर्ग फीट (बिक्री योग्य एरिया) कमोबेश के साथ उक्त फ्लैट से जुड़ा एक यूटिलिटी रूम और एक ओपन टेरेस, परिमाप 981 वर्ग फीट, बिक्री योग्य एरिया तथा एक ग्राउंड कवर्ड कार पार्किंग स्पेस /सांकेतिक कब्जा की तिथि : 13-07-2022 | 19-07-2021 रु. 12,06,537/- | दिल्ली/ दुर्गापुर |

उपरोक्त कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 16-07-2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# गाजियाबाद में बदमाशों ने की दो बुजुर्गों की हत्या

● लूट के इरादे से दिया वारदात को अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

गाजियाबाद के पसौंडा गांव में 75 साल के जसवंत की हत्या कर दी गई। घरवालों के मुताबिक हत्यारों ने उनके हाथ.पैर बांधे और गला दबाकर मार डाला। दूसरे कमरे में सो रही बहू के भी हाथ-पैर बंधे मिले हैं।

कमरे में सामान अस्त-व्यस्त पाया गया। परिजनों का आरोप है कि लूट के दौरान बदमाशों ने हत्या की है। पुलिस की फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड यूनिट ने छानबीन शुरू कर दी है। मृतक की बहू के मुताबिक, वह बराबर वाले कमरे में लेटी थीं। जब आंख खुली तो हाथ-पैर बंधे थे। ये किसने बांधे, कब बांधे, उन्हें कुछ नहीं पता। पोते तुषार के अनुसार, कुछ बदमाश रात में घर में आए थे। उन्होंने उसको गन पॉइंट पर लेकर कमरे में रखी एक लाख रुपए की ज्वेलरी और करीब साढ़े सात हजार रुपए कैश लूट लिया और फरार हो गए। मुनीराज जी ने गुरुवार रात करीब दो बजे जसवंत के पोते तुषार ने 112 नंबर पर फोन करके हत्या की खबर दी।

इसके बाद टीला मोड़ थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जसवंत की कमरे में डेडबॉडी मिली। उनके हाथ.पैर बंधे थे। गले पर दबाने जैसे निशान थे। घर में जबरन घुसने जैसे निशान नहीं पाए गए हैं। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से कुछ सुबूत इकट्ठा किए हैं। डॉग स्क्वायड की टीम ने भी छानबीन की है। मृतक की बहू और पोते से पूछताछ जारी है। जल्द पूरी वारदात का खुलासा होगा। वहीं टीला मोड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पसौंडा गांव में रहने वाले जसवंत शर्मा नामक बुजुर्ग व्यक्ति के घर पर धावा बोलकर डकैतों ने खूनी डकैती डालते हुए लाखों का माल लूट लिया। एसएसपी मुनिराज ने घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया। एसएसपी ने कहा कि यह वारदात डकैती तो नहीं लग रही, हां बुजुर्ग की गला घोटकर हत्या के बाद लूट होने के साक्ष्य दिखाई दिये हैं।

इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए मृतक के पुत्र ने हत्या के पीछे अपनी बड़ी भाभी कविता शर्मा पत्नी पवन शर्मा और उनके सहयोगियों का हाथ बताया है।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform that Late Shri Govind Singh Rawat and Mr. Rahul Rawat resident at E-25, Gali No-4, Pandav Nagar, Samaspur Village, Delhi-110091, booked a Flat at Mahagun (MIPL) My Woods, GD-04, Sector-16C, Mulberry Tower, Flat-05189 at Fifth Floor but unfortunately Late Shri Govind Singh Rawat passed away on 22nd December 2021.

Mrs. Sushila Rawat (Wife of Late Sh. Govind Singh Rawat), Mr. Rahul Rawat (Son), Mrs. Savita Rawat (Daughter) and Mrs. Swati Rawat (Daughter) are the legal heir of the deceased Late Shri. Govind Singh Rawat and Mr. Rahul Rawat applies with Mahagun (MIPL) for legal right of Late Shri Govind Singh Rawat shares in the property at Mahagun (MIPL).

If any person (other than Mr. Rahul Rawat) has any objection in transfer of legal right/ share of Late Shri Govind Singh Rawat property can raise an objection within 15 days of publication of this advertisement at A-19, Sector 63, Noida otherwise Mr. Rahul Rawat be the only legal heir in the property at Mahagun (MIPL) My Woods, GD-04, Sector 16C, Mulberry Tower, Flat 05189 at Fifth Floor. No objection can be raised by any person after the period mentioned.

**Adv. Hukam Chand**
**Regn. No.: D/10040/2021**


# इंसानियत को बचाना और मानव सेवा हमारा उद्देश्य : गुरुप्रीत




**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

● नवीन अस्पताल में मेडिकल कैंप में 250 से अधिक मरीजों को लाभ

कोविड की दूसरी लहर में 16 हजार से अधिक लोगों को निशुल्क ऑक्सीजन देकर उनकी जान बचाने बचाने वाले ऑक्सीजन मैन गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने कहा कि आज के समय में इंसानियत को बचाना और मानव सेवा हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

वैशाली स्थित नवीन हॉस्पिटल प्रबंधन ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर 15 दिवसीय निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में इंदिरापुरम गुरूद्वारे के प्रधान गुरप्रीत सिंह रम्मी ने कहा, मरीज हमारे लिए न कोई हिंदू है, न मुसलमान। हमारे लिए सब इंसान हैं। इंदिरापुरम गुरूद्वारे पर ऑक्सीजन लंगर लगाकर करीब 16000 लोगों की जान बचाई। कार्यक्रम का संचालन नवीन हॉस्पिटल्स के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर डा. अनिल तोमर ने इंदिरापुरम गुरूद्वारे की मांग पर राउंड द क्लॉक चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। डा. तोमर ने बताया कि कैंप में ढाई सौ अधिक लोगों ने लाभ उठाया। कैंप में निशुल्क ओपीडी के साथ जांचों पर भी 20 से 25 प्रतिशत तक छूट दी गई। एम्स में अपनी सेवाएं दे चुकीं डा. ख्याति शर्मा ने 66 लोगों को फिजियोथेरेपी से संबंधित सेवाएं प्रदान कीं।

इस अवसर पर डायरेक्टर धनंजय तेवतिया ने कहा कि हम कम्यूनिटी हॉस्पिटल बनना चाहते हैं, ताकि जरूरतमंदों को जरूरी मेडिकल सुविधाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध करा सकें। डा. सुशील खोखर ने कहा मानव सेवा हर डॉक्टर का धर्म होता है। मेडिकल कैंप में हर्षित और अश्विनी का विशेष सहयोग रहा।

# संक्षिप्त समाचार

## नोएडा-गाजियाबाद में लगी निशुल्क तीसरी खुराक



**नोएडा/गाजियाबाद।** दोनों जिलों में शुक्रवार से बड़े सरकारी अस्पताल समेत स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क कोरोना की बूस्टर डोज लगनी शुरू हो गई है। सीएमओ डा भवतोष शंखधर ने बताया कि यह डोज एमएमजी, संयुक्त अस्पताल, चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सभी प्राथमिक व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाई जा रही है। इसके अलावा कैलाश मानसरोवर भवन में भी वैक्सीन लगाने की व्यवस्था रही। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर इन लोगों के लिए एक काउंटर अलग से बनाया गया है ताकि वैक्सीनेशन में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि इस आयु वर्ग के लोग वहीं बूस्टर डोज लगवा सकते हैं। जिन्हें द्वितीय डोज लगवाए हुए छह माह या 26 हफ्ते हो चुके हो।

## चालक ने दो जवानों को मारी टक्कर, एक की मौत

**नोएडा।** तेज रफ्तार कार चालक ने शुक्रवार तड़के हाजीपुर अंडरपास के पास बाइक सवार दिल्ली पुलिस के दो जवानों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां एक पुलिसकर्मी ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की हालत भी नाजुक बनी हुई है। सेक्टर 39 थाने में कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। करतार सिंह और जगत सिंह दोनों दिल्ली पुलिस में कार्यरत है। वह एक बाइक से सुबह करीब छह बजे सेक्टर 104 स्थित हाजीपुर अंडरपास के पास से गुजर रहे थे। इसी बीच तेज गति से आए एक एर्टिगा कार चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टरों ने करतार सिंह को मृत घोषित कर दिया। वह दिल्ली पुलिस में हैड कांस्टेबल थे। पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, जगत सिंह की हालत भी नाजुक है। वह इमरजेंसी में उपचाराधीन है।

## राज्यपाल ने किया ब्रेल प्रेस का उद्घाटन

**गाजियाबाद।** पुनर्वास विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों के शैक्षिक पुनर्वासन एवं कौशल विकास के लिए एक दिवसीय कार्यशाला व ब्रेल प्रेस का उद्घाटन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व विवि कुलाध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राणा कृष्ण पाल सिंह, हेमंत राव अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं कुलसचिव अमित कुमार सिंह मंच पर उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कहा कि यह कार्यशाला भविष्य में दिव्यांग बच्चों के लिए आशा की किरण साबित होगी। ब्रेल प्रेस के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए किताबें तैयार करने में मदद मिलेगी तथा इसे प्रदेश के अन्य शिक्षण संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों आदि में भेजा जा सकेगा। कार्यक्रम सत्र का संचालन डॉ कौशिकी सिंह ने की व कार्यशाला के बारे में प्रो नागेन्द्र यादव ने विस्तार से जानकारी दी।

## पंखे से सिर टकराने पर किशोरी की मौत



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के थाना रबूपुरा क्षेत्र में पंखा से सिर टकराने के कारण एक 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि थाना रबूपुरा क्षेत्र के कानपुर गांव में रहने वाली 14 वर्षीय काजल पुत्री अनिल अपने घर पर सो कर उठी और अचानक विस्तर पर खड़ी हो गई, जिससे उसका सिर छत के पंखे से टकरा गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# जाफराबाद में पत्नी व दो बेटियों की हत्या कर कारोबारी ने की खुदकुशी

- व्यापार में भारी नुकसान हो रहा था, आशंका है कि इसकी वजह से इसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया : पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मृतक के घर के बाहर लोगों की भीड़, इनसेट में फोरेंसिक जांच को पुलिस टीम।

उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके के घर में एक ही परिवार के चार सदस्यों का शव मिलने से हड़कंप मच गया।

इसमें एक युवक, उसकी पत्नी और उसकी दो बेटियां शामिल हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि कपड़ा कारोबारी इसरार ने पहले अपनी पत्नी और दो नाबालिग बेटियों को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया उसके बाद सभी की गोली मारकर हत्या की और उसके बाद खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इसरार के शव के पास से एक पिस्टल मिली है। घटना इलाके के मटका वाली गली की है। सूचना मिलते ही जाफराबाद थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, इसरार के माता-पिता पहली मंजिल पर अपने छोटे बेटे के साथ रहते हैं। बेटे की पत्नी की मौत कुछ दिन पहले ही हुई है। घर की दूसरी मंजिल पर मृतक का परिवार रहता था। रात दो बजे इसरार की फैमिली दावत से आई थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक जींस का कारोबार करता था।

इस कारोबार में उसे भारी नुकसान हो रहा था। आशंका है कि इसकी वजह से इसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। इमारत की चौथी मंजिल पर स्थित एक कमरे में सभी के शव पाए गए। मरने वालों की पहचान इसरार (40 साल), फरहीन (35 साल) और चार और 13 साल के लड़के रूप में हुई है। कारोबारी के दो बेटे हैं जिनकी उम्र क्रमश: चार और 13 साल है। इसरार 4 साल पहले सऊदी अरब से लौटा था, जहां वह घड़ी का कारोबार करता था।

# केंद्रों में बदलाव से कई छात्रों की परीक्षा छूटी

## सीयूईटी प्रवेश परीक्षा

- प्रश्न पत्र को लेकर छात्रों की रही मिली-जुली प्रतिक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सेंटर पर परीक्षा देने के लिए जाते छात्र। फोटो: रंजन डिमरी।

देश और विदेशों में 510 से अधिक शहरों के परीक्षा केंद्रों पर शुक्रवार को शुरू हुई विश्वविद्यालय साझा प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी (स्नातक) के लिए परीक्षा केंद्रों में अंतिम समय में बदलाव किए जाने के कारण कई छात्र इसमें शामिल नहीं हो पाए। सुबह की पाली में दिल्ली के कई केंद्रों पर परीक्षा देने वाले छात्रों ने कहा कि प्रश्न कठिन नहीं थे, लेकिन प्रश्न पत्र थोड़ा लंबा था। परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने वाले विद्यार्थियों में 18 वर्षीय आंचल भी शामिल थीं।

दिल्ली विश्वविद्यालय के नार्थ कैंपस में परीक्षा केंद्र के बाहर खड़ी आंचल ने कहा कि उनका परीक्षा केंद्र पहले द्वारका में था लेकिन जब वह वहां गई तो उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया गया। आंचल ने कहा, मुझे बताया गया कि मेरा परीक्षा केंद्र बदल दिया गया है। वह घबरा गई और समझ नहीं आ रहा था कि क्या करें। दो घंटे की दूरी तय कर नॉर्थ कैंपस पहुंचे, तो बताया गया कि परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने का समय बीत चुका है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें केंद्र परिवर्तन के बारे में पहले से सूचित किया गया था, इस पर आंचल ने कहा, जब उन्हें बताया गया कि यहां मेरा केंद्र नहीं है। वह तब अपना ई-मेल देखा। काश मुझे पहले पता होता कि केंद्र बदल दिया जाएगा तो वह इसे पहले ही देख लेती।

नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पहुंची रितिका के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। हालांकि, वहां पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि उनका नया परीक्षा केंद्र नॉर्थ कैंपस है।

उन्होंने कहा, वह नॉर्थ कैंपस पहुंची, लेकिन समय खत्म होने के कारण उसे प्रवेश नहीं दिया गया। यह गलत है और मेरा पूरा भविष्य अधर में लटक गया है। रितिका ने अन्य विषयों के लिए भी पंजीकरण कराया है। वह यह समझ नहीं पा रही थी कि किस पाठ्यक्रम का चयन करे। इसलिए उसने आज के लिए निर्धारित बीए कार्यक्रम के अलावा राजनीति विज्ञान के लिए भी पंजीकरण कराया था। उसे खुशी है कि वह ऐसा किया। अब मेरे पास प्रवेश पाने का विकल्प है। इस बीच, वी. स्नेहा जिनकी पहले दिन तीन विषयों की परीक्षा थी, परीक्षा केंद्र से बाहर आने पर खुश नजर आईं। स्नेहा ने कहा, परीक्षा अच्छी रही। मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह इतना आसान होगा। लेकिन थोड़ा लंबा था, खासकर गणना वाला भाग। सीयूईटी, सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक में दाखिला के लिए साझा प्रवेश परीक्षा है जो अब देश में दूसरी सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा बन गई है और यह संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई-मुख्य) के नौ लाख के औसत पंजीकरण को पार कर गई है।

## परीक्षा न दे पाए छात्रों को मिलेगा दोबारा मौका



*नई दिल्ली। परीक्षा केंद्रों में बदलाव के कारण पहले दिन स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली विश्वविद्यालईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) नहीं दे पाए हैं। उन्हें अगस्त में सीयूईटी की दूसरे चरण की परीक्षा में एक और मौका दिया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह बात कही है। उधर पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी और पंजाब के पठानकोट में दो केंद्रों पर तकनीकी खामियों के चलते परीक्षा रद्द कर दी गई थी।राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जिन 190 से अधिक अभ्यर्थियों को इन दो केंद्रों पर परीक्षा देनी थी, उन्हें अगस्त में दूसरे चरण में मौका दिया जाएगा। वहीं, जो अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों में बदलाव के कारण सीयूईटी-यूजी की परीक्षा नहीं दे पाए, उन्हें भी एक और अवसर मिलेगा।*

# एडीएम को निलंबित करने की सिफारिश

- एलजी हुए सख्त, गैर कानूनी रूप से जमीन बेचने और हस्तांतरण में अनियमितता का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विजय कुमार सक्सेना

उत्तरी दिल्ली में करोड़ों रुपये की सरकारी जमीन को गैरकानूनी रूप से बेचने और हस्तांतरण के मामले में अनियमितता पाए जाने पर उपराज्यपाल विजय कुमार सक्सेना ने नारजगी जताई है। उन्होंने इस मामले में जुर्माना कार्यवाही करने के लिए मंजूरी दे दी है। साथ ही एडीएम (उत्तर) नितिन जिंदल को निलंबित करने के लिए गृह मंत्रालय से सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्ति को बेचकर राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सक्सेना ने सार्वजनिक व्यवहार में पूरी ईमानदारी और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस को लेकर सख्त हैं। जिंदल पर मार्च 2021 में उत्तरी जिले के ग्राम जिंदपुर स्थित वन विभाग की भूमि को निजी व्यक्तियों को अवैध रूप से हस्तांतरित करने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार सतर्कता निदेशालय ने संबंधित अधिकारी को प्रथम दृष्टया गंभीर भ्रष्टाचार के लिप्त पाया गया है। अधिकारी ने वन विभाग की जमीन के स्वामित्व की जानबूझकर अनदेखी की और वित्तीय आयुक्त के साथ-साथ उच्च न्यायालय के विभिन्न आदेशों की बार-बार अवहेलना की।

सूत्रों ने कहा कि वर्तमान मामला भूमि घोटाले का एक हिस्सा है, जिसके परिणामस्वरूप पहले ही 5 अधिकारियों को निलंबित किया गया है। इसमें एक एडीएम, दो एसडीएम, एक उप-पंजीयक और एक उप सचिव जो दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात हैं।

## जी-20 शिखर सम्मेलन को एनडीएमसी ने कमर कसी

**नई दिल्ली।** जी -20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए नई दिल्ली को तैयार करने के उद्देश्य से नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) ने अपनी 41 सड़कों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए कमर कस ली है।

भारतीय विरासत, संस्कृति, कला और मूर्तिकला पर आधारित भारतीय सौंदर्यशास्त्र इसके प्रमुख तत्व होंगे ।

पालिका केंद्र में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एनडीएमसी सदस्य कुलजीत सिंह ने बताया कि इस संबंध में विस्तृत एजेंडा आइटम संबंधित विभाग द्वारा अगली परिषद की बैठक में योजना, बजटीय प्रावधानों, कार्य के दायरे जैसे मुद्दों के साथ पेश किया जाएगा।

## स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली की सुविधा मिली

नई दिल्ली। राजीव गांधी कैंसर अस्पताल को पहला स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली, एसएसआई-मंत्र मिला है।

चिकित्सा प्रौद्योगिकी की एक स्टार्टअप कंपनी ने बनाया है। इस प्रणाली से मरीजों के लिए रोबोटिक सर्जरी और अधिक सुलभ हो जाएगी। कंपनी के मुताबिक इंद्रप्रस्थ कैंसर सोसाइटी और अनुंसधान केंद्र की दूरदर्शी परियोजना के तहत राजीव गांधी कैंसर संस्थान यह प्रणाली स्थापित की गई है। पहली सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली एसएसआई-मंत्रा स्थापित की है।


### सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राज कुमार/ अमिता देवी/ LBGUR00002077645 | फ्लैट नंबर- 531-जीएफ, ग्राउंड फ्लोर, एक्मे होम्स, एक्मे पोलिस, एनएच-95, लुधियाना-चंडीगढ़ रोड, गांव जंदियाली, लुधियाना/ जुलाई 13, 2022 | अगस्त 31, 2020 रु. 59,51,802/- | दिल्ली/ लुधियाना |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
**दिनांक : जुलाई 16, 2022**
**स्थान : दिल्ली**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**


# व्यापार-भंडारण लाइसेंस फीस बढ़ाने का आप ने किया विरोध

- व्यापारी वर्ग को बर्बाद करने की साजिश बताया

**नई दिल्ली।** भाजपा शासित एमसीडी द्वारा व्यापार और भंडारण लाइसेंस फीस बढ़ाने पर आम आदमी पार्टी ने विरोध जताया है।

एमसीडी प्रभारी व विधायक दुर्गेश पाठक ने भाजपा से इस फैसले को वापस लेने की भी मांग करते हुए कहा कि यह दिल्ली के व्यापारी वर्ग को बर्बाद करने की साजिश के तहत 500 की फीस को बढ़ाकर लगभग एक लाख कर दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को पता है कि दिल्ली में उसकी राजनीति का अंत हो चुका है इसलिए उन्होंने दिल्लीवालों को परेशान करने की कसम खाई है। अब भाजपा ने दिल्ली के छोटे और मध्यम उद्यम वाले, छोटे ट्रेडर्स, छोटी दुकान चलाने वाले और छोटे गोदाम चलाने वालों पर भारी मात्रा में टैक्स लगाने का फैसला किया है।



केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव बूस्टर डोज लगवाते हुए।

# कोरोना संक्रमण के 601 नए मामले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 601 नए मामले सामने आए और संक्रमण की दर 3.64 प्रतिशत दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पिछले एक दिन में कोविड-19 महामारी से किसी की मौत नहीं हुई। राष्ट्रीय राजधानी में अब तक संक्रमण के 19,43,026 मामले सामने आ चुके हैं और 26,289 मरीजों की मौत हो चुकी है। बुलेटिन में कहा गया कि एक दिन पहले 16,499 नमूनों की जांच की गई। दिल्ली में बृहस्पतिवार को संक्रमण के 520 मामले सामने आए थे और एक मरीज की मौत हो गई थी। बुलेटिन में कहा गया कि वर्तमान में दिल्ली में कोविड के 2,010 मरीज उपचाराधीन हैं।

## यूनानी विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग

**नई दिल्ली।** राजधानी में शुक्रवार को आयोजित की गई ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की बैठक में एक बार फिर से यूनानी विश्वविद्यालय की स्थापना करने की मांग की गई।

प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ने कहा कि आयुष मंत्रालय की मदद से यूनानी पैथी का ग्लोबलाइजेशन हो रहा है इस के लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी है। हालांकि यूनानी विश्वविद्यालय की स्थापना यथा शीघ्र की जानी चाहिए ताकि यूनानी पैथी में पीएचडी और पीजी डिप्लोमा एवं अन्य उच्च स्तरीय कोर्स संभव हो सकें। बैठक में भाग लेने वालों का डॉ. सैयद अहमद खां ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बिजली, पानी, सीवर पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बिजली की बढ़ती दरों पानी और सीवर के विकास शुल्क में बढ़ोतरी करने को लेकर विपक्ष ने दिल्ली की केजरीवाल सरकार को घेरते हुए विरोध जताया है।

बिजली की दरों की बढ़ोतरी पर कांग्रेस ने सीएम आवास का घेराव करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वहीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बिजली के साथ-साथ पानी और सीवर के कनेक्शन के लिए विकास शुल्क में भी भारी बढ़ोतरी पर सरकार को आड़े हाथों लिया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को भारी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली की बढ़ती दरों के खिलाफ और बिजली कम्पनियों के खातों का सीएजी द्वारा ऑडिट कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के सिविल लाईन्स स्थित निवास का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम दिल्ली सरकार और बिजली कम्पनियों की सांठगांठ में चल रहे बिजली के खेल को उजागर करने के लिए यहां आए है।


### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228 ए. एजेसी बोस रोड, कोलकाता – 700 020
सीआईएन : एल65190जीजे1994पीएलसी021012 www.icibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतदद्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।


| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | i) मुकुट रायचौधरी/सोभा रायचौधरी/ रूपक रायचौधरी/इंद्राणी भट्टाचारजी/ ii) एससीआर 3 यूनिट 3 खारवेल नगर भुवनेश्वर उड़ीसा, भुवनेश्वर -751001 ii) एससीआर 3 यूनिट 5 खारवेल नगर भुवनेश्वर उड़ीसा, भुवनेश्वर -751001, iii) एससीआर 3 यूनिट 5 खारवेल नगर भुवनेश्वर उड़ीसा, भुवनेश्वर -751001, iv) एससीआर 3 यूनिट 6 खारवेल नगर भुवनेश्वर उड़ीसा, भुवनेश्वर -751001, v) एससीआर 3 यूनिट 7 खारवेल नगर भुवनेश्वर उड़ीसा, भुवनेश्वर -751001, vi) एससीआर 3 यूनिट 8 खारवेल नगर भुवनेश्वर उड़ीसा, भुवनेश्वर -751001, vii) एससीआर 3 यूनिट 4 खारवेल नगर भुवनेश्वर उड़ीसा, भुवनेश्वर -751001/ एलबीबीबीएस00003869761/ एलबीबीबीएस00003869777/ एलबीबीबीएस00004424646 | प्लॉट नंबर 3 (एससीआर), 116, यूनिट-3, खाता नंबर - 367, मौजा खारवेल नगर- I, उड़ीसा, भुवनेश्वर (क्षेत्रफल परिमाप 2700 वर्ग फीट तथा 0.060 डीईसी.) | 08-06-2022 रू. 2,47,64,248.64/- | 05-04-2022 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
16 जुलाई, 2022
स्थान : दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# सिर्फ डिग्री न दें, छात्रों का सर्वांगीण विकास करें विश्वविद्यालय

- उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी में अभिव्यक्ति सभागार का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




शिक्षा किसी संस्थान के चारदीवारी तक सीमित नहीं रह सकती, इसका बाहर आकर, इसका संस्कृति साहित्य और कला के जरिए समाज से जुड़े रहना जरूरी है।

इस विजन पर काम करते हुए दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी सम्यक संवाद की शुरुआत की है। इसके माध्यम से शिक्षा को समाज से जोड़ने का काम कर रही है। यूनिवर्सिटी द्वारा इसमें कलाकारों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों व अन्य विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को जोड़ा है। शुक्रवार को यूनिवर्सिटी द्वारा सम्यक संवाद के तहत पहले कार्यक्रम कवियित्री सम्मलेन का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य-अतिथि शामिल हुए और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा नवनिर्मित अभिव्यक्ति सभागार का उद्घाटन भी किया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि एक यूनिवर्सिटी के लिए अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीन विकास के लिए बेहतर वातावरण होना बेहद जरुरी है। इसलिए विश्वविद्यालयों का लक्ष्य डिग्री देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए वातावरण तैयार करना चाहिए। सम्यक संवाद जैसे सामुदायिक जुड़ाव के कार्यक्रम ऐसा माहौल बनाने में मदद करते हैं और यह बहुत अच्छी बात है कि दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी ने इस अनूठे पहल की शुरुआत की है जहां संवाद व अन्य माध्यम से आस-पास की कम्युनिटी को संस्कृतित, साहित्य और कला के माध्यम से शिक्षा से जोड़ने का काम किया जाएगा।

सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी, टीचर्स एजुकेशन के क्षेत्र में शानदार मानक स्थापित करने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विजन का परिणाम है। इस विश्वविद्यालय को बनाने का मकसद डिग्रियां देने की फैक्ट्री तैयार नहीं करना है बल्कि इस यूनिवर्सिटी के माध्यम से टीचर एजुकेशन के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करना है जहां से भविष्य के लिए हमारे स्कूलों के लिए विश्वस्तरीय टीचर्स तैयार हो सकें।


### महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड — कब्जा सूचना

Mahindra HOME FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400 018, भारत, फोन : +91 22 66523500, फैक्स : +91 22 24972741
आंचलिक कार्यालय : एलडीए कालोनी, बी-2/बी-70, कानपुर रोड, निकट फीनिक्स मॉल, लखनऊ
शाखा कार्यालय : तृतीय तल, 139-141, मंगल पांडे नगर, सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002

(अचल सम्पत्ति के लिए) (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के अधीन)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है), जिसका पंजीकृत कार्यालय लखनऊ में और शाखा कार्यालय मुरादाबाद, मेरठ, आगरा में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन आप कर्जदारों (नाम और पता नीचे वर्णित) को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उक्त सूचना में वर्णित बकाया राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।
उपरिवर्णित कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा उपरिवर्णित कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्ति का कब्जा इस 7 तारीख को ले लिया है।
विशेष रूप से कर्जदारों को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (एलसी नंबर 813746 मुरादाबाद शाखा) राजू (कर्जदार) मीनाक्षी (गारंटर) | खसरा नंबर 729/2 का भाग, वाके मोहल्ला सूर्यनगर, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश- 244001 पूरब : प्लॉट क्रेतागण, पश्चिम : मकान राजकुमार, उत्तर : प्लॉट दीगर शख्स, दक्षिण : रास्ता 14 14 0". | 23-02-2022 रू. 7,16,871/- | 14-07-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 2. | (एलसी नंबर 689271 मेरठ शाखा) ममता देवी (कर्जदार) निगम सिंह (सह-कर्जदार) शकील अहमद (गारंटर) | खसरा नंबर 690/1, कुलेसरा परगना दादरी तहसील सदर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, मेरठ-245301 पूरब : बिजेन्दर का प्लॉट, पश्चिम : रोशन मलिक का प्लॉट, उत्तर : विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण : 15 फीट रोड | 23-02-2022 रू. 8,88,291/- | 13-07-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 3. | (एलसी नंबर 966460 आगरा शाखा) सुनील कुमार (कर्जदार) ममता (सह-कर्जदार) मुन्नी (सह-कर्जदार) | प्लॉट नंबर 52, गाटा नंबर 2026, नगला लालदास, मौजा राइभा, तहसील किरावली, आगरा, उत्तर प्रदेश-283101 पूरब : ओम प्रकाश की भूमि, पश्चिम : 15 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर : महेन्द्र का मकान, दक्षिण : विक्रेता खुला क्षेत्र | 13-08-2021 रू. 9,76,994/- | 12-07-2022 सांकेतिक कब्जा |

स्थान : दिल्ली, आगरा, मेरठ, तिथि : 16-07-2022 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# पौधागिरी अभियान : एक लाख पौधे के लक्ष्य के साथ अगले सप्ताह से शुरू

### पौधागिरी अभियान को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों की ली बैठक

### विद्यालयों को वन विभाग की नर्सरियों से उपलब्ध करवाए जाएंगे पौधे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** में प्राकृतिक सुंदरता को निखारने तथा वातावरण को स्वच्छ व निर्मल बनाने के लिए जिला के राजकीय विद्यालयों में अगले सप्ताह से पौधागिरी अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस मुहिम के तहत जिला में स्कूली विद्यार्थियों को एक लाख पौधे वितरित करते हुए पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा कार्य योजना बनाते हुए काम शुरू कर दिया गया है। पौधागिरी अभियान को लेकर शुक्रवार को यहां उपायुक्त निशांत



गुरुग्राम में पौधागिरी अभियान को लेकर बैठक लेते उपायुक्त।

कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिला में पहली कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के 573 राजकीय विद्यालय हैं, जिनमें लगभग एक लाख 40 हजार विद्यार्थी शिक्षारत हैं।

उपायुक्त ने कहा कि मानूसन का समय पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय है। ऐसे में इस अभियान से तहत जिला के सभी राजकीय विद्यालयों में कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार उन्हें वन विभाग द्वारा पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे ताकि बच्चे पौधारोपण करें और पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे विद्यालयों तथा वहां अध्यापन कर रहे बच्चों की सूची वन विभाग को उपलब्ध करवाएं, ताकि उन्हें आवश्यकता अनुरूप पौधे उपलब्ध करवाए जा सके।

**इस वर्ष वन विभाग लगाएगा साढ़े चार लाख पौधे :** बैठक में उपस्थित मंडल वन अधिकारी राजीव तेजयान ने बताया कि जिला में वर्तमान में वन विभाग की 6 नर्सरी हैं, जोकि सेक्टर-38, सेक्टर-52, गढ़ी नत्थेखां, सोहना के रायपुर, हेलीमंडी तथा गुरुग्राम रेंज में हैं। इन नर्सरियों में विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार किए गए हैं, जिनके वितरण का कार्य भी शुरू हो चुका है। गुरुग्राम में वन मंडल की तीन रेंज है, जोकि गुरुग्राम, सोहना व हेलीमंडी में है। जिला में ग्राम पंचायतों, सरकारी संस्थाओं सहित अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आवश्यकता अनुरूप पौधे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

इस वर्ष वन विभाग लगाएगा साढ़े चार लाख पौधे

बैठक में उपस्थित मंडल वन अधिकारी राजीव तेजयान ने बताया कि जिला में वर्तमान में वन विभाग की 6 नर्सरी हैं, जोकि सेक्टर-38, सेक्टर-52, गढ़ी नत्थेखां, सोहना के रायपुर, हेलीमंडी तथा गुरुग्राम रेंज में हैं। इन नर्सरियों में विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार किए गए हैं, जिनके वितरण का कार्य भी शुरू हो चुका है। गुरुग्राम में वन मंडल की तीन रेंज है, जोकि गुरुग्राम, सोहना व हेलीमंडी में है। जिला में ग्राम पंचायतों, सरकारी संस्थाओं सहित अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आवश्यकता अनुरूप पौधे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

# कांवड़ियों को हरिद्वार जाने से पहले पुलिस को देनी होगी सूचना

### उत्तराखंड सरकार के कड़े सुरक्षा नियमों की पालना पर ही कांवड़िए ला सकेंगे गंगाजल


> **शहरी** थाना क्षेत्र में आने वाले गांव व शहर के अंदर पुलिस राइडर, ईवीआर, वार्ड पार्षद के माध्यम से कावड़ियों को सूचित किया जा रहा है।
>
> **उमेश कुमार**
> **( शहर थाना प्रभारी )**

**सोहना।** उत्तराखंड के हरिद्वार व गंगौत्री से कावड लेने जाने वाले शिव भक्तों को स्थानीय पुलिस थानों में जानकारी देनी होगी। कांवड़ियों को साथ लेकर जाने वाले वाहन, मोबाइल फोन और अपने साथियों का भी नाम दर्ज कराना होगा। इस वर्ष उत्तराखंड सरकार के कड़े सुरक्षा नियमों की पालना करने पर ही हरिद्वार व गंगौत्री से कावड़िएं गंगाजल ला सकेंगे।

कावड़ियों को जाने से पहले उत्तराखंड सरकार की बेवसाइट पर अपना पंजीकरण कराना होगा। इसके साथ प्रदेश सरकार ने भी कांवड लेने जाने वाले शिव भक्तों को अपने जाने की तिथि के साथ-साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, साथ लेकर जाने वाले वाहन का नंबर तथा मोबाइल फोन नंबर की जानकारी स्थानीय पुलिस थाने में दर्ज करानी होगी। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि कांवड़िए को नंबरदार, चौकीदार व पूर्व सरपंच के माध्यम से अपनी यह सूचना पुलिस थाना-चौकी में देनी होगी। जिसके लिए ग्रामीणों को गांव में मुनादी कराने के साथ नंबरदार, चौकीदार और पुलिस के द्वारा सूचित किया जा रहा है।

**40 कांवड़ियों ने दी सूचना :** अभी तक सोहना सदर व शहरी थाना में हरिद्वार से कांवड लेने जाने वाले नागरिकों ने नंबरदार के माध्यम से पुलिस को सूचित किया है। सदर थाना क्षेत्र के अंर्तगत आने वाले 37 गांवों में से 39 ने अपनी जानकारी पुलिस को दी है। जबकि शहर थाना क्षेत्र के अंदर एक मात्र शिव भक्त ने कांवड़ लाने की जानकारी दर्ज कराई है।

# सौ करोड़ रुपये किराया बकाया होने पर किंगडम ऑफ ड्रीम्स सील



गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित किंगडम ऑफ ड्रीम्स।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने लगाई सील

**हरियाणा** शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के 100 करोड़ रुपये बकाया होने पर यहां सेक्टर-29 स्थित किंगडम ऑफ ड्रीम्स (केओडी) को सील कर दिया गया। पिछले कई वर्षों से केओडी प्रबंधन की ओर से एचएसवीपी में किराया जमा नहीं किया जा रहा था। लीज पर ली गई इस जमीन पर बने आलीशान महलनुमा किंगडम ऑफ ड्रीम्स पर आखिरकार सरकार का ताला लग गया।

गुरुग्राम में किंगडम ऑफ ड्रीम्स को एक बेहतरीन और आलीशान जगह के तौर पर देखा जाता है। यह पर्यटन के रूप में विकसित किया गया था। किंगडम ड्रीम्स के संचालक गगन शर्मा और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के बीच 1998 में लीज हुई थी। वर्ष 2008 में किंगडम ऑफ ड्रीम्स बनकर तैयार हो गया था। इसी साल 2008 से ही रेंट के रूप में 34 लाख रुपये हर महीने एचएसवीपी में केओडी की तरफ से जमा कराने थे। करीब छह एकड़ जमीन पर केओडी बना है। मनोरंजन के साथ राजनीतिक, सामाजिक कार्यक्रमों के लिए किंगडम ऑफ ड्रीम्स पहली पसंद रहा है। यहां पर अलग-अलग राज्यों की कला एवं संस्कृतियों को दिखाती यहां की कल्चरल गली, खानपान के स्टॉल्स के साथ यहां का भव्य थियेटर देशी-विदेशी लोगों की पहली पसंद बन चुका था। होटलों में होने वाले राजनीतिक, सामाजिक, फिल्मी कार्यक्रम कराने के लिए आयोजक केओडी को ही प्राथमिकता देते थे। यहां पर रोजाना होने वाले लाइव शो हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते थे। फिल्मी दुनिया के बड़े सितारे यहां पर अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। फिल्मों की लॉन्चिंग, अल्बम की लॉन्चिंग, बड़े सम्मेलन समेत निजी क्षेत्र के लगभग हर कार्यक्रम दिल्ली की बजाय आयोजक यहीं पर ज्यादा कराते थे। अब यह सब बीते जमाने की बात हो गई है। कभी रंगीन रोशनी से नहाया रहने वाले गोल्डन रंग के किंगडम ऑफ ड्रीम्स की चमक अब फीकी पड़ चुकी है। वैसे तो कोरोना से पहले ही इसके संचालन में काफी दिक्कतें आ रही थी, लेकिन कोरोना के बाद तो केओडी पर ग्रहण सा लग गया।

# घरों पर तिरंगे का डेरा सच्चा सौदा का निर्णय सराहनीय

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### देश के हर नागरिक के दिल में होनी चाहिए देशभक्ति व तिरंगे का सम्मान

**डेरा** सच्चा सौदा प्रमुख गुरुजी संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह द्वारा देश-दुनियाभर में रह रहे डेरा श्रद्धालुओं को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के कार्य की सराहना करते हुए हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एवं सादर इंडिया सोसायटी के अध्यक्ष शील मधुर ने इसे राष्ट्र के सम्मान में अच्छा कदम बताया है।

श्रीमधुर स्वयं भी भारत का राष्ट्रीय ध्वज दिवस 22 जुलाई को घोषित करने की लगातार सरकार से मांग कर रहे हैं। ध्वजारोहण के लिए वे भ्रमण करते हुए जनता को जागरुक कर रहे हैं। पूर्व डीजीपी शील मधुर ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा ने जो ये इनिशियेटिव लिया है, यह बहुत अच्छा है। उन्होंने डेरा सच्चा सौदा से जुड़े छह करोड़ भक्तों के घरों पर तिरंगा लहराने के निर्णय को बहुत बड़ा कदम है। श्रीमधुर ने कहा कि अगर देश है तो हम हैं। वे स्वयं तिरंगे के सम्मान के लिए पिछले डेढ़ साल से इसके लिए प्रयासरत हैं। देशभक्ति की भावना देश के हर नागरिक में होनी चाहिए। अन्य संस्थाओं से भी



सेवानिवृत डीजीपी शील मधुर।

अनुरोध है कि वे भी इस तरह का निर्णय लेकर देशभक्ति के मार्ग पर चलें। पूरा देश देशभक्ति के मार्ग पर चले, यही हम सबका प्रयास है।

पूर्व डीजीपी ने यह भी कहा कि हमें तिरंगा लहराने के साथ तिरंगे का सम्मान भी रखना है। नियमों के मुताबिक हमें काम करना है। प्लास्टिक की बजाय अब कपड़े का झंडा लगाएं तो वह काफी समय तक चल सकता है। उन्होंने भी आह्वान किया है कि अपने घरों की छतों पर, बालकनी पर झंडा लगाएं। अगर ऐसा नहीं कर सकते हैं तो कम से कम अपने घर के भीतर जरूर तिरंगा रखें, ताकि घर में आने वाले मेहमानों को भी उससे प्रेरणा मिले और वे अपने घरों में भी तिरंगा लगाएं। उनका कहना है कि उन्होंने तिरंगा सेना गठित करके हरियाणा में जनजागरण अभियान शुरू किया है। बारी-बारी शहरों, गांवों में जाकर लोगों को इस बारे में जागरुक कर रहे हैं। तिरंगे का इतिहास भी लोगों को बताया जा रहा है, ताकि हमारी पीढ़ियां सिर्फ तीन रंग के झंडे तक ही सीमित ना रहे। तिरंगे के बारे में उन्हें सारी जानकारी होनी चाहिए।

# हमें नया कौशल विकसित करने को हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए : प्रो. टंकेश्वर

### विश्व युवा कौशल दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में मानवी और खुशी रही प्रथम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विवि के 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हमें नया कौशल विकसित करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। युवा शक्ति अपने सामर्थ्य से राष्ट्रीय विकास में प्रभावी योगदान दे सकती है। विवि के ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के



गुरुग्राम विवि में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विजेता छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता की थीम स्वरोजगार से आत्मनिर्भर भारत की ओर रही।

इस अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य अतिथि और प्रतिमा मनचंदा सह प्रान्त कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति ने विशिष्ट अतिथि एवं जीयू के कुलसचिव राजीव कुमार सिंह ने संरक्षक के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्वरोजगार से आत्मनिर्भर भारत की और विषय पर प्रेरणादायक पोस्टर बनाकर सबके मन को जीत लिया।

प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. सुभाष कुंडू, डॉ. सीमा महलावत, प्रो. नीरा वर्मा रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दिया (एम्एससी) ने प्रथम, काजल फोगाट (एम.ए) ने दूसरा, सपना (एमएससी) और दीपिका (बी.फार्मा) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में मानवी (एमबीए) और खुशी मित्तल (बी. फार्मा) ने प्रथम, कुलदीप (एलएलबी) और सुधांशु (एमए जेएमसी) ने दूसरा, करिश्मा (एम्एससी) और मैनु (बी फार्मा) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को नकद राशि देकर सम्मानित भी किया।

# भिंडरावाला के फोटो, पोस्टर लगाने वालों की गाड़ियों को जब्त कर दर्ज हो देशद्रोह का केस

### एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के अध्यक्ष ने दिया सीपी कला रामचंद्रन को ज्ञापन

### सीपी ने कहा, किसी कीमत पर जिला का माहौल खराब करने की इजाजत नहीं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**देश** में खालिस्तान मुहिम व जरनैल सिंह भिंडरावाला के हो रहे प्रचार के खिलाफ मुखर होकर इन देश विरोधी गतिविधियों का विरोध कर रहे एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य शुक्रवार को प्रदेश व्यापी मुहिम के तहत गुरुग्राम पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

शांडिल्य ने दिए ज्ञापन में सीपी कला रामचंद्रन को बताया कि एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया देश को तोड़ने



गुरुग्राम की सीपी कला रामचन्द्रन को ज्ञापन सौंपते वीरेश शांडिल्य।

वालों के खिलाफ व संविधान व तिरंगा विरोधी कट्टरपंथियों के खिलाफ हरियाणा के हर जिला के उच्च पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन दे रहा है। वीरेश शांडिल्य ने पुलिस कमिश्नर गुरुग्राम को दिए ज्ञापन में कहा कि गुरुग्राम पुलिस खालिस्तानी मुहिम को रोकने के आदेश दें और जरनैल सिंह भिंडरावाला का साहित्य बेचने वालों, गाड़ियों पर भिंडरावाला के झंडे, स्टीकर लगाने वालों के खिलाफ गाड़ी इम्पाउंड कर देशद्रोह का मामला आरोपी के खिलाफ दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा ब्लू स्टार ऑपरेशन में भारतीय सेना द्वारा मारे गए जरनैल सिंह भिंडरावाला का प्रचार करने वालों को सख्ती से निपटा जाए व देशद्रोह के मामले दर्ज कर जेल में भेजा जाए।

शांडिल्य ने ज्ञापन में यह भी कहा कि गुरुग्राम जिला दिल्ली व राजस्थान से सटा है। राजस्थान पंजाब से सटा हुआ है तो खालिस्तान समर्थक हरियाणा का माहौल खराब करने की साजिश रच सकते हैं। इसलिए बॉर्डर पर स्थाई नाके लगाए जाएं और पुलिस को ऐसे देश विरोधी तत्वों के खिलाफ ताकत दी जाए। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि पंजाब के बाद अब खालिस्तान सोच के लोग हरियाणा का माहौल खराब कर रहे हैं। हरियाणा पंजाब व हिमाचल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश की सीमाओं से लगता है। अब तो एक सांसद भी खालिस्तानी सोच वाला सिमरनजीत सिंह मान बन गया है, जो खालिस्तान मांगता है और देश को तोड़ने की बात करता है। शांडिल्य ने कहा खालिस्तान को बढ़ावा देने में सिख फॉर जस्टिस का आतंकवादी गुरपत्वंत सिंह पन्नू भी विदेश में बैठकर हरियाणा का माहौल खराब करने की साजिश रच रहा है। ऐसे में पुलिस को किसी अप्रिय घटना से पहले सचेत होना होगा।

पुलिस कमिश्नर कला रामचंद्रन ने कहा कि जो एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया का खालिस्तानी गतिविधियों बारे ज्ञापन मिला है। पुलिस इन गतिविधियों को गहनता से देख रही है। पुलिस व तमाम सीआईडी इस मुहिम को लेकर चौकस है और किसी कीमत पर किसी को भी जिला का माहौल खराब करने की व संविधान को खंडित करने की इजाजत नहीं दी जायेगी।

# कॉइनस्विच, स्टार्टअप कर्नाटक ने ब्लॉकचेन हैकाथन, बिल्डिंग फ्यूचर सिटीज की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### हैकाथन को सिकोइया इंडिया का भी समर्थन

**कर्नाटक** सरकार की पहल स्टार्टअप कर्नाटक और दक्षिणी बेंगलुरू से सांसद तेजस्वी सूर्या के सहयोग से भारत का प्रमुख क्रिप्टो निवेश ऐप, कॉइनस्विच एक ब्लॉकचेन हैकाथन, बिल्डिंग फ्यूचर सिटीज का आयोजन कर रहा है। इस हैकाथन का मकसद भारत के 1.2 बिलियन लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं का ब्लॉकचेन-आधारित समाधान खोजना और उसे प्रोत्साहित करना है। इस हैकाथन को सिकोइया इंडिया का भी समर्थन प्राप्त है।

स्मार्ट सिटी, डिजिटल गवर्नेंस और सप्लाई चेन के विषयों पर केंद्रित, बिल्डिंग फ्यूचर सिटीज (भविष्य के शहरों का निर्माण) हैकाथन का उद्देश्य भारत के अनुरूप और अनुकूलित एक Webx इनोवेशन साइकिल की शुरुआत करना है। हैकाथन प्रतिभागियों को स्मार्ट मोबिलिटी, एनर्जी क्रेडिट और ट्रेडिंग, विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन, सुरक्षित डिजिटल पहचान और प्रमाणपत्र प्रबंधन, कुशल और पारदर्शी वैक्सीन वितरण, कृषि आपूर्ति और सप्लाई चेन प्रबंधन पर ध्यान देने के साथ एक ब्लॉकचेन-संचालित भारत की कल्पना करने का मौका देगा। विजेताओं को तीन लाख रुपये की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। हैकाथन के लिए कुल पुरस्कार की राशि 6 लाख रुपये रखी गई है। प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से या अधिकतम चार सदस्यों की टीम में प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। उच्चतर शिक्षा, आईटी ऐंड बीटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, उद्यमिता और आजीविका मंत्री, डॉ. अश्वथनारायण सी. एन. ने कहा कि, कर्नाटक डिजिटल इंडिया का अग्रदूत है। इस राज्य का सरकार और उद्यमियों के बीच घनिष्ठ सहयोग का शानदार इतिहास है। यह हैकाथन कर्नाटक को इस सफलता की कहानी को तकनीकी के अगले मोर्चे-ब्लॉकचेन तक ले जाने में सक्षम बनाता है और युवा इनोवेटर्स को।

## संक्षिप्त समाचार

### डोर टू डोर कूड़ा उठाने पर हर माह नप खर्चेगी 24, 35000

**सोहना।** नगर परिषद सभी 21 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने पर हर माह 24 लाख 35 हजार रुपये खर्च करेगी। जिसके लिए पूजा कंश्यूलेशन एजेंसी को एक वर्ष का ठेका दे दिया है। एजेंसी हर दिन कूड़े को डिस्पोजल करेगी। नगर परिषद ने एक बार फिर परिषद के सभी 21 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी पूजा कंश्यूलेशन एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी है। नगर परिषद एजेंसी को हर माह डोर टू डोर कूड़ा उठाने पर 24 लाख 35 हजार रुपये देगी। परिषद ने एजेंसी को नये नियमों के तहत यह ठेका एक वर्ष के लिए दिया है। एजेंसी को कूड़े की समय पर सफाई न होने पर लगने वाले जुर्माना समेत 50 से 60 शर्तों की पालना करने ही ठेका दिया है। जिसमें ठेकेदार के हर दिन 81 कर्मचारी कूड़ा उठाने से लेकर उसका डिस्पोजल करने के कार्य में जुटे रहेंगे। परिषद के सभी 21 वार्डों में एजेंसी मालिक ने कूड़ा उठाने और उसका हर दिन डिस्पोज कराने में 53 उपकरण का उपयोग करने का दावा किया है। जिसमें 30 हाथ की रेहड़ी, जिन्हे तंग गलियां में रहने वाले प्रत्येक घर से कर्मचारी कूड़ा लेकर आएगा। 18 टिप्पर मशीन (छोटा हाथी वाहन), 5 ट्रैक्टर-ट्राली तथा दो जेसीबी कूड़ा भरने में उपयोग होगी। कूड़ा उठाने वाली एजेंसी को एनजीटी व सीपीसीबी के नियमों की पालना करनी होगी। नियमों पर खरा न उतरने पर एजेंसी जुर्माना की हकदार होगी। एजेंसी कूड़ा ढेर लगाने की बजाय हर दिन उसका डिस्पोज करेगी।


### नालों से अतिक्रमण हटा, पीडब्ल्यूडी ने कराई सफाई

**सोहना।** लोक निर्माण विभाग ने शहर क्षेत्र में एलिवेटेड मार्ग समेत नूंह जाने वाले मार्ग के साथ बनें बरसाती नालों की सफाई कराई। नालों के ऊपर हो रहा अवैध अतिक्रमण का भी सफाया किया। शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग ने एक तीर से दो शिकार किए। गुरुग्राम से आ रहा ऐलिवेटेड मार्ग और दमदमा मोड़ से नूंह जाने वाले राष्ट्रीय मार्ग 248ए के साथ-साथ बना बरसाती नालों में जमा कूड़े-कचरे का जेसीबी चलाकर सफाया किया। नाले में रेहड़ी मालिकों से लेकर ढाबा, जूस तथा ऑटो मोबाइल के खुले वर्कशॉप संचालकों द्वारा बरसाती नाले में कूड़ा-कचरा डालकर बंद किया हुआ था। जिससे नाले गिला व सूखा कचरा भरा हुआ था। कही-कही पर कचरे से दलदल बनी हुई थी। नालों में कचरा जमा होने से बरसात के मौसम में पानी का सही ढंग से निकास नहीं हो पा रहा था। जिससे सड़क के साथ-साथ जलभराव होने से आम नागरिकों से लेकर वाहना चालकों को परेशानियां हो रही थी। राष्ट्रीय मार्ग 248ए के साथ-साथ दमदमा मोड़ से लेकर गांव रायपुर तक करीब तीन किलोमीटर की लंबाई में सड़क के दोनों तरफ बनें बरसाती नालों पर छोटे दुकानदारों से लेकर ढाबा, ऑटो मैकेनिक वालों ने अतिक्रमण किया हुआ था। नाला सफाई के दौरान बीएण्डआर विभाग ने अतिक्रमण का भी सफाया कर दिया। जिससे सड़क किनारे जलभराव की संभावनाओं को समाप्त कर दिया है। राष्ट्रीय मार्ग के साथ-साथ बना सर्विस रोड का जल्द ही सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सर्विस रोड पर हो रहा अतिक्रमण का सफाया किया जाएगा।

### दिव्यागों के लिए कृत्रिम अंगों का लगाया जाएगा शिविर

**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन में आगामी 19 से 23 जुलाई तक दिव्यांगों के सहायक उपकरणों की जांच-माप के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। पांच स्थानों पर लगने वाले इन शिविरों का अधिक से अधिक दिव्यांग लाभ उठाएं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि इस शिविर में किसी भी श्रेणी के दिव्यांग हिस्सा ले सकते हैं। पहला शिविर 19 व 20 जुलाई को रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम में, दूसरा 21 को श्याम उद्योग परिसर, भांगरौला रोड मानेसर में, तीसरा 22 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी में और चौथा शिविर 23 जुलाई को पटौदी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लगाया जाएगा। कृत्रिम अंगों के लिए सभी दिव्यांगों की बारीकी से जांच की जाएगी। जांच उपरांत उन्हें माप कर कृत्रिम उपकरण दिए जाएंगे। व्हील चेयर, कान की मशीन, तिपहिया साइकिल, बैसाखी आदि उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। यह कैंप निःशुल्क रहेगा। सचिव विकास कुमार ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक दिव्यांगों को इस शिविर तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि उन्हें सुविधाएं दी जा सकें। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी सदा ही समाजहित में कार्यरत रहती है। वरिष्ठ नागरिक अपनी उम्र का प्रमाण 60 साल, आय प्रमाण (15 हजार प्रति माह से कम हो), या बीपीएल श्रेणी का हो, पासपोर्ट साइज फोटो भी पंजीकरण के लिए रेडक्रॉस कार्यालय में साथ लेकर आएं। दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज के फोटो लाएं।

### उदयबीर बने भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



**गुरुग्राम।** लम्बे समय से पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के साथ भारतीय जनता पार्टी के लिए सक्रियता से काम कर रहे कमांडर उदयबीर को भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़, भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल राजेंद्र सुहाग और पर्यावरण संरक्षण विभाग प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल का धन्यवाद किया है। भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त कमांडर उदयबीर यादव सेक्टर-10ए में दूसरे कार्यकाल से रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में समाज सेवा में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। उसके साथ-साथ वह अन्य संस्थाओं से भी जुड़े हैं। वर्ष 2007 में स्वेच्छा से रिटायरमेंट लेने के बाद उदयबीर यादव पूरी तरह समाज सेवा में जुट गए। कमांडर उदयबीर यादव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कार्यशैली से प्रभावित हैं, इसलिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में आस्था जताई। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बधाई देते हुए पार्टी में कमांडर उदयबीर का स्वागत किया है। भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ हरियाणा के सदस्य बाली पंडित, जिला-सह संयोजक ईशु वाल्मीकि, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा भाजपा गुरुग्राम जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल, कमल शर्मा, राजेश बंसल, विहिप अध्यक्ष लोकेश नारंग, रिषी अग्रवाल, सुधीर कलसन, विजयपाल यादव, मनीष सौदा, श्रीराम वेल्फेयर सोसायटी के संस्थापक पंकज पाठक, योगेश शर्मा, एडवोकेट जय बक्शी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें बधाई दी।

### एनसीआर मीडिया क्लब ने पूनम वशिष्ठ के निधन पर शोक व्यक्त किया

**गुरुग्राम।** एनसीआर मीडिया क्लब ने वरिष्ठ पत्रकार नीरज वशिष्ठ की धर्मपत्नी पूनम वशिष्ठ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। क्लब ने एक बैठक करके पूनम वशिष्ठ को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने न्यू कालोनी के गीता भवन में आयोजित उनकी रस्म पगड़ी में भी शामिल होकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। गौरतलब है कि वरिष्ठ पत्रकार नीरज वशिष्ठ की धर्मपत्नी पूनम वशिष्ठ का गत 5 जुलाई को बीमारी के चलते स्वर्गवास हो गया था। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आहुत बैठक में एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा ने कहा कि क्लब, शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। भगवान से प्रार्थना करता है कि वह शोक संतप्त परिवार को यह अपार दुख सहने की शक्ति दे। एनसीआर मीडिया क्लब के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रदीप डबास ने कहा कि पूनम वशिष्ठ का निधन वशिष्ठ परिवार के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। महासचिव नवीन धमीजा ने कहा कि क्लब की संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। पूनम वशिष्ठ के निधन पर क्लब की वाइस प्रेसिडेंट सरोज अग्रवाल, ट्रेजरर राज वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मनीष राज मासूम, डॉ. अल्पना सुहासिनी समेत संजय मेहरा, महेश शर्मा, धर्मवीर शर्मा, अरविंद सैनी, पवन नरवाल, तरुण झा, सीमा गिल, आयशा हनफी, सीमा सैनी, रेनू कैलाश, संजीव सैनी, हनु सैनी, कासिम खान, प्रियंका सरकार, नरेश शर्मा और प्रेमचंद पालमी समेत अनेक पत्रकारों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# सोसायटी को पॉलीथिन मुक्त बनाने की नई पहल

कविता। फरीदाबाद

**पॉलीथिन** बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक की आयटमों की वजह से पर्यावरण पर लगातार बुरा असर पड़ रहा है। जिसे लेकर केंद्र सरकार ने पॉलीथिन बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक की 19 तरह की आयटमों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। जिला प्रशासन द्वारा इस मामले में लोगों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा है। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित पार्क एलिट सोसायटी ने सरकार के इस फैसले का समर्थन करते हुए पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पॉलीथिन बैग का इस्तेमाल न करने का फैसला लिया है।

**पॉलीथिन मुक्त सोसायटी :** पार्क एलिट

## पार्क एलिट प्रीमियम सोसायटी की आरडब्ल्यूए ने बांटे कपड़े के बैग

सोसायटी की आरडब्ल्यूए द्वारा पॉलीथिन बैग के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए कई तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके तहत प्रतिबंध लगाने से पहले ही आरडब्ल्युए के पदाधिकारियों ने सोसायटी में स्थित दुकानदारों को जागरूक करना शुरू कर दिया था। आरडब्ल्यूए ने दुकानदारों को पॉलीथिन बैग की जगह सूती कपड़े के बैग का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया था। आरडब्ल्यूए के अनुरोध पर दुकानदारों ने पॉलीथिन बैग रखने बिल्कुल बंद दिये हैं।



पॉलीथिन मुक्ति के लिए गेट पर रखे कपड़े के बैग के बॉक्स संग आरडब्ल्यूए के सदस्य।

**आरडब्ल्यूए की नई पहल :** आरडब्ल्यूए का मानना है कि लंबे समय से पॉलीथिन बैग का इस्तेमाल करने की वजह से लोगों ने कपड़े के बैग रखने बिल्कुल बंद कर दिये हैं। पॉलीथिन की वजह से बाजार में बैग लेकर जाने की लोगों की आदत भी अब नहीं रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आरडब्ल्यूए द्वारा फिलहाल 500 कपड़े के बैग बनवाए गए हैं। कपड़े के इन थैलों को सोसायटी के गेट के पास रखे एक बॉक्स में रखा गया है। बाजार जाते समय लोग इस बॉक्स से कपड़े का बैग लेकर जा सकते थे। खरीदारी के बाद लौट कर लोग अपनी सुविधा के अनुसार कपड़े के बैग को वापस उसी बॉक्स में डाल सकते हैं।

**जारी रहेगा प्रयास :** पार्क एलिट प्रीमियम सोसायटी की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अवनिंद्र तिवारी ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक की वजह से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। साथ इसकी वजह से कई तरह की परेशानियां भी उत्पन्न हो रही है। इसी वजह से सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगाया है। सरकार के फैसले समर्थन करते हुए आरडब्ल्युए ने सोसायटी को पॉलीथिन बैग मुक्त घोषित किया है। फिलहाल आरडब्ल्युए ने 500 कपड़े के बैग मंगवाए हैं। जरूरत पड़ी तो बैग मंगवाए जाएंगे।

# पर्यावरण की दृष्टि से भारत विश्व का है मार्गदर्शक : केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव

### केंद्रीय मंत्री ने विश्व में भारत की बदलती छवि व उसका प्रभाव विषय पर किया उद्‍बोधन

### पीएम मोदी के नेतृत्व को दुनिया ने सराहा : भूपेंद्र यादव


भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे मुख्यमंत्री खट्टर।


शिविर में पार्टी पदाधिकारियों से वार्ता करते सीएम।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश प्रशिक्षण शिविर के दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन को लेकर भारत द्वारा विश्व में किये जा रहे कार्यों की कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस सत्र की अध्यक्षता हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि अब पूरी दुनिया की नजर भारत पर टिकी है।

विश्व में पर्यावरण को लेकर जो चिंताएं हैं भारत उनका निराकरण करने के लिए अग्रणी भूमिका में कार्य कर रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारत 2070 तक कार्बन उत्सर्जन के मामले में पूरी तरह से मुक्त हो जायेगा। इस मौके पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों का भी जवाब दिया। खुद प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने भी उनसे पर्यावरण परिवर्तन को लेकर भारत की स्थिति पर प्रश्न पूछा जिसका जवाब भूपेंद्र यादव ने दिया।

उन्होंने कहा कि उर्जा के मामले में भारत शीघ्र सक्षम हो जाएगा और वर्ष 2030 तक 30 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य पार कर लेगा। भारत 2070 तक कार्बन उत्सर्जन से मुक्त होकर दुनिया के लिए एक प्रेरणा बनेगा और दुनिया को भी इस गंभीर समस्या से छुटकारा दिलाने अग्रणी भूमिका निभायेगा। प्रधानमंत्री की योजनाओं से भारत के नेतृत्व की मिसाल विश्व में कायम हुई है। इसी का परिणाम रहा है कि 5 जून पर्यावरण दिवस पर हुई बैठक में सभी देशों के प्रतिनिधियों ने खुले मन से पीएम की योजनाओं को सराहा था। कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए यादव ने कहा कि हरियाणा डार्क जोन में है जिससे किसानों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को सक्षम बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 करोड़ किसानों को सॉयल टेस्ट कार्ड दिए, जिससे किसान अपनी उपज को बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व पूरी दुनिया मान रही है। इंटरनेशनल सोलर एलायंस का गठन हुआ जिसका वर्ल्ड कार्यालय गुरूग्राम में बनाया गया है।

### तीसरे सत्र में पवन जिंदल ने रखे विचार तो चौथे सत्र में अनिल विज ने दिया उद्‍बोधन

**इसके** बाद विचार परिवार विषय पर सत्र रखा गया। जिसमें संघ के प्रांत संघ चालक पवन जिंदल ने कार्यकर्ताओं से संगठित होकर समाज हित के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की बात कही। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने की। पहले दिन रखे गए सभी सत्रों में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ सहित प्रदेश भर के सभी सांसद, मंत्री व विधायक और पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद चौथे सत्र में प्रदेश के गृहमंत्री अनिज विज ने क्षेत्र पोषण विषय पर अपने विचार रखे।

# दसवीं पास साइबर ठग रखता था ग्रेजुएट स्टाफ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**काल** स्पूफिग कर भारतीय स्टेट बैंक के खाताधारकों के साथ ठगी करने वाले गिरोह का सरगना कामिल अब्बास महज दसवीं कक्षा तक पढ़ा है, मगर अपने काल सेंटर में कालिग के लिए वह अंग्रेजी बोलने वाले ग्रेजुएट युवाओं को नौकरी पर रखता था। हाल ही में एनआइटी साइबर थाना पुलिस ने दिल्ली के उत्तम नगर निवासी कामिल, उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी रहबर अली और उत्तराखंड के उधम सिंह नगर निवासी मोहम्मद अनीस को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने देशभर में 50 से अधिक ठगी की वारदात कर रखी हैं। सभी आरोपियों को साइबर थाना पुलिस ने जेल भेज दिया है।

**फर्जी काल सेंटर में नौकरी करता था आरोपी :** एनआइटी साइबर थाना प्रभारी बसंत कुमार ने बताया कि कामिल पहले एक फर्जी काल सेंटर में नौकरी करता था। वहां पुलिस ने छापेमारी कर काल सेंटर को बंद करा दिया था। उससे पहले ही कामिल नौकरी छोड़ चुका था। फर्जी काल सेंटर से ही उसे एसबीआइ के खाता धारकों को ठगने का आइडिया आया। उसने एक फ्लैट किराये पर लिया और ठगी करनी शुरू की। आरोपी खुद ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं था, इसलिए वह फोन पर बात नहीं कर पाता था। उसने अखबार में कालिग स्टाफ के लिए विज्ञापन दिया। योग्यता अंग्रेजी बोलना अनिवार्य और कम से कम ग्रेजुएट रखी गई। उसने कई लड़के-लड़कियों को नौकरी पर रखा। उनसे ही फोन करवाता था। उनके लिए वह टारगेट भी तय करता था और वेतन के रूप में अच्छा खासा भुगतान भी करता था। अंग्रेजी में बातचीत के कारण लोग आसानी से बातों में आ जाते थे। कालिग स्टाफ को पता नही होता था कि वे फ्रॉड का हिस्सा बन रहे हैं। कामिल का एक साथी अभी फरार है। वह एसबीआई के खाता धारकों का डाटा सस्ते दाम में उपलब्ध करवाता था।

**इस तरह करते थे काल :** गिरोह के सदस्य काल स्पूफिग एप के जरिये एसबीआई का टोल फ्री कस्टमर केयर नंबर बनाकर लोगों को काल करते थे। वे खुद को एसबीआई बैंक का कर्मचारी बताते थे। साथ ही कहते थे कि अपने क्रेडिट कार्ड के पीछे एसबीआइ का टोल फ्री नंबर देखो। उसी नंबर से काल आई है। इसलिए लोग इन पर विश्वास कर लेते थे और क्रेडिट कार्ड की सारी जानकारी दे देते थे। यह गिरोह देशभर में 50 से अधिक वारदात कर चुका है।

**मात्र 24 साल की उम्र में कर डाली करोड़ों की ठगी :** मुख्य आरोपी कामिल अब्बास की उम्र मात्र 24 साल है। आरोपी के खातों की जांच में सामने आया कि उसने दिल्ली, हरियाणा, यूपीए पंजाब में करोडों की ठगी को अंजाम दिया है।

# गायनेकोलॉजिकल कैंसर पर सम्मेलन का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**राजीव** गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी), दिल्ली ने ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ गायनेकोलॉजिकल पैथोलॉजिस्ट के साथ मिलकर 'डायग्नोसिंग एंड ट्रीटिंग गायनेकोलॉजिकल कैंसर्स-द वे फॉरवर्ड' कॉन्क्लेव का आयोजन किया। गायनी ओंकोपैथोलॉजी को लेकर इस सीएमई (कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) कॉन्फ्रेंस में देशभर से करीब 200 ओंकोलॉजिस्ट ने हिस्सा लिया।

आरजीसीआईआरसी और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई के विशेषज्ञों के अतिरिक्त ब्रिटेन के प्रतिष्ठित संस्थानों के चार विशेषज्ञ भी इसमें शामिल रहे। महिलाओं को होने वाले कैंसर पर केंद्रित सीएमई का आयोजन इस क्षेत्र में प्रैक्टिस कर रहे पैथोलॉजिस्ट एवं ओंकोलॉजिस्ट को इस क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अपडेट से अवगत कराना है। सीएमई ऑन गायनी ओंकोपैथोलॉजी 2020 की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी तथा आरजीसीआईआरसी की सीनियर कंसल्टेंट-हिस्टोपैथोलॉजी डॉ. अनिला शर्मा ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस युवा पैथोलॉजिस्ट, मेडिकल ओंकोलॉजिस्ट एवं सर्जन के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध हुआ है।


सीएमई में जांच की प्रक्रियाओं, ट्रीटमेंट मोडैलिटीज और महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार के कैंसर के मॉलीक्युलर इनसाइट पर विशेष जोर दिया गया। सीएमई में डायग्नोस्टिक अपडेट, डब्ल्यूएचओ क्लासिफिकेशन और केस डिस्कशन के सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें पैथोलॉजी, सर्जरी, मेडिकल एवं रेडिएशन ओंकोलॉजी पर विमर्श हुआ। डॉ. शर्मा ने आगे कहा कि इलाज के बेहतर नतीजों के लिए ट्यूमर के मॉलीक्युलर क्लासीफिकेशन को समझना महत्वपूर्ण है। मॉलीक्युलर सबटाइप के आधार पर हर मरीज को अलग इलाज दिया जाता है। गायनेकोलॉजिकल कैंसर हर उस कैंसर को कहते हैं, जिसकी शुरुआत महिलाओं के प्रजनन अंगों से होती है।

# दायीं तरफ हृदय वाले मरीज की टीएवीआर प्रक्रिया संपन्न हुई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फोर्टिस** एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट, ओखला, नई दिल्ली ने एक रेयर कंडीशन डैक्ट्रोकार्डिया (दायीं तरफ हृदय) से ग्रस्त 74 वर्षीय एक मरीज़ के उपचार के लिए उनकी सफल टीएवीआर (ट्रांसकैथेटर ऑर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट) प्रक्रिया की है। 74 वर्षीय मरीज इंदरपाल सिंह पिछले करीब डेढ़ साल से कुछ भी काम करने पर सांस फूलने और पिछले कुछ हफ्तों से सीने में दर्द की समस्या से ग्रस्त थे। इसके अलावा, वह डायबिटीज, हाइपरटेंशन, हाइ बॉडी मास इंडैक्स, तथा ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया से भी पीड़ित थे।

फोर्टिस में डॉ अतुल माथुर, एग्जीक्युटिव डायरेक्टर, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के नेतृत्व में फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट, ओखला की कार्डियोलॉजी टीम ने टीएवीआर की जटिल प्रक्रिया को अंजाम दिया। जिसमें असामान्य हार्ट वाल्व को स्किन पंक्चर कर कार्डियाक कैथेटर से बदला गया, और इस तरह जटिल ओपर सर्जरी से बचाव हुआ। मरीज की जांच से पता चला कि उनके सीने में दायीं तरफ स्थित हार्ट ऑर्टिक स्टेनॉसिस (नैरोड मैल्फंक्शनिंग हार्ट वाल्व) से ग्रस्त था। यह प्रक्रिया इस वजह से और भी मुश्किल इसलिए थी क्योंकि हार्ट दायीं तरफ था, और उस तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण था। भारत में, सीने में दायीं तरफ स्थित



हार्ट के टीएवीआर का यह पहला मामला है। मरीज के इस हार्ट की विसंगतपूर्ण स्थिति और अन्य रोगों के चलते, डॉक्टरों ने टीएवीआर प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और 26 मई, 2022 को उनके 74वें जन्मदिवस पर उन्हें नया जीवनदान मिला। इस प्रक्रिया के बाद मरीज़ को अस्पताल में तीन दिन रुकना पड़ा और उनकी हालत स्थिर होते ही अस्पताल से छुट्टी मिल गई। इंदरपाल सिंह ने कहा कि कुछ साल पहले उनके पिता का भी सफल इलाज फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट, ओखला में हुआ था और इस वजह से उनके मन में डॉ माथुर तथा फोर्टिस पर भरोसा था।

डॉ अतुल माथुर, एग्जीक्युटिव डायरेक्टर, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट ने कहा, यह बेहद दुर्लभ किस्म का मामला है जिसमें हृदय जन्म से ही अपनी सामान्य जगह पर नहीं था। मरीज़ मोटापे के साथ-साथ ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया (सबसे सामान्य किस्म का नींद संबंधी विकार जिसमें ऊपरी श्वसन मार्ग बार-बार पूर्ण या आंशिक रूप से अवरुद्ध हो जाता है जिसके चलते सोते समय सांस आनी कम हो जाती है।

# राजीनामा का दबाव बनाने वाला ईनामी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेन्द्र कादयान के द्वारा शहर में अपराध में संलिप्त आरोपियों की धड़-पकड के लिए दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी जगमिंदर की टीम ने, योजना बनाकर देसी कट्टा से स्नैचिंग करने वाले 5000 रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अमित उर्फ हबडू है। आरोपी फरीदाबद के गांव मुजेड़ी का रहने वाला है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी इको ग्रीन कूड़ा उठाने वाली कम्पनी में ठेकेदारी का काम करता है। आरोपी ने पहले वर्ष 2020 में मुजेडी के एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी थी। जिसका मुकदमा थाना सेक्टर-8 में दर्ज है। आरोपी अपने साथियों सहित शिकायतकर्ता के घर मुकदमें में




राजीनाम के लिए दबाव बनाने के लिए गया था। राजीनामे की बात नही बनी तो आरोपी ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के घर देसी कट्टा को दिखाकर स्नैचिंग और लोहे की रॉड से मारपीट करने की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें शिकायतकर्ता को चोट आई थी। जिसका थाना सदर बल्लबगढ़ में योजना बनाकर देसी कट्टा दिखाकर स्नैचिंग की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# 192 लापता लोगों को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा लापता हुए व्यक्तियों की तलाश के लिए गठित की गई क्राइम ब्रांच कैट टीम ने वर्ष 2022 में लापता हुए 192 व्यक्तियों को उनके परिजनों के पास वापस पहुंचाकर उनकी टूटी हुई उम्मीद फिर से संजोने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि जब परिवार का कोई सदस्य लापता हो जाता है तो परिजनों की सारी खुशियां रूठ जाती हैं। उन्हें लापता हुए परिवार के अपने सदस्य की हर समय चिंता रहती है वह न तो कुछ सोच पाते है और ना ही अपने काम पर ध्यान दे पाते हैं। लापता हुए व्यक्तियों में सबसे ज्यादा संख्या छोटे बच्चों और लड़कियों की होती है क्योंकि वह खेलते खेलते या आसानी से किसी के बहकावे में आकर उनके साथ चले जाते हैं परंतु बाद में उन्हें बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लापता हुए व्यक्ति के परिजन भी उसकी तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं जिससे उनपर मानसिक तनाव रहता है और वह कोई भी कार्य में अपना ध्यान नहीं लगा पाते। पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए गठित की गई क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए 1 जनवरी 2022 से 14 जुलाई 2022 तक 192 गुमशुदा नाबालिक लड़कियों, मानसिक रूप से कमजोर बच्चों, वृद्ध पुरुषों व महिलाओं को उनके परिजनों से सकुशल मिलवाया जिसमें 78 नाबालिग लड़कियां, 9 नाबालिग लड़के, 56 महिलाएं, 34 पुरुष व 15 मानसिक रूप से कमजोर बच्चे शामिल हैं। इनमें से कुछ बच्चे तो ऐसे हैं जिन्हें उनके परिजन वापिस पाने की उम्मीद तक को चुके थे। ऐसे बच्चों को भी फरीदाबाद पुलिस ने उनके परिजनों तक सकुशल वापस पहुंचाया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस लापता हुए




व्यक्तियों की तलाश करने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है।

फरीदाबाद पुलिस टीम लापता हुए सदस्यों को तलाश करने का हर संभव प्रयास करती है और इसके लिए क्राइम ब्रांच की टीम ने देश भर के अनाथ आश्रम, बाल कल्याण समिति इत्यादि समाजसेवी संस्थाओं के साथ संपर्क स्थापित कर रखा है। यदि फरीदाबाद से कोई भी व्यक्ति लापता हो जाता है तो वह इन संस्थाओं से संपर्क स्थापित करते हैं ताकि लापता व्यक्ति की सूचना उन्हें जल्द से जल्द प्राप्त हो सके। इसके साथ ही यदि फरीदाबाद पुलिस को कोई लापता बच्चा, लड़की या बुजुर्ग दिखाई पड़ता है तो वह इन संस्थाओं के माध्यम से ही उन्हें उनके परिजनों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं।

# शिरडी साई बाबा स्कूल में मैजिक शो का आयोजन

**फरीदबाद।** रोटरी क्लब फरीदाबाद संस्कृति एवं शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी के सहयोग से शिरडी साई बाबा स्कूल में बच्चों के लिए रंगारंग व आश्चार्य चकित कर देने वाला मैजिक शो का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की प्रिंसिपल और अध्यापिकाओं ने भी बच्चों के साथ इस मैजिक शो में भाग लिया। इस मैजिक शो में सुप्रसिद्ध जादूगर तुलसी ने अपने जदूगरी के कारनामों से सभी का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम में बेहतरीन जादूगरी के कारनामें दिखाए, जिसे देखकर सभी आश्चार्य चकित रह गये। उन्होंने बच्चों को आशवासन दिया कि जो बच्चे अनुशासन में रहेंगे, अच्छे से पढ़ेंगे और अच्छे नम्बर लाऐंगे उन बच्चों को वे जादू करना सीखाऐंगे। इस अवसर पर रोटरी क्लब फरीदाबाद संस्कृति के प्रेजिडेंट लव विज, संदीप सिंघल शामिल हुए।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वांस नली का इलाज कर बचाई मरीज की जान


डॉ लवलीन मंगला।


**फरीदाबाद।** भटिंडा की रहने वाली एक 16 वर्षीय लड़की का फरीदाबाद के मैट्रो हॉस्पिटल में स्वांस की नली की सिकुड़न का सफलता पूर्वक इलाज किया गया। मरीज को पैदा होने के साथ ही दिल की बीमारी थी। जिसके लिए गत वर्ष हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में उसका दिल व फेफड़ों का प्रत्यारोपण हुआ था। मरीज को सांस लेने दिक्कत हो रही थी। जिसका कारण ट्रेकियल स्टेनोसिस यानी स्वांस नली की सिकुड़न थी। 11 जुलाई 2022 की रात दो बजे, मरीज मैट्रो हॉस्पिटल, फरीदाबाद में एडमिट हुई, सीनियर कंसल्टेंट रिस्पेंट्री क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन डॉ लवलीन मंगला ने उनकी जांच की। रात को ही ब्रोंकोस्कोपी एवं बैलूनिंग कर स्वांस नली की सिकुड़न को ठीक कर वापस पहले जैसा कर दिया। जिले के मैट्रो हॉस्पिटल में इस प्रकार की स्वांस नली सम्बन्धी सभी समस्याओं का पूर्ण समाधान उपलब्ध है।

## मैनहॉल में गिरकर गाय की मौत, कंपनी मालिक पर केस दर्ज



**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-6 में कंपनी मालिक द्वारा सीवर लाइन के ढक्कन खुला छोडने पर, मेन हॉल में गाय गिरी हुई मौत मामले में, सूचना कन्ट्रोल रूम से ईआरवी 203 की टीम को मिली। टीम और पुलिस चौकी टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके पर देखा कि सीवर लाइन का ढक्कन खुला हुआ है। जिस से एक नीले रंग का पाइप निकला हुआ था।। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि सीवर में एक गाय गिर गई है। जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। मौके पर चौकी इंचार्ज सेक्टर-8 अश्वनी कुमार तथा थाना प्रबंधक सेक्टर-7 तथा नगर निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वहां उपस्थित लोगों की सहायता से गाय को सीवर से निकाला गया। गाय मर चुकी थी। पशुओं के डॉक्टर सतेन्द्र कुमार को बुलाया। गाय का पोस्टमार्टम कराकर गाय को पुलिस टीम ने दफनाया। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-8 में, एएसआई समय सिंह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दिव्यांगजनों के लिए लगा पंखा


16 जून को खबर छपने के बाद दिव्यांगजनों के लिए लगा पंखा।


**फरीदाबाद।** बीके सिविल अस्पताल में दिव्यांगजनों को गर्मी में भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही थी। यहां 15 जून को देखा गया कि सिविल अस्पताल में जहां एक तरफ दिव्यांगजनों के लिए पीने का पानी और शौचालय नहीं है। वहीं यहां प्रमाण पत्र बनाए जाने वाले रूम के बाहर लेंटर का काफी हिस्सा गिरने के कारण पंखा तक नहीं था। जिस कारण यहां आने वाले दिव्यांगजनों को बिना पंखे के ही घंटो खड़ा रहना पड़ता था। पायनियर ने इस खबर को 16 जून 2022 के अपने अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिस पर मानव आयोग अधिकारी ने समाजसेवी अनीशपाल के द्वारा शिकायत करने पर संज्ञान लिया। फिलहाल अस्पताल प्रबंधन की तरफ से उक्त रूम के बाहर पंखे की व्यवस्था कर दी गई है।

## मानव रचना ने एनआईआरएफ रैंकिंग में छोड़ी छाप



**फरीदाबाद।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग 2022 का सातवां संस्करण जारी किया। 11 श्रेणियों के लिए एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग 2022 की घोषणा की गई है। इसमें समग्र, विश्वविद्यालय, प्रबंधन, कॉलेज, फार्मेसी, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, वास्तुकला, एआरआईआईए (नवाचार उपलब्धियों पर संस्थानों की अटल रैंकिंग), कानून और अनुसंधान संस्थान शामिल हैं। मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज़ ने एक बार फिर इंजीनियरिंग श्रेणी में NIRF INDIA RANKINGS w®ww में अपनी पहचान बनाई है। MRIIRS एक वर्ष में 13 रैंक की छलांग के साथ, भारत में सरकारी और स्वयं वित्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों में 105 वें स्थान पर है। MRIIRS अब 101-150 के रैंकिंग बैंड और 151-200 के समग्र रैंकिंग बैंड के अंतर्गत आता है। भारत भर से कुल 7254 उच्च शिक्षण संस्थानों ने एनआईआरएफ 2022 में भाग लिया और मानव रचना ने देश के सरकारी और निजी संस्थानों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। डॉ. प्रशांत भल्ला ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा-'ये रैंकिंग हमारे 25 वर्षों के समर्पण और परिश्रम का प्रमाण हैं। मानव रचना ने टीचिंग, लर्निंग और रिसर्च (टीएलआर), अनुसंधान और पेशेवर अभ्यास (आरपी), स्नातक परिणाम (जीओ), आउटरीच और समावेशिता (ओआई), साथ ही साथ सहकर्मी धारणा जैसे मापदंडों पर अच्छा स्कोर किया है।

## प्रशिक्षण संस्थान विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया




**फरीदाबाद।** राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान एनएच-4 एनआईटी फरीदाबाद के प्रधानाचार्य गजेन्द्र कुमार ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षाण विभाग हरियाणा से प्राप्त निर्देशों अनुसार जिला फरीदाबाद में स्थित राजकीय आईटीआई में आज 15 जुलाई शुक्रवार को विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। विश्व युवा कौशल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बड़खल विधायक सीमा त्रिखा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान एनएच-4 एनआईटी फरीदाबाद के प्रधानाचार्य गजेन्द्र कुमार ने आगे बताया कि इस अवसर पर राजकीय आईटीआई (महिला) की इंचार्ज ने मुख्य अतिथि विधायक सीमा त्रिखा को बुके भेंट कर उनका सम्मान किया। रविन्द्र पाल सिंह एनसीसी अफसर के नेतृत्व में मुख्य अतिथि का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा ने गत वर्ष अपने-अपने संस्थानों में प्रथम रहे छात्र/छात्राओं को शील्ड प्रदान कर हौसला अफजाई की।

## कांवड़ यात्रा के लिए 11 ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 17 जुलाई से 26 जुलाई तक होने वाली कांवड़ यात्रा के सकुशल संपन्न जिला फरीदाबाद में 11 ड्यूटी मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि एसएचओ सेंट्रल, एसएचओ ओल्ड व एसएचओ भूपानी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए धर्मवीर सिंह, डीईटीसी फरीदाबाद को नियुक्त किया गया है। एसएचओ सराय व एसएचओ सेक्टर-31 के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए राहुल कुमार ईटीओ फरीदाबाद, एसएचओ एनआईटी व एसएचओ कोतवाली के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए चंद्र शेखर ईटीओ फरीदाबाद को, एसएचओ सूरजकुंड व एसएचओ एसजीएम नगर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए उत्तम शर्मा ईटीओ फरीदाबाद को, एसएचओ सारन व एसएचओ सेक्टर-58 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए पवन कुमार एईटीओ फरीदाबाद को, एसएचओ सेक्टर-7, एसएचओ मुजेसर व एसएचओ तिगांव के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए हरीश यादव, क्वालिटी कंट्रोल इन्स्पेक्टर, डीडीएएच को, एसएचओ सदर व एसएचओ सिटी बल्लभगढ़ के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए चारु चित्रा, ईटीओ (नार्थ जोन) आदि को बनाया है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 16 जुलाई, 2022



# संसदीय भाषा

## सुधार के प्रयास

**लोकसभा** सचिवालय ने कुछ शब्दों पर रोक लगाने का प्रयास किया है, लेकिन इसके नतीजे निकलना जरूरी नहीं है। एक नई पुस्तिका जारी कर लोकसभा सचिवालय ने दोनों सदनों में प्रयोग न करने योग्य असंसदीय शब्दों की सूची बनाई है। इस प्रकार उसने एक प्रकार से 'भाषण नियंत्रण मुख्यालय' के रूप में सेंसर जैसा काम किया है। उसने अन्य शब्दों के साथ 'जुमलाजीवी', 'बाल बुद्धि', 'कोविड स्प्रेडर', 'स्नूपगेट', 'बेशर्म', 'उत्पीड़ित', 'धोखे का शिकार', 'भ्रष्ट', 'नाटक', 'पाखंड' व 'अक्षम' जैसे शब्दों को प्रतिबंधित किया है। सचिवालय इन शब्दों का संसद में प्रयोग उचित नहीं मानता है जिसका मानसून सत्र सोमवार को शुरू हो रहा है। लेकिन आखिरकार यदि संसद सदस्यों को इन शब्दों के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी तो वे संसद में चर्चा और बहस कैसे करेंगे? क्या वे सदनों में भजन और कीर्तन गाएंगे? लेकिन यह भी समस्या का कारण बन सकता है क्योंकि मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने 1960 के लोकप्रिय गाने 'मधुबन में राधिका नाचे रे' के रिमिक्स पर आपत्ति की है। इसका अर्थ है कि हर अभिव्यक्ति पर संदेह किया जा सकता है क्योंकि यह कुछ संवेदनाओं को आहत कर सकती है। शायद अच्छा होता कि दोनों सदनों को 'शांत क्षेत्र' घोषित कर दिया जाता जहां कोई स्वर व कोई शोर न होता। वैसे भी वर्तमान समय में ज्यादातर समय शायद ही कोई सार्थक बहस होती हो तथा नारेबाजी, शोर-शराबा, अध्यक्ष के सामने पहुंचने व गतिरोध की स्थिति बनी रहती है। दलबदल-विरोधी कानून के कारण संसद सदस्य अपने पार्टी नेतृत्व के गुलाम बन गए हैं और केवल पार्टी लाइन का पालन करने को बाध्य हैं। विरले ही वे कोई महत्वपूर्ण बात करते हैं। ऐसे में संसद में शांति सुनिश्चित करने से यह सब समाप्त हो जाएगा।



सरकार को खुश करने के प्रयास में लोकसभा सचिवालय ने इस तथ्य को भी अनदेखा किया है कि भाषा पर इस प्रकार उसके द्वारा प्रस्तावित कठोर नियंत्रण लगाने के कारण सत्ता पक्ष को भी नुकसान हो सकता है क्योंकि वह विपक्षी पार्टियों व नेताओं पर हमले नहीं कर पाएगा। वास्तव में कोई सांसद दुश्मन देशों की निन्दा भी नहीं कर पाएगा। उदाहरण के लिए, भारतीय जनता पार्टी के नेता 1971 में वर्तमान समय में बांग्लादेश बन चुके पूर्वी पाकिस्तान में याहिया खान के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना द्वारा किए नरसंहार का वर्णन कैसे करेंगे यदि उनको 'रक्तपात' व 'खूनी' जैसे शब्दों का प्रयोग करने की अनुमति न हो? भाजपा नेता अक्सर आपातकाल की बात करते हैं, पर वे बिना 'तानाशाह' व 'तानाशाही' शब्दों का प्रयोग किए ऐसा कैसे कर पाएंगे? हमारे सांसद पाकिस्तानी जिहादियों को चीन के समर्थन और इसके साथ ही शांति के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने को बिना 'पाखंड' शब्द कहे कैसे व्यक्त कर पाएंगे? बिना 'यौन उत्पीड़न' शब्द का प्रयोग किए कार्यस्थलों पर महिलाओं की समस्या कैसे अभिव्यक्त होगी? एक एजेंसी खबर के अनुसार, 'शब्दों व अभिव्यक्तियों को निकालने के मामले में लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्यसभा सभापति का निर्णय अंतिम होगा।' इसमें यह भी कहा गया है कि प्रतिबंधित शब्दों की सूची में कुछ प्रमुख शब्द उस समय तक असंसदीय नहीं होंगे, जब तक संसदीय कार्यवाही में उनको अन्य अभिव्यक्तियों के साथ मिला कर न पढ़ा जाए। लेकिन यह बात ज्यादा समझ में नहीं आती है। क्या 'भ्रष्ट' शब्द केवल लार्ड एक्टन का संदर्भ देते समय उचित होगा, जबकि किसी समकालीन घटना की बात करते समय आपत्तिजनक हो जाएगा? लोकसभा सचिवालय को यह पुस्तिका खारिज कर देनी चाहिए क्योंकि यह लोकतंत्र की भावना के ही खिलाफ है। सचिवालय के जिम्मेदार लोगों को समझ लेना चाहिए कि भाषा की शुद्धता से जीवन शुद्ध नहीं हो जाता है। आप केवल 'भ्रष्ट' शब्द पर प्रतिबंध लगा कर अनेक राजनेताओं व अन्य को ईमानदार नहीं बना सकते हैं।

# आर्गेनिक खेती का भारतीय तरीका

**गरमी की फसल बुआई के ठीक पहले अचानक श्रीलंका द्वारा उर्वरकों के आयात पर प्रतिबंध ने उसे गहरे कृषि संकट में फंसा दिया।**



**सुमित भसीन**
(लेखक लोक नीति अनुसंधान केंद्र के निदेशक हैं)



याला प्लांटिंग मौसम के कुछ ही दिन पहले श्रीलंका ने अप्रैल, 2021 से रासायनिक उर्वरकों के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध की घोषणा कर दी। किसान बुआई के लिए तैयार थे क्योंकि मानसून ने इस द्वीप देश में याला फसलों के लिए रास्ता खोल दिया था जो भारत में खरीफ फसलों की बुआई की तरह है। बुआई का यह मौसम श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के लिए आधारभूत है क्योंकि चावल इस द्वीप देश के लोगों का प्रमुख भोजन है। श्रीलंका सरकार को विश्वास था कि आर्गेनिक कृषि उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत अच्छी कीमत मिलेगी और उससे श्रीलंका जल्दी ही अमीर हो जाएगा। लेकिन श्रीलंका सरकार ने नीतियों के मामले में अति-उत्साह का परिचय दे कर देश को अराजकता की ओर धकेल दिया। उसने ऐसा करने में वैज्ञानिक जानकारियों पर भी ध्यान नहीं दिया। कृषि क्षेत्र जुआघर जैसी नीतियां लागू करने के लिए नहीं है और न ही इस क्षेत्र के बारे में कर्ज ली गई विदेशी मुद्रा के आधार पर कोई दांव लगाया जा सकता है। लेकिन श्रीलंका सरकार ने नीतियों के मामले में पूरी तरह आंख बंद कर काम किया। कोलंबो के सत्तारूढ़ लोगों की जेबों में चीन से आने वाला पैसा भारी मात्रा में एकत्र होता गया और बीजिंग ने भारत के पड़ोसी को अपनी कर्ज-जाल नीतियों में फंसा लिया। रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध का फैसला अचानक किया गया। इससे किसान समुदाय को भारी धक्का लगा। यह निर्णय इस तथ्य के बावजूद लिया गया कि कृषि वैज्ञानिक सार्वजनिक रूप से इस नीति के खिलाफ अपनी आपत्तियां दर्ज करा रहे थे।

श्रीलंका की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि-बागवानी अर्थव्यवस्था है। यह द्वीप देश धान उत्पादन में आत्मनिर्भर था। 2020 में श्रीलंका के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में कृषि का हिस्सा 8.26 प्रतिशत था। श्रीलंका को कांडियान घरेलू बागवानी व्यवस्था पर गर्व था जिसका आधार परंपरागत कृषि व्यवहार हैं। कहा जाता है कि इससे जैव-विविधता तथा पर्यावरण संरक्षण में सहायता मिलती है। चेन्ना कृषि व्यवस्था फसलों में बारी-बारी से परिवर्तन तथा कृषि-वानिकी पर आधारित है जो श्रीलंका कृषि की विशेषता है। ऐसे व्यवहारों को जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त था और श्रीलंका सरकार को आर्गेनिक खेती अपनाने के पहले इस पर ध्यान देना चाहिए था। नवंबर आते आते श्रीलंका को यह समझ में आने लगा था कि कृषि वैज्ञानिकों की आशंका वाला सबसे बुरा परिदृश्य सामने आ रहा है। श्रीलंका का मुख्य आधार तथा विदेशी मुद्रा प्राप्त करने का बड़ा साधन, चाय उत्पादन 40 प्रतिशत से अधिक गिर गया था। याला फसलों की पैदावार में भी भारी गिरावट आई और यह 40 प्रतिशत कम हो गया। इससे खाद्यान्नों की कीमतें तेजी से बढ़ने लगीं।

इससे पैदा अशांति से सरकार को अपने द्वारा की गई गलती समझ में आ गई। लेकिन श्रीलंका सरकार द्वारा रासायनिक उर्वरकों के आयात पर लगा प्रतिबंध आंशिक रूप से हटाने तक बहुत देर हो चुकी थी। 2019 में ईस्टर बम धमाकों तथा कोविड-19 महामारी आने के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से गिर रहा था। अनिवासी देशवासियों द्वारा पैसा न भेजने के कारण यह बिल्कुल सूख गया। चालाक व्यापारी खाद्यान्नों की जमाखोरी करने लगे जिससे खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति आसमान छूने लगी। इसके कारण पैदा घटनाक्रम से श्रीलंका की वित्तीय व्यवस्था ध्वस्त हो गई और आखिरकार वह 55 बिलियन डालर से अधिक कर्ज की अदायगी में विफल हो गया। गाले फेस पर विरोध प्रदर्शन लगभग तीन महीने उसी समय उग्र होने लगा जब रूस ने यूक्रेन पर हमला बोला था। इसके कारण पूरी दुनिया मुद्रास्फीति की चपेट में आ गई थी। बड़े गेंहूं उत्पादक होने के कारण रूस और यूक्रेन को दुनिया का अनाज भंडार कहा जाता है, अत: युद्ध के कारण अनेक देशों में खाद्यान्न संकट पैदा हो गया। कच्चे तेल के बढ़ते दामों ने श्रीलंका समेत अनेक आयातक देशों के विदेशी मुद्रा भंडार सुखा दिए। ऐसे में श्रीलंका सरकार के पास स्थितियां सुधारने का समय नहीं बचा था और लोग खाना पकाने की गैस, पेट्रोल व डीजल, राशन, आदि के लिए मीलों लंबी लाइनों में खड़े होने को मजबूर हो गए। ऐसे में अप्रैल, 2021 में श्रीलंका सरकार द्वारा रासायनिक उर्वरकों के आयात पर लगाया प्रतिबंध 'ऊंट की पीठ तोड़ने वाला आखिरी तिनका' साबित हुआ।

आर्गेनिक खेती प्रगतिशील किसानों का आदर्श लक्ष्य है। लेकिन यह तथ्य भी सच है कि दशकों तक रसायनिक-उर्वरक आधारित खेती के बाद अचानक आर्गेनिक खेती में बदलाव नहीं हो सकता है। संयोग से श्रीलंका और भरत ने लगभग एक ही समय 1960 के दशक में हरित क्रांति पर काम करना शुरू किया था। खाद्यान्नों का उत्पादन दूना करना तथा बाद में उसमें और वृद्धि करना पूरी तरह रासायनिक उर्वरकों और बेहतर गुणवत्ता वाले बीजों पर आधारित था। भारत की तरह श्रीलंका भी अधिकांश खाद्यान्न आवश्यकताओं के मामले में आत्मनिर्भर हो गया था। इसके कारण श्रीलंका में खाद्य सुरक्षा के प्रति एक प्रकार से लापरवाही वाली स्थिति पैदा हो गई। शायद इसी कारण सरकार ने आर्गेनिक खेती का जुआ खेला। लेकिन कृषि वैज्ञानिक समुदाय के बीच यह एक तथ्य है कि आर्गेनिक खेती की ओर परिवर्तन बहुत तेज व अचानक नहीं हो सकता है। अनाजों का उत्पादन पहले के रासायनिक उर्वरकों वाले स्तर पर बनाए रखने के लिए मृदा को अपना स्वास्थ्य सुधारना पड़ता है।

इसके लिए धैर्य तथा किसान समुदाय को सरकारी सहायता की जरूरत होती है जैसा कि भारत में केन्द्र सरकार कर रही है। सिक्किम भारत का एकमात्र आर्गेनिक राज्य है। लेकिन इसके लिए राज्य सरकार ने केन्द्र की सहायता से किसानों के लिए जीवन्त सहायता व्यवस्था बनाई है। इससे उनको उत्पादन में कमी का मुआवजा दिया जाता है तथा प्रोत्साहन दिया जाता है ताकि वे आर्गेनिक खादों का प्रयोग जारी रखें। इसके साथ ही उत्पादकों को अखिल-भारतीय सहायक व्यवस्था दी जाती है ताकि उनको अपने उत्पादों का अधिक मूल्य मिल सके। आर्गेनिक खेती को प्रोत्साहन देने का भारतीय प्रयोग वैज्ञानिक व चरणबद्ध है। आर्गेनिक शोध व प्रशिक्षण संस्थान कृषक समुदाय को आर्गेनिक खेती अपनाने में सहायता करते हैं। केन्द्र सरकार ने अनेक योजनाओं तथा प्रयोगशालाओं के माध्यम से जैव-उर्वरकों व आर्गेनिक उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्सहित किया है। इसके साथ ही सरकार ने बड़े पैमाने पर 'स्वायल हेल्थ कार्ड' देकर किसानों को सही पसंद के लिए सशक्त बनाया है।

आर्गेनिक उत्पादों के प्रोत्साहन के राष्ट्रीय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में भारत ने 2020-21 में 76 मिलियन डालर के 59,908 मीट्रिक टन आर्गेनिक अनाज व मोटे अनाज निर्यात किए हैं। दूसरी ओर भारत से आर्गेनिक खाद्य उत्पादों का निर्यात 2020-21 में 51 प्रतिशत बढ़ कर 1040 मीट्रिक टन हो गया। भारत 58 देशों को आर्गेनिक खाद्य उत्पाद निर्यात कर रहा है और विश्व बाजार में इनकी भारी मांग है। कोविड-19 के कारण भारत से आर्गेनिक खाद्य उत्पादों के निर्यात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। यह प्रारंभ से अंत तक मिलने वाली सहायता व्यवस्था से संभव हुआ है जिसमें खेती से लेकर प्रसंस्करण व मार्केटिंग तक सभी शामिल हैं। इसके लिए सरकार सभी पक्षों को प्रोत्साहित कर रही है।

इसके साथ ही भारत ने रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग वैज्ञानिक रूप से घटाने के तरीके खोजे हैं। स्वायल हेल्थ कार्डों के प्रयोग से किसान यूरिया के संतुलित उपयोग के बारे में जागरूक हुए हैं। नीम कोटेड यूरिया का प्रयोग भी 'गेम चेंजर' सिद्ध हुआ है। इसके साथ ही नैनो-उर्वरकों की खोज ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के सर्वोत्तम व उचित उपयोग को प्रोत्साहित किया है। नीम कोटेड यूरिया की मात्रा कुल उत्पादन की 20 प्रतिशत से बढ़ा कर 30 प्रतिशत की गई है। भारत द्वारा आर्गेनिक खेती को प्रोत्साहन पूरी तरह परीक्षित तथा सरकार द्वारा आश्वासन प्राप्त है। यदि कोई देश अपने कृषि व्यवहारों में परिवर्तन करना चाहता हो तो ये उसके लिए उदाहरण के तौर पर पेश किया जा सकता है। मृदा का स्वास्थ्य सुधारना सरकार के प्रयासों के केन्द्र में है जिससे आर्गेनिक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके कोई शार्ट कट नहीं हो सकते हैं। किसानों, सरकारी एजेंसियों तथा वैज्ञानिक समुदाय को टिकाऊ खेती के लिए कठोर परिश्रम करना होगा क्योंकि लक्ष्य तक पहुंचने का कोई शार्टकट नहीं है।

# तर्कसंगत कर व्यवस्था से मिलेगा जीएसटी का लाभ

**विनय के श्रीवास्तव**
(लेखक इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में सह प्रोफेसर हैं)



30 जून को 1 जुलाई, 2017 को एनडीए-द्वितीय सरकार द्वारा शुरू किए गए माल और सेवा कर की पांचवीं वर्षगांठ के रूप में चिह्नित किया गया था। नया कर कानून एक कर के दायरे में वस्तुओं और सेवाओं पर सभी अप्रत्यक्ष करों को लाने के उद्देश्य से पेश किया गया था। हालांकि डीजल, पेट्रोल और शराब जैसी कुछ वस्तुएं जीएसटी में शामिल नहीं हैं, लेकिन उद्योग में पेट्रोलियम उत्पादों को इसके दायरे में लाने की मांग है। लेकिन सरकार को कुछ आशंका है, क्योंकि ईंधन पर करों का अधिकांश राजस्व में योगदान होता है। केंद्र और राज्यों में सरकारें। सरकार ने वित्त वर्ष 2011 में 3.92 लाख करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2012 में 3.91 लाख करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2013 के पहले दो महीनों में उत्पाद शुल्क से 0.31 लाख करोड़ रुपये कमाए।

जीएसटी की सफलता के विश्लेषण के लिए राजस्व प्राप्ति एक महत्वपूर्ण मानदंड है। नए कर कानून के माध्यम से राजस्व सृजन के लिए प्रति माह 1 लाख करोड़ रुपये का अनौपचारिक लक्ष्य था। लेकिन जीएसटी लागू होने के पहले साल, दूसरे साल और चौथे वित्तीय वर्ष में वास्तविक राजस्व अनौपचारिक लक्ष्य से काफी पीछे था। हालांकि, वित्त वर्ष 2012 के जून के महीने को छोड़कर वित्त वर्ष 2011 की दूसरी तिमाही के बाद से सकल जीएसटी राजस्व 1 लाख करोड़ रुपये के अनौपचारिक लक्ष्य से अधिक हो गया है।

प्रति माह वास्तविक औसत प्राप्ति वित्त वर्ष 18 में 0.90 लाख करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 19 में 0.98 लाख करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 21 में 0.95 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2011 में राजस्व में गिरावट का मुख्य कारण कोविद - 19 महामारी थी। वित्त वर्ष के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 1.02 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 22 में सकल जीएसटी संग्रह में वृद्धि को गति मिली। इस वित्तीय वर्ष में, सरकार ने प्रति माह औसतन 1.24 लाख करोड़ रुपये के साथ 14.87 लाख करोड़ रुपये के उच्चतम सकल जीएसटी का एहसास किया। चालू वित्त वर्ष में भी यही गति जारी रही। वित्त वर्ष 2013 की पहली तिमाही में, सरकार ने 1.51 लाख करोड़ रुपये के औसत के साथ 4.53 लाख करोड़ रुपये का कुल जीएसटी राजस्व एकत्र किया। जीएसटी की शुरूआत का एक उद्देश्य सरकार के राजस्व को खर्च करना था। उम्मीद की जा रही थी कि जीएसटी राजस्व उच्च दर के साथ बढ़ेगा। पिछले पांच वर्षों के पूर्व-जीएसटी शासन या वित्त वर्ष 13-वित्त वर्ष 17 के दौरान अप्रत्यक्ष करों (संघ उत्पाद शुल्क और सेवा कर) की औसत वृद्धि 21.98 प्रतिशत थी। साथ ही पिछले 10 वर्षों में यानी स्नङ्ग13-स्नङ्ग22 के दौरान अप्रत्यक्ष करों में औसत वृद्धि 16.79 प्रतिशत रही है। हालांकि, केंद्र सरकार का कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 28.70 लाख करोड़ रुपये था - वित्त वर्ष 18-वित्त वर्ष 22 के दौरान 28.91 लाख करोड़ रुपये के संशोधित लक्ष्य का 99.27 प्रतिशत। इसी अवधि के दौरान जीएसटी राजस्व में औसत वृद्धि 13.3 प्रतिशत थी। इस प्रकार, पिछले पांच वर्षों में जीएसटी राजस्व में वृद्धि दर पिछले 10 वर्षों की विकास दर की तुलना में 3.5 प्रतिशत कम है और पिछले पांच वर्षों की औसत वृद्धि दर से पूर्व-जीएसटी से 8.7 प्रतिशत कम है।




इसके अलावा, अगर हम वित्त वर्ष 18 से वित्त वर्ष 22 तक इसी अवधि के संघ उत्पाद शुल्क और सेवा कर राजस्व को जीएसटी के साथ जोड़ते हैं, तो जीएसटी के बाद के युग में अप्रत्यक्ष करों की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। यह पिछले 10 वर्षों के अप्रत्यक्ष करों की वृद्धि दर की तुलना में 5.2 प्रतिशत कम है और पिछले पांच वर्षों की औसत वृद्धि दर पूर्व-जीएसटी से 10.4 प्रतिशत कम है।

राजस्व के लिहाज से जीएसटी के प्रदर्शन के आंकड़े संतोषजनक नहीं हैं। वैसे भी, जीडीपी से अप्रत्यक्ष कर राजस्व के मामले में स्थिति अलग है। सकल घरेलू उत्पाद में अप्रत्यक्ष कर राजस्व वित्त वर्ष 2016-17 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद के 5.12 प्रतिशत से वित्त वर्ष 22 (पोस्ट-जीएसटी वर्ष) में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का 7.40 प्रतिशत हो गया। यह दर्शाता है कि सरकार के अप्रत्यक्ष कर राजस्व पर जीएसटी का कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं है। एनआईपीएफपी के वर्किंग पेपर (385) के मुताबिक सरकार जीएसटी का फायदा नहीं उठा सकी।

जीएसटी राजस्व की चुनौती को दर युक्तिकरण के माध्यम से संबोधित किया जा सकता है। वर्तमान में हमारे पास शून्य दर, आवश्यक वस्तुओं पर 5 प्रतिशत की निम्न दर और विलासिता की वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की उच्च दर है। साथ में 12 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के साथ-साथ कीमती धातुओं पर तीन प्रतिशत और कीमती पत्थरों और हीरों पर 0.25 प्रतिशत। इसके अलावा, अवगुण वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की उच्चतम दर पर उपकर भी लगाया जाता है।

दर को तीन दरों तक कम किया जाना चाहिए, जैसा कि 2002 में सेनवैट के मामले में हुआ था, 8 प्रतिशत की योग्यता दर और 24 प्रतिशत की अवगुण दर और 16 प्रतिशत की औसत दर, सेवा कर के अलावा जो जीएसटी के तहत पांच स्लैब में विभाजित था

## आप की बात

### असंसदीय पर समस्या

आप सत्ता में हो या विपक्ष में आप देश के एक सुसभ्य जनप्रतिनिधि माने जाते हो जो करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व करनेवाले भी कहलाते हो। तब आपकी वाणी और जुबान से बोले गए शब्द भी मर्यादित और देश की अस्मिता उज्जवल बनी रहे उसको ध्यान में रखकर कहे जाने वाले ही होने चाहिए ताकि आपकी, आपकी पार्टी की और देश की छबि दागिल न हो। अगर संसद ने असंसदीय शब्दों को जैसी कि आजादी के समय से प्रथा चली आ रही है अगर हटाए गए हैं तो इसमें किसी को भी कोई आपत्ति क्यों होना चाहिए? संसद भी एक परिवार है और जब हम संयुक्त परिवार में मर्यादित रहते है तब संसद में हंगामा हो ऐसी वाणी का उपयोग क्यों किया जाना चाहिए? शब्द जुबान से और तीर कमान से निकलकर वापस नहीं आता। अमर्यादित शब्द या कटु भाषा का उपयोग अथवा अव्यवहारिक व्यवहार (हंगामा) कर देना और उसके बाद अपने शब्द वापस ले लेना अथवा माफी मांग लेना आदि से वोले गए सब्द या किये गए व्यवहार वापस नहीं लौटते बल्कि वो आपकी छाप वही छोड़ देते हैं। अत: असंसदीय शब्दों को हटाने की जो प्रथा पहले से चली आ रही है और आज भी उसे आमूलचूल परिवर्तन की राह पर चलाया जा रहा है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### करनी होगी फैसले की कदर

**केंद्र** सरकार ने 18 से 59 वर्ष के सभी लोगों की चिंता की है एवं उन्हें भी अपनी ओर से बूस्टर डोज मुक्त देने का फैसला किया है यह एक सही एवं उचित फैसला कहा जाएगा कारण यह तीसरा डोज लगाने के लिए आम जनता को जेब से पैसा देना पड़ रहा था। अत: आम आदमी इसे अवाहिट कर रहा था और इसी लापारवाही कारण देश में कोरोना के केस एक बार फिर से बढ़ रहे थे अब इस मुफ्त की योजना के कारण काफी लोग इस और फिर से लालायित होंगे एवं आबादी का एक बड़ा हिस्सा अब अपना टीकाकरण अवश्य करवाने आगे आएगा। कारण स्पष्ट है कि हमारे देश की अधिकतर आबादी मध्यम वर्ग की है तथा पैसा खर्च करके टीकाकरण करवाने में वह कतरा रही थी, फिर आजकल मास्क के प्रति भी आम जनता काफी लापरवाह हो चुकी है अब इस मुफ्त टीकाकरण के प्रति सबका ध्यान अवश्य ही रहेगा। हम भी सभी से अपेक्षा करते हैं कि आम जनता अपने अच्छे स्वास्थ्य के कारण अपना टीकाकरण कराने के लिए इस और अवश्य प्रवर्त होगी।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### जनसंख्या नियंत्रण

कुछ और समय भारत विश्व की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। जनसंख्या में संख्या जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही जरूरी उसकी गुणवत्ता और उसका डिस्ट्रिब्यूशन भी है। इस मामले में हम फायदे में हैं क्योंकि अगले कुछ सालों के लिए हमारी युवा जनसंख्या ज्यादा रहेगी। और एक युवा देश के युवा ,आग में बाग, लगाने की हिम्मत रखते हैं बस जरूरत है तो उनकी प्रतिभा निखारने की उनके सही भरण पोषण व इलाज की! साथ ही सरकार को हर युवा को काम मिले ऐसे प्लान बनाने होंगे! यदि युवा हाथों में काम ही नहीं होगा तो फिर यूवा आबादी का जो लाभ हमें मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाएगा। सन 2050 तक के टारगेट हमारे सामने आए हैं। और इन्हें देखते हुए दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद हम गौरवान्वित नहीं हो पाएंगे। क्योंकि फिलहाल ऐसा लगता नहीं है कि अगले कुछ वर्षों में सभी युवाओं को रोजगार मिल पाएगा! अत: आप फिलहाल तो हमें आबादी नियंत्रण का कानून लाना ही होगा!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**ऐसा** नहीं होना चाहिए कि किसी समुदाय की वृद्धि दर अधिक बनी रहे और हम देशी लोगों की जनसंख्या स्थिर करें।

– **योगी आदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

**क्या** मुस्लिम भारत के देशी लोग नहीं हैं? यथार्थ पर गौर करें तो केवल आदिवासी व द्रविण लोग ही देशी हैं।

– **असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम नेता





**अराजकता** जनसंख्या से नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के विनाश से पैदा होती है।

– **अखिलेश यादव**
समाजवादी पार्टी प्रमुख

# हर जिले में बनेंगे अत्याधुनिक बस स्टेशन

**● सीएम योगी ने लोंगों को सुगम, सहज और सुखद परिवहन सेवा मुहैया कराने के लिए नीतिगत सुधार के दिए निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मेट्रो** रेलवे स्टेशन जैसे बनेंगे प्रदेश के बस स्टेशन। पहले चरण में सभी जिलों के एक-एक बस स्टेशन को अत्याधुनिक स्वरूप दिया जाएगा। इन स्टेशनों को पीपीपी से विकसित किया जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग जल्दी ही निजी क्षेत्रों से संवाद कर योजना तैयार कर मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत करेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बाबत निर्देश दे चुके हैं। उनकी मंशा शुरू से ही आवागमन को सुखद बनाने की रही है। इसी मकसद से जिन शहरों में मेट्रो है उनमें उनका विस्तार। नए शहरों में मेट्रो, एयर कनेक्टिविटी में विस्तार और एक्सप्रेसवेज का निर्माण हो रहा है। लोगों के आवागमन को सुखद बनाने के इस क्रम में यह भी सच है कि आज भी अधिकांश लोग परिवहन के साधन के रूप में रोडवेज का ही इस्तेमाल करते हैं। एक्सप्रेसवेज के विस्तार के साथ अब तो लंबी दूरी की यात्रा भी लोग रोडवेज बसों से करने लगे हैं।

सरकार की योजना हर गांव को प्रधानमंत्री सड़क योजना के जरिए पास की मुख्य सड़क से जोड़ने के साथ 2000 नई बसों के जरिए हर गांव को रोडवेज की सुविधा से जोड़ने की भी है। इन सभी वजहों से सरकार बस बेड़ों में इसी वजह से लगातार विस्तार भी कर रही है। इसमें अत्याधुनिक किस्म की भी बसें हैं। रोडवेज से यात्रा करने वालों की विभाग के प्रति पहली धारणा बस स्टेशन से ही बनती है। लोंगों को सुगम, सहज और सुखद परिवहन सेवा मुहैया कराने के लिए नीतिगत सुधार भी होंगे । यही नहीं मुख्यमंत्री का यह भी निर्देश है कि आम आदमी को सुगम, सहज और सुखद परिवहन सेवा मुहैया कराने के लिए परिवहन विभाग, निगम अपनी नीतियों में भी व्यापक सुधार करे। इसके लिए कुछ अभिनव प्रयोग भी अपेक्षित हैं।

विधानसभा चुनाव के ठीक पहले जारी लोककल्याण संकल्प पत्र 2022 में भी परिवहन निगम की सुविधाओं के बाबत प्रतिबद्धता जताई गई थी। मसलन उसमें अगले पांच साल 25 बस डिपो को वैश्विक स्तर का बनाने की बात कही गई थी।

# राष्ट्रपति निर्वाचन के लिए विधान भवन में व्यवस्था

**● 18 जुलाई को पूर्वाह्न 10बजे से अपराह्न 5 बजे के बीच होगा मतदान**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** सभा के निर्वाचित सदस्यों एवं संसद सदस्यों जिन्हें निर्वाचन आयोग ने लखनऊ में मत देने के लिए अधिकृत किया हो, की सुविधा हेतु मतदान स्थल की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपतीय निर्वाचन 2022 के संबंध में मतदान 18 जुलाई को तिलक हाल विधान भवन लखनऊ में पूर्वाह्न 10बजे से अपराह्न 5:00 बजे के बीच होगा। निर्वाचक कक्ष संख्या 80 में स्थापित टेबल से मतदान स्लिप प्राप्त कर सकेंगे। टेबल से लोक सभा तथा राज्य सभा के ऐसे सदस्यों, जिन्हें निर्वाचन आयोग ने लखनऊ में मत देने के लिए अधिकृत किया हो, टेबल खसे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र क्रम संख्या 1 से 136 तक, टेबल ग से विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र क्रम संख्या 137 से 271 तक तथा टेबल घ से विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र क्रम संख्या 272 से 403 तक मतदान स्लिप प्राप्त कर सकेंगे। मतदान स्लिप परिचय पत्र प्राप्त कर तिलक हाल के उत्तरी बरामदे से मतदान स्थल तिलक हाल में प्रवेश करेंगें। तिलक हाल में पहुंचने के पश्चात् टेबल क पर रखी निर्वाचक नामावली में हस्ताक्षर करने के उपरान्त संबंधित टेबल ख ग व घ से मतपत्र प्राप्त करेंगे। मतपत्र प्राप्त करने के उपरान्त निर्वाचक चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित की गई पेन प्राप्त करेंगें एवं उसी पेन से अपना मत बूथ के अन्दर अभिलिखित करेंगें। राष्ट्रपतीय निर्वाचन-2022 में विशेष सचिव, विधान सभा बृज भूषण दुबे, सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने आवास 5 कालीदास मार्ग पर जनता की समस्याएं सुनते हुए

## करोड़ों की ठगी कर फरार अपराधी को एसटीएफ ने दबोचा

**लखनऊ।** महाराष्ट्र में पैसो दुगना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी कर फरार हुए शातिर अपराधी कुलदीप राजन रूंगटा को यूपी एसटीएफ और महाराष्ट्र कमिश्नरेट की संयुक्त टीम ने वाराणसी से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से मोबाइल फोन, एसबीआई बैंक का एटीएम कार्ड और आधार कार्ड बरामद हुआ। एसटीएफ के मुताबिक महाराष्ट्र के थाणे में फर्जी प्रोपराइटर कम्पनी खोलकर पैसा दोगुना करने के नाम पर ठगी करने आदि के संबंध में 14 जुलजाई 2022 को थाना भइंदर पर धारा 420,406 और 34 आईपीसी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मुकदमे के नामजद अभियुक्त कुलदीप राजन उर्फ रूंगटा के जनपद वाराणसी में छिपे होने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना को मीरा भाइंदर वसई विरार पुलिस द्वारा यूपी एसटीएफ से साझा करते हुए आवश्यक सहयोग मांगा गया। इस सम्बन्ध में एसटीएफ फील्ड इकाई वाराणसी की टीम को महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग में लगाया गया।

# यूपी में सूखे की नौबत, एलर्ट जारी कर सरकार ने की कर्तव्यों की इतिश्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार का जनता के साथ रूखे व्यवहार के चलते ही राज्य सूखे की चपेट में आ गया है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। बारिश न होने से खरीफ की बोआई रुकी हुई है। सरकार के कथित पौधारोपण अभियान पर भी सूखे का साया मंडराने लगा है। लगभग पूरे प्रदेश में स्थिति काफी चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि समय से बरसात नहीं होने से धान की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। बहुत जगह तो खरीफ की बोआई ही रुक गई है। एक अंदाजा है कि इस साल खरीफ की बोआई छह लाख हेक्टेयर कम होने जा रही है। राज्य सरकार ने 60 लाख हेक्टेयर धान रोपाई का लक्ष्य रखा जबकि 27 लाख हेक्टेयर धान की ही रोपाई अब तक बामुश्किल हुई है।



अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली भी उपलब्ध नहीं है। गांवों में 10 घंटे भी बिजली की उपलब्धता नहीं है। सिंचाई के लिए न बिजली है न पानी। रजवाहे सूखे हैं। तालाब-पोखर में पानी नहीं रह गया है। पशुओं को न पीने का पानी और नहीं चारा-भूसा मिल पा रहा है। भाजपा सरकार एलर्ट जारी कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मौसम की पूरी जानकारी के बगैर 30 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य घोषित कर दिया। गांव-गांव तालाबों की खुदाई के तथाकथित निर्देश है। अमृत महोत्सव के नाम पर हो रहे इन टोटकों का कोई असर नहीं दिख रहा है। जब बरसात नहीं तो पानी का सूखा पड़ना स्वाभाविक है अब न पौधे बच रहे है न तालाबों में पानी भरा हैं। बुंदेलखण्ड की तो भाजपा राज में बहुत उपेक्षा हुई है। समाजवादी सरकार के कार्यकाल में बुंदेलखण्ड में विकास के जो कार्य हुए उससे पूरा बुन्देलखण्ड लाभान्वित हुआ। भाजपा राज में उन विकास कार्यों की उपेक्षा हुई। समाजवादी सरकार में बुंदेलखण्ड के चरखारी में सात सरोवरों का सौंदर्यीकरण हुआ था। समाजवादी सरकार के विकासकार्यों की प्रशंसा जलपुरुष श्री राजेन्द्र सिंह ने भी की थी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि वस्तुत: भाजपा सरकार को जनता के सुख-दुख की कोई चिंता नहीं। महंगाई, बिजली कटौती, सूखे की मार से लोग परेशान हैं।

# बिजली की सबसे अधिक डिमाण्ड पूरी कर रचा इतिहासः शर्मा

**● सौ दिनों की कार्ययोजना के सभी लक्ष्य पूरे किये**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ऊर्जा** एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने अपने विभाग की उपलब्धियां गिनाते हुये कहा कि ऊर्जा विभाग ने सौ दिन को लेकर जो लक्ष्य निर्धारित किए गए थे वह पूरे कर लिए गए हैं। इन्हीं दिनों में कुछ ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कार्य भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में 26 जुलाई 2022 को सर्वाधिक 26504 मेगावाट बिजली की डिमांड थी, जिसकी आपूर्ति सुनिश्चित कर विभाग ने एक रिकॉर्ड बनाया है।

श्री शर्मा ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में अप्रैल- मई और जून में जितनी बिजली खपत हुई थी उससे 27 प्रतिशत ज्यादा इस वर्ष के इन तीन महीनों में हुई है। यही नहीं बिजली की मिनिमम डिमांड भी गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 3 गुना से ज्यादा थी, जो हमारे लिए बड़ी



चुनौती थी जिसे हमने सफ्लता पूर्वक पूरा किया है। यही नहीं पिछले वर्ष की प्रथम तिमाही में ट्रांसफार्मर खराब होने का प्रतिशत 2.80 था जबकि इस वर्ष की प्रथम तिमाही में यह कम होकर 2ण्77 प्रतिशत पर आ गया। मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए जन शिकायतों त्वरित निस्तारण हेतु प्रभावी प्रयास किए गए हैं। इसके तहत पावर कारपोरेशन के टोल फ्री हेल्प लाइन 1912 जन शिकायतों का कम से कम समय में समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से उपभोक्ता सेवा को प्रभावी बनाने के लिए श्संभवश् नाम का पोर्टल शुरू किया गया था। उन्होने कहा कि डेढ़ महीने पहले एक मुफ्त समाधान योजना भी शुरू गई थी। आज यह योजना पूरी हो चुकी है। अब इसके आगे यह योजना नहीं चलाई जाएगी। वर्ष 2021 में जो योजना बनाई गई थी उसमें 36.9 लाख उपभोक्ताओं ने लाभ प्राप्त किया। जिसके अंतर्गत 2701 करोड़ रुपये प्राप्त हुए तथा 781 करोड़ रुपये का सरचार्ज माफ किया गया। नगर विकास विभाग की 100 दिन की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल की 19ए सीवरेज की 11 और सेप्टेज की 3 परियोजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। राज्य सेक्टर के अंतर्गत पेयजल की 13 और ड्रेनेज की 5 परियोजनाएं पूरी हो गई हैं। स्वच्छ भारत मिशन योजना में मिशन पिंक टॉयलेट के अन्तर्गत 280 से अधिक सीट का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। इसके अलावा इस योजना के अंतर्गत डोर.टू.डोर कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सभी नगर निकायों में सुबह 5 से 8 बजे की बीच सफाई व्यवस्था प्रारम्भ की गई है। जन शिकायतों के निस्तारण के लिए डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर शुरू किये गये हैं। उन्होंने कहा कि 17 स्मार्ट सिटीज के लिए सेंट्रल डिजिटल मॉनीटरिंग सेंटर की स्थापना की गई है। पहली बार टोल फ्री नं1533 के माध्यम से निकायों में सीधे शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही 17 शहरों में यातायात व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं की लाइव स्ट्रीमिंग की भी व्यवस्था हुई है। मंत्री ने कहा कि अमृत उद्यान एवं अमृत सरोवर नगरों को अच्छे से श्रेष्ठ बनाने की प्रक्रिया चल रही हैं। नगरीय निकायों में मूलभूत नगरीय सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना की परिकल्पना रखी गई। उन्होंने कहा कि से नो टू प्लास्टिक जन जाकरूकता और प्लास्टिक संग्रह अभियान चलाया गया।

# मानसून की बेरूखी से उत्पन्न संकट पर ध्यान दे सरकारः अनिल दुबे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने प्रदेश में सूखे के हालात पर गहरी चिंता जताते हुये कहा है कि मौसम की बेरूखी से किसानों की हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ रही है। प्रदेश के कई इलाकों में सूखे के कारण 50 प्रतिशत भी धान की रोपाई किसान नहीं कर पायें हैं और किसी तरह जिन इलाकों में रोपाई का काम किसान कर लिये हैं। उनकी लागत लगातार सिचाई के कारण बढ़ रही है लेकिन प्रदेश सरकार किसानों की स्थितियों पर कोई भी ध्यान नहीं दे रही है। शुक्रवार को जारी बयान में दुबे ने कहा कि उप्र में किसानों के सामने मानसून की बेरूखी से उत्पन्न गम्भीर संकट पर सरकार तत्काल ध्यान दे और प्रदेश के सभी किसानों को 5 हजार रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से हर किसान को तत्काल अन्तिरिम राहत प्रदान करें साथ ही बाद में सूखे के कारण किसानों की फसलों का हुये नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा देने की भी घोषणा करें।

दुबे ने अपने बयान में कहा कि मौसम की बेरूखी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। सावन के महीने की शुरूआत हो चुकी है लेकिन बरसात न होने कारण किसान बर्बादी की कगार पर है।

प्रदेश की नहरों में पानी का संकट है तो दूसरी ओर किसानों को पर्याप्त खाद भी नहीं मिल रही है। दुबे ने प्रदेश सरकार से किसानों की समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग की है।

# विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**लखनऊ ( विसं )।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने लखनऊ से जारी असलहे का लाइसेंस बगैर सूचना दिए नई दिल्ली के पते पर स्थानांतरित कराने के मामले में मुल्जिम अब्बास अंसारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है। उन्होंने थानाध्यक्ष महानगर को निर्देश दिया है कि वह वारंट का निष्पादन सुनिश्चित कर अदालत को अवगत कराएं। पूर्व विधायक मुख्तारी अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी मऊ से विधायक निर्वाचित हुए हैं। मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। 24 दिसंबर 2020 को इस मामले में मुल्जिम अब्बास अंसारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420ए 467ए 468 व 471 के साथ ही शस्त्र अधिनियम की धारा 30 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया था। 12 अक्टूबर 2019 को इस मामले की एफ्आईआर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने थाना महानगर में दर्ज कराई थी। वर्ष 2012 में लखनऊ के जिलाधिकारी ने अब्बास अंसारी के नाम डीबीबीएल गन का लाइसेंस जारी किया था। अब्बास अंसारी ने इस लाइसेंस को नई दिल्ली के पते पर स्थानांतरित करा लिया लेकिन इसकी पूर्व सूचना थाना महानगर को नहीं दी। जिसकी वजह से एक ही शस्त्र दो राज्यों में अलग अलग लाइसेंस व यूआइडी पर एक साथ अंकित हुआ। अब्बास का यह कृत्य धोखाधड़ी तथा शस्त्र का अवैधानिक प्रयोग करने की मंशा को प्रदर्शित करता है। साथ ही दिल्ली में गन के एक लाइसेंस पर अन्य शस्त्र भी अनाधिकृत रुप से खरीदा जाना प्रतीत होता है। विवेचना के दौरान पुलिस ने दो राइफल, तीन 12 बोर का गनए एक रिवाल्वर व एक पिस्टल के साथ ही विभिन्न बोर के चार हजार 431 कारतूस व मैगजीन आदि बरामद किए।

## तिकुनिया कांड मामला


## आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**लखीमपुर** खीरी के तिकुनिया कांड मामले में निरुद्ध केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के पुत्र आशीष मिश्रा उर्फ मोनू की जमानत याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के समक्ष सुनवाई पूरी हो गई। पीठ ने मुल्जिम आशीषए सरकार व पीड़ित पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। जस्टिस कृष्ण पहल की एकल पीठ के समक्ष करीब डेढ घंटे से ज्यादा समय तक सुनवाई हुई। इस दौरान मुल्जिम पक्ष की ओर से कहा गया कि अभियोजन के मुताबिक थार गाड़ी में आशीष मिश्रा मौजूद था। उसी ने ड्राइवर को भीड़ पर गाड़ी चढाने के लिए उकसाया। दलील दी गई कि घटनास्थल पर बहुत भीड़ थी। पुलिस के सायरन का शोर था। थार गाड़ी में अभियोजन का कोई भी गवाह मौजूद भी नहीं था। ऐसे में यह कैसे विश्वास किया जा सकता है कि किसी गवाह ने मुल्जिम को अपने ड्राइवर को गाड़ी चढाने के लिए उकसाते हुए सुना हो। कहा गया कि वास्तव में घटना के वक्त आशीष मिश्रा दंगल में मौजूद था। यह भी दावा किया गया कि 197 स्थानीय लोगों ने बकाएदा शपथ पत्र देकर इस बात की पुष्टि जांच एजेंसी के समक्ष की है।

## 18 वर्षो से फरार ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने बीते 18 वर्षो से फरार चल रहे एक लाख रुपए के ईनामी अपराधी गिरीश मिश्र को मध्य प्रदेश के सीहोर जिले से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ हत्या व लूट के कई सनसनीखेज मामले चल रहे हैं, जिनमें वह वांछित था। एसटीएफ की टीम द्वारा पिछले कुछ माह से लगातार गिरीश मिश्रा की गतिविधियों पर इलेक्ट्रानिक संसाधनों के माध्यमों से सतर्क निगरानी रखी जा रही थी। जिससे उसकी लोकेशन मध्य प्रदेश के जनपद सीहोर में मिल रही थी साथ ही साथ अभियुक्त के नाम व हुलिया बदलकर जनपद सीहोर में ही निवास करने की सूचना प्राप्त हो रही थी। एसटीएफ की फील्ड यूनिट प्रयागराज की टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए रवाना की गई। टीम ने रेलवे स्टेशन सीहोर के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त गिरीश मिश्रा निवासी ग्राम शाखा, थाना सैनी, कौशाम्बी ने बताया कि 4 जुलाई 1994 को मैं अपने पिता सियालाल मिश्रा के साथ ट्यूबवेल के बगल वाले खेत में काम कर रहा था कि अचानक शिव सागर सिंह के छोटे भाई राम सागर सिंह उनका गनर राम लोचन उर्फ नउवा, सुघर सिंह एवं कालू राम गोसाई आदि लोगों ने मेरे पिता की गोली मार कर हत्या कर दी थी। उसी दिन मैंने अपने पिता की हत्या का बदला लेने का संकल्प लिया था। जिसके 5 वर्ष बाद मैंने पिता की हत्या करने वाले एवं मेरे पड़ोसी राम लोचन उर्फ नउवा को अक्टूबर 1999 में ग्राम कटविटा ककराली, थाना सैनी के पास गोली मार कर हत्या कर दी थी।

# राजभर ने अखिलेश को दिया तगड़ा झटका द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान का किया ऐलान

**बोले, सुभासपा के सभी छह विधायक राष्ट्रपति पद के चुनाव में एनडीए प्रत्याशी को करेंगे वोट**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पिछले** कई दिनों से चल रही रस्साकशी के बीच शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने आखिकार अखिलेश यादव को तगड़ा झटका दे दिया। राजभर ने प्रेस कांफ्रेंस करके राष्ट्रपति के चुनाव में एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा है कि सुभासपा के सभी छह विधायक मुर्मू को मतदान करेंगे। यह कदम उठाकर राजभर एक बार फिर भाजपा गठबंधन में वापसी की पटकथा लिखने में जुट गए हैं। उनके निर्णय ने सपा को चौंका दिया है।

सपा संयुक्त विपक्ष के प्रत्याशी तृणमूल कांग्रेस के यशवंत सिन्हा के पक्ष में मतदान कर रही है। राजभर ने कहा कि हमने राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर अपने विधायकों से बात की है। मैं तो आठ जुलाई को मुख्यमंत्री के आवास पर डिनर पार्टी में गया था। ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और द्रौपदी मूर्मू जी ने समर्थन मांगा था। हमारे पास तो केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का फोन भी आया था, मेरी उनसे भी मुलाकात हुई। उन्होंने भी द्रौपदी मुर्मू जी के लिए समर्थन मांगा है। फिलहाल राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हम द्रौपदी मुर्मू का समर्थन कर रहे हैं। अभी मैं समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में हूं मैंने अपनी तरफ से गठबंधन नहीं तोड़ा है। राजभर ने कहा कि मुख्तार



अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी हमारी पार्टी के विधायक हैं। वह भी द्रौपदी मुर्मू को वोट करेंगे। मैने इस बारे में मुख्यमंत्री और अमित शाह को भी अवगत करा दिया है। हमारे पार्टी के चुनाव चिह्न से जीते सभी छह विधायक हमारे साथ हैं। राजभर ने कहा कि हम लोग तो पार्टी बनाकर समाज की लड़ाई लड़ रहे हैं।

ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने मुझे बुलाकर कहा कि आप पिछड़े, दलित, वंचित की लड़ाई लड़ते हैं। आप द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करें। मैंने उनसे मुलाकात की। जिसके बाद गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात हुई। उनसे बात होने के बाद हमने द्रौपदी मुर्मू को समर्थन का ऐलान किया है। इसके साथ ही ओम प्रकाश राजभर ने गाड़ी को लेकर भी अखिलेश यादव पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी नहीं कि मुझे फॉर्च्यूनर दी गई। वह गाड़ी देकर अगर हमको अपने पक्ष में करना चाहते हैं तो शायद उनको पता नहीं है कि ओम प्रकाश राजभर को पकडऩा कठिन काम है। कौन सी फॉर्च्यूनर मुझे दी इसकी तो जानकारी नहीं है। राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव के नवरत्न अपना बूथ नहीं जीत पाते हैं। आजमगढ़ के साथ रामपुर लोकसभा के उप चुनाव इसके प्रमाण हैं। आजमगढ़ में तो उनका एक भी रत्न दिखाई नहीं दिया। अखिलेश जी को मेरी सलाह बुरी लगती है तो मैं सपा को अब सलाह नहीं दूंगा। राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता को हमारी जरूरत नहीं है। प्रेस कांफ्रेंस में जयंत चौधरी को बुला लेते हैं लेकिन ओपी राजभर को नहीं बुलाते। राज्यसभा चुनाव आया तो राज्यसभा जयंत चौधरी को दे देना, विधान परिषद सदस्य चुनाव में हमें न पूछना। उनकी तरफ से नजरअंदाज करने वाली चीजें हो रही हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ओम प्रकाश राजभर का यह फैसला अखिलेश यादव की एक बड़ी सियासी हार है। अखिलेश यादव के अक्खड़पन की वजह से ही ओम प्रकाश राजभर ने राष्ट्रपति चुनाव में अखिलेश यादव की राजनीति से दूरी बनाई है। यहीं नहीं यह फैसला लेने के पूर्व राजभर ने यह सार्वजनिक रूप से यह संकेत भी किया था कि सपा मुखिया अखिलेश यादव गठबंधन के सहयोगी दलों से भेदभाव करना छोड़ दें और एसी कमरे के बाहर निकलकर जनता के बीच जाएं। राजभर की यह सलाह अखिलेश यादव को अच्छी नहीं लगी और उन्होंने कहा कि उन्हें किसी की सलाह की जरूरत नहीं हैं। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनावों में सपा प्रत्याशियों की हुई पराजय के बाद अखिलेश यादव का यह कथन राजभर को नागवार लगा और उन्होंने अपना नया ठिकाना खोजना शुरू कर दिया।

अब सवाल उठ रहा है कि क्या राजभर राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को समर्थन कर भाजपा के साथ एक बार फिर से ताल से ताल मिलाकर चलेंगे। इस सवाल को लेकर अब यह कहा जा रहा है कि अखिलेश यादव के साथ ओम प्रकाश राजभर के रिश्ते इस कदर खराब हैं कि अब आगे दोनों का साथ चलना मुश्किल है।

ऐसे में राजभर इस कवायद में हैं कि सपा से उनका नाता अखिलेश यादव की तरफ से टूटे ताकि उन पर गठबंधन तोड़ने के आरोप न लगें। ऐसे में राजभर राष्ट्रपति चुनाव के बहाने भाजपा गठबंधन में वापसी की पटकथा लिखी है। अब अगर राजभर और सपा के बीच गठबंधन टूटता है और वह फिर से भाजपा के साथ आते हैं तो पूर्वांचल के इलाके में भाजपा को टक्कर देना अखिलेश यादव के लिए काफी मुश्किल होगा।

# पूर्वांचल में होगा पशुपालन व डेयरी क्षेत्र का कायाकल्प

**● गोरखपुर में वेटनरी मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जमीन चिन्हित**

**गोरखपुर।** पशु संपदा के लिहाज से बेहद संपन्न पूर्वांचल में पशुपालन व दुग्ध उद्योग को बढ़ावा देकर योगी सरकार पूर्वी उत्तरप्रदेश के किसानों की स्थिति और सेहत दोनों सुधारेगी। इसी के दृष्टिगत गोरखपुर में वेटनरी मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने जा रही है। इसके लिए सरकार ने बजटीय प्रावधान पहले ही कर दिया था, अब वेटनरी मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन भी फाइनल हो गई है। अगले एक-दो माह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका शिलान्यास कर सकते हैं। वेटनरी मेडिकल कॉलेज के बनने से पूर्वी उत्तरप्रदेश के पशुपालकों, लघु एवं सीमांत किसानों, खेतिहर मजदूरों को अपनी आजीविका को बेहतर करने एवं पशुपालन आधारित व्यापार को बढ़ाने के लिए नई तकनीकों की जानकारी आसानी से मुहैया होगी। मालूम हो कि एक दुधारू पशु किसी किसान के लिए रोज की नकदी जैसा होता है। इस लिहाज से पूर्वांचल के लिए यह पहल मील का पत्थर बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों, पशुपालकों व महिलाओं की आजीविका तथा आय में वृद्धि के लिए पशुपालन और डेयरी सेक्टर को बढ़ावा देने पर जोर देते रहे हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के अपने कार्यक्रमों में वह इसके लिए बुंदेलखंड की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी का उदाहरण भी देते हैं जो वहां पशुपालकों व स्वयंसेवी समूह से जुड़ी महिलाओं के जीवन में खुशहाली का बड़ा आधार बनी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में पशुपालन को नवीन तकनीक व अनुसंधान से लाभान्वित करने के लिए ही गोरखपुर में वेटनरी मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना अब साकार होने जा रही है। इसके लिए थोड़ी दिक्कत जमीन की थी लेकिन यह समस्या भी अब दूर हो गई है।

## राज्यपाल की अध्यक्षता में इलाहाबाद संग्रहालय समिति की बैठक संपन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय समिति, आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज यहां राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में इलाहाबाद संग्रहालय समिति की कार्यपालक समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल के समक्ष निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय (गुप-ए) पद पर नियुक्ति के लिए प्रस्ताव, विभागीय प्रोन्नति समिति (डी पी सी ) द्वारा संग्रहपाल (गुप-ए) पद पर प्रोन्नति के लिए संस्तुति उपरान्त कार्यकारिणी को सूचना एवं अनुमोदन प्रस्ताव के साथ-साथ इलाहाबाद संग्रहालय के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22 एवं वार्षिक लेखा वर्ष 2021-22 को अनुमोदित कर अंगीकृत करने पर चर्चा की गई।

शिक्षकों द्वारा छात्र को पीटने के आरोप का मामला

# कोतवाली में जमकर हंगामा, नोकझोंक-तीखी झड़प!

- कोतवाली परिसर में शिक्षकों व कोतवाल से हुई बहस
- श्री गांधी डिग्री कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा दे रहे हैं छात्र

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर की** सिधौली कोतवाली में उस समय हंगामा मच गया जब कोतवाल व शिक्षकों के बीच बहुत देर तक नोंकझोंक व तीखी झड़प जारी रही, एक तरफ शिक्षक तो दूसरी तरफ कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी के बीच काफी देर तक बहस चलती रही। आपको बता दें कि श्री गांधी विद्यालय में इन दिनों एलएलबी की परीक्षा चल रही है जहां पर परीक्षार्थी अवनीश मिश्रा ने गांधी विद्यालय के शिक्षकों पर पीटने का आरोप लगाया है, पीड़ित छात्र का कहना है कि सीटिंग प्लान के हिसाब से उसे जो सीट मिली थी वह सीट टूटी हुई थी जिससे उसने कक्ष निरीक्षक से पूंछकर आगे की सीट पर बैठ कर परीक्षा दी, इसी दौरान कॉलेज के अध्यापक गोपाल सिंह, रविंद्र सिंह आदि आ गए और दूसरी सीट पर बैठने का कारण पूछे बगैर छात्र को थप्पड़ जड़ दिया और पिटाई करने लगे। जिससे छात्र आक्रोशित हो गए व अध्यापकों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया, जिसकी शिकायत दर्ज कराने सभी छात्र कोतवाली पहुंच गए। पीछे से कुछ ही देर बाद शिक्षक भी कोतवाली पहुंच गए। जहां पर बातचीत के दौरान शिक्षकों व कोतवाल के बीच तीखी झड़प शुरू हो गई। काफी देर तक चली बहस बाजी से कोतवाली परिसर में हंगामा मच गया। मामले को तूल पकड़ता देख कोतवाली प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी ने मामले में जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जिसके बाद दोनो पक्ष शान्त हो गए। पूरे मामले को लेकर पीड़ित छात्र ने जानकारी दी।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के स्मारक का रास्ता बंद कर रहे दबंग

- थाना रामकोट के ग्राम धरमपुर संराय भाट का मामला, पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई गुहार



**सीतापुर।** अवैध अतिक्रमण को लेकर जहां प्रदेश सरकार सख्त दिखाई दे रही है वहीं रामकोट की पुलिस मंदिर व स्मारक पर किए गए दबंगो द्वारा अतिक्रमण को ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद नहीं हटवाया गया। थाना रामकोट के ग्राम धरमपुर सरांय भाट के रहने वाले पीड़ित मधुरेश वर्मा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है, प्रार्थना पत्र में गांव के ही लोगो पर मंदिर व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बने स्मारक पर जाने वाले रास्ते को दबंगो द्वारा कब्जा किए जाने का आरोप लगाया है, पीड़ित का कहना है कि कई बार रामकोट थाने में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के बाद उन्होंने अतिक्रमण हटवाए जाने की बात प्रार्थना पत्र पर लिख दी है। अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता बंद होने से आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## क्विक न्यूज

### बाइक की टक्कर से घायल बुजुर्ग की मौत

**बरेली।** बाजार जा रहे एक घायल बुजुर्ग को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी ।उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।देवरनिया थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी 55 वर्षीय मोहम्मद नबी की आज दोपहर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि मोहम्मद नबी दो जुलाई को घर से कुछ ही दूरी पर लगने वाली बाजार से खरीदारी करने के लिए पैदल ही घर से निकला था लेकिन जब वह देवरिया रेलवे फाटक के पास पहुंचा तभी तेजी से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल मोहम्मद नबी को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए जहां से आज दोपहर वह इलाज के लिए जिला अस्पताल ला रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया और जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### मंदबुद्धि युवक की लाश मिली

**बरेली।** चार दिन पूर्व घर से निकले एक मंदबुद्धि युवक की लाश आज सुबह घर से काफी दूर सड़क किनारे पाई गई सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। बदायूं के दातागंज थाना क्षेत्र के गांव मूसाझाग निवासी संतोष की लाश आज सुबह बरेली के सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव पस्तोर में सड़क किनारे पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि संतोष मंदबुद्धि था जिसके चलते उसके घर वालों ने उसके हाथ पर घर का मोबाइल फोन नंबर गुदवा दिया था वह 4 दिन पूर्व बिना बताए घर से बाहर निकला था लेकिन वह वापस नहीं लौटा घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश की और घटना की जानकारी पुलिस को दे दी इधर आज सुबह लोगों ने सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव पस्तोर में सड़क किनारे उसकी लाश को देखा और पुलिस को जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के हाथ पर लिखे मोबाइल फोन नंबर के माध्यम से उसके घरवालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक की मां का नाम शकुंतला देवी है वह अविवाहित था।

### ईंट से कुचल कर युवक की हत्या

**बरेली।** कल दिन में घर से निकले एक युवक की ईट से कुचल कर हत्या कर दी गई। उसकी लाश सड़क किनारे पाई गई कुछ ही दूरी पर खून से सनी ईट और मृतक का मोबाइल फोन भी मिला। पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव कुमरा निवासी 30 वर्षीय दीपक उर्फ हनी उस नंगा की लाश आज सुबह बारादरी थाना क्षेत्र में संजय नगर होली चौराहा के पास सड़क किनारे पाई गई ।उसकी ईट से कुचल कर हत्या की गई थी ।पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि दीपक कुछ समय पहले तक संजय नगर में एक किराए के मकान में रहता था और वहीं पर एक डीजे बजाने वाले के साथ काम करता था । लेकिन कुछ दिनों पहले वह अपने गांव वापस चला गया और कहीं रहने लगा। लेकिन संजय नगर में रहने के दौरान ही उसकी यहां के कुछ लोगों से दोस्ती हो गई थी। इसके चलते वह अक्सर संजय नगर आता था कल दिन में भी वह संजय नगर आने के लिए घर से निकला था लेकिन वह शाम तक घर वापस नहीं लौटा। तब घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश की। लेकिन उससे संपर्क नहीं हो सका और ना ही फोन पर उससे बात हुई। रात में उसकी किसी ने ईट से कुचल कर हत्या कर दी ।सुबह होने पर संजय नगर के लोगों ने उसकी लाश को होली चौराहा के पास सड़क किनारे देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दे दी। जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।पुलिस ने दीपक के शव से कुछ ही दूरी पर खून से सनी हुई ईट भी बरामद कर ली और अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**बरेली।** मामूली विवाद के बाद दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।कैंट थाने के गांव ठीरिया निजावत खां निवासी वसीम खान को आज सुबह घायल अवस्था में उसके घर वाले जिला अस्पताल लाए जहां भसीन ने बताया कि आज सुबह गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने उसके मकान के सामने फेंक दिए वह उसका नाम नहीं जानता पता चलने पर उसने चावल फेंकनें पर विरोध जताया जिससे नाराज 3 लोगों ने उसके घर में घुसकर मारपीट कर दी जिससे वह घायल हो गया बचाने की कोशिश करने पर उसकी पत्नी और बच्चों से भी मारपीट की गई शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचा लिया उसने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।

### दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, कई घायल

**बरेली।** बिरयानी की दुकानों के बाहर नगर निगम की टीम द्वारा अतिक्रमण हटाए जाते समय दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया जिससे कई लोग घायल हो गए । तीन को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया घटना के बाद बड़ी संख्या में आर ए एफ और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई।प्रेम नगर थाना क्षेत्र में प्रियदर्शनी नगर में आज शाम बिरयानी की दुकानों के बाहर अतिक्रमण हटाने के दौरान ही दो पक्षों के बीच विवाद हो गया । देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। जिससे भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अंकित भाटिया और दूसरे पक्ष के बानखाना गुलाब नगर निवासी मुजीब अली पुत्र हसनैन और प्रेम नगर थाना क्षेत्र के ही खेड़ा टांडा निवासी नवाब अली गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल पहुंचे अंकित भाटिया ने बताया कि उनके घरों से कुछ ही दूरी पर बिरयानी बेचने की कई दुकानें हैं जहां पर दुकानदार लोगों को शराब भी पिलाते हैं। यह लोग नशे की हालत में हंगामा करते है। जिसकी शिकायत उन्होंने कुछ दिन पहले नगर निगम से की थी। आज नगर निगम की टीम सावन से 1 दिन पहले दुकानों के बाहर अतिक्रमण हटाने गई थी और टीम ने दुकानों के चबूतरे भी तोड़ दिए। जिससे दुकानदार और उनके पक्ष के लोग नाराज थे ।अतिक्रमण हटाने के दौरान अंकित भाटिया भी अपने साथियों के साथ मौजूद थे दुकानदारों ने समझा कि उन्होंने ही नगर निगम से उनके विरुद्ध शिकायत की है और इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे तीन लोग गंभीर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा कई अन्य लोगों को भी चोटें आई। घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली बड़ी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स और कई थानों की फोर्स के साथ एसपी सिटी भी मौके पर पहुंचे ।वहीं एसएसपी ने सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही घटना की सूचना मिलने पर कई हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए ।

# रसोइयों ने की बकाया मानदेय दिलाने की मांग, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



- एक साल से नहीं मिला है मानदेय, पहुंचे भुखमरी के कगार पर

**सीतापुर।** सीतापुर के प्राथमिक विद्यालय रसोइयां वेलफेयर एसोसिएशन इन दिनों भुखमरी की कगार पर है, कारण है उनको पूरे सत्र का अभी तक मानदेय ही नहीं दिया गया है जिससे वह काफी परेशान है। शुक्रवार को रसोइयो ने लालबाग पार्क में बैठक की जिसके बाद अपनी मांगो को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर वेतन दिलाए जाने के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि बिसवां में सम्मिलित विद्यालय सिरसी, सरैंया, में कार्यरत पांच रसोइयां है जिनमें तीन रसोइयों का मानदेय आ गया वहीं दो रसोइयों का वेतन पूरे सत्र का अभी तक नहीं आया है। ज्ञापन देने के दौरान गायत्री देवी, कुसमा, रामदुलारी, शान्ती देवी, शिवप्यारी, संजू तिवारी, वीना, रामदेवी, लक्ष्मी, पिंकी देवी, रामपती, रामगुनी सहित तमाम रसोइयां मौजूद रही। ज्ञापन देने आयी संगठन की संयुक्त सचिव ने कहा कि जल्द से जल्द वेतन मुहैया कराया जाए जिससे उसकी आवीजिका चल सके।

# जन्मजात कटे होंठ व तालू वाले 64 मरीजों का किया गया निशुल्क पंजीकरण व परीक्षण

- आरबीएसके और स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट (हेल्थ सिटी अस्पताल) के सहयोग से 37 मरीज़ निशुल्क आपरेशन के लिए चिन्हित

संवाददाता। सीतापुर



**राष्ट्रीय स्वास्थ्य** मिशन के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) और स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के सहयोग से जन्मजात कटे होंठ एवं कटे तालू के मरीजों के नि:शुल्क पंजीकरण शिविर का आयोजन 15 जुलाई 2022 को जिला पुरुष चिकित्सालय सीतापुर में किया गया। कैम्प का उद्घाटन मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मधु गैरोला, नोडल अधिकारी आरबीएसके डॉ उदय प्रताप, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (पुरुष) डॉ आर के सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (महिला) डॉ सुषमा कर्णवाल, निदेशक एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर स्माइल ट्रेन-हेल्थ सिटी हॉस्पिटल डॉ. वैभव खन्ना एवं डॉ. कार्तिकेय खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान विभागीय चिकित्सकों द्वारा 64 मरीजो का नि:शुल्क परीक्षण एवं पंजीकरण किया गया जिसमे 37 मरीज़ों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया और यह क्रम अभी जारी रहेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा मधु गैरोला ने दी। उन्होंने बताया कि जन्मजात कटे होंठ व तालू के मरीजों की समस्या व उनके निदान के लिये नि:शुल्क चिकित्सा सेवा सुविधा को प्रदेश में प्रचारित-प्रसारित करने की आवश्यकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के निदेशक डा वैभव खन्ना व उनके सहयोगी वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डा आदर्श कुमार सार्थक भूमिका निभा रहे हैं। जन्मजात कटे होंठ व तालू की विकृति सर्जरी व अन्य उपचारों से पूरी तरह ठीक हो सकती है। डा0 वैभव ने बताया दूपंजीकरण की प्रक्रिया 15 जुलाई के बाद भी जारी रहेगी जिसमें रोगियों का सम्पूर्ण इलाज नि:शुल्क किया जायेगा। जो मरीज पंजीकरण का लाभ नहीं उठा पाए वह भी 15 जुलाई के बाद भी पंजीकरण करवा सकते है। अधिक जानकारी के लिए स्माइल ट्रेन संस्था के प्रतिनिधि नीरज कुमार शर्मा के मोबाइल नम्बर-9454159999 और 9565437056 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा उदय प्रताप ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के शिविर जनमानस की भलाई के लिए लगाए जाएँगे। उन्होंने नि:शुल्क परीक्षण एवं पंजीकरण को सफल बनाने में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डीईआईसी प्रबन्धक डा सीमा कसौधन, मोबाइल हेल्थ टीमों, आशा कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारियों, आगनबाड़ी कार्यकत्रियों, समस्त ग्राम प्रधानों, शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारियों, हेल्थसिटी हास्पिटल-स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट अवेयरनेस असिस्टेन्ट नीरज कुमार शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह, विनीत शर्मा एवं विशाल कश्यप की सक्रिय व सकारात्मक भूमिका रही।

# पैला के लिए चयनित बैंक शाखा बेहजम में चलाए जाने पर ग्रामीणों ने जताया विरोध

- डीएम व जिला बैंक प्रबंधक को भेजा पत्र

संवाददाता। बेहजम खीरी




**विकास क्षेत्र** बेहजम की पैला ग्राम पंचायत की बैंक दूसरी जगह बेहजम कस्बे में स्थापित और संचालित होने से गांव वाले परेशान हैं। जिलाधिकारी और बैंक जिला प्रबंधक सहित बैंक के उच्च अधिकारियों को ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र दिया। बताते हैं कि ग्राम पंचायत पैला की कुल आबादी तकरीबन दस हजार के ऊपर है और गांव के नाम लाइसेंस पर बेहजम कस्बे में इंडियन ओवरसीज बैंक संचालित है और कार्य कर रही है। गांव वालों के मुताबिक करीब सात वर्ष पूर्व हमारे गांव को मंत्री जितिन प्रसाद के द्वारा ग्रामवासियों की बैकिंग सुविधाओं के लिए ग्राम पंचायत को एक राष्ट्रीयकृत बैंक स्वीकृति प्रदान करायी थी जो मौजूदा समय में पैला के नाम से बेहजम कस्बे में कार्य कर रही है। जिससे गांव के बुजुर्गों महिलाओं और बच्चियों सहित आम उपभोक्ताओं को बैंक कार्य के लिए आठ किलोमीटर दूर जाना पड़ता है जबकि बेहजम कस्बे में अन्य कई बैंक संचालित है। कस्बे सहित क्षेत्र के लोगों को अपनी अपनी सुविधायें दे रही हैं फिर भी पैला की स्वीकृति बैंक बेहजम कस्बे में क्यों चल रही है। क्या इतनी बड़े क्षेत्रफल वाली ग्राम पंचायत में बैक के लिए पर्याप्त जगह नहीं है अधिकारी इसका जवाब दें। अपने गांव में पुन: बैंक वापस आये और आम जनता को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराये इसलिए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान श्रीपाल मिश्रा की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीणों ने एक लिखित प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी और बैंक अधिकारियों को रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजा है। अब देखना है क्या सक्षम अधिकारी इस समस्या पर गौर करेंगे और पुन: पैला ग्राम पंचायत को उसको अपनी बैंक वापस दिलायेंगे।

### श्री पाल सिंह विद्या मंदिर इंटर कालेज में हुआ सभागार का उद्घाटन

**मैगलगंज-खीरी।** मैगलगंज खीरी के श्री पाल सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज का नवीन कक्ष के सभागार का उद्घाटन किया गया। साथ ही साथ मेधावी छात्र अलंकृत समारोह में मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। साथ ही साथ इस समारोह में आये पत्रकारों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि में हेम चंद्र संगठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश ने मां सरस्वती के सामने पुष्प अर्पित कर वंदना की व विधि विधान से पूजा अर्चना की एवं पत्थर का अनावरण किया एवं उनके साथ राजकुमार सिंह प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति अवध उत्तर प्रदेश एवं उनके साथ विद्यालय के अध्यक्ष छविनाथ सिंह यादव, प्रबंधक राधेश्याम गुप्ता, कोषाध्यक्ष राम मोहन गुप्ता, प्रधानाचार्य श्याम मनोहर शुक्ला, उपाध्यक्ष राम कुमार गुप्ता एवं समस्त अभिभावक ने भी आकर के समारोह की शोभा को बढ़ाया।

# प्रिकॉशन डोज अभियान का सीएमओ ने किया शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी।** 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को अब निशुल्क में प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी। शासन के निर्देश पर शुक्रवार को जनपद में भी इसका शुभारंभ हो गया। जिला पुरुष चिकित्सालय में सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस दौरान डीआईओ डा. अनिल कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे। सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सरकार द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी युवक.युवतियोंए महिलाओं एवं पुरुषों को भी अब निशुल्क में ही प्रिकॉशन डोर लगाई जाएगी। उत्तर प्रदेश सहित जनपद में भी इसकी शुरुआत शुक्रवार से हो गई है। पहले दिन जिला पुरुष चिकित्सालय से निशुल्क प्रिकॉशन डोज अभियान का शुभारंभ हुआ और इस दिन 50 से अधिक लोगों को प्रिकॉशन डोज लगाई गई है। वहीं पहली व दूसरी डोज एएनएम आराधना वर्मा व एएनएम मीरा राज द्वारा सीतांशु शुक्ला और पीयूष मिश्रा को सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी व डीआईओ डा. अनिल कुमार गुप्ता की उपस्थिति में लगाई गई। इस दौरान सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अभी तक प्रिकॉशन डोज सिर्फ60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों सहित फ्रंटलाइन वर्कर को लगाई जा रही थी लेकिन सरकार ने जनता को एक बड़ा तोहफा दिया है अब किसी को भी प्रिकॉशन डोज के लिए एक रुपया भी खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस दौरान एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सभी को कोरोना वायरस से पूर्ण सुरक्षा देना है।

# पेज एक का शेष

### रानिल विक्रमसिंघे...

संविधान का 2015 में अपनाया गया 19ए संशोधन कार्यवाहक राष्ट्रपति के मुकाबले संसद को अधिक शक्तियां देता है। हालांकि, गोटबाया राजपक्षे के नवंबर 2019 में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद 19ए को निरस्त कर दिया गया। विक्रमसिंघ ने यह भी कहा कि मौजूदा आर्थिक संकट को हल करने के लिए सभी दलों के मिलकर काम करने की जरूरत है, जिसके लिए सर्वदलीय सरकार बनाई जानी चाहिए। संसद के अध्यक्ष अभयवर्धने ने पार्टी के नेताओं को बताया कि संसद नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए 20 जुलाई को बैठक करेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन 19 जुलाई को मंगाए जाएंगे। राष्ट्रपति कार्यालय में रिक्ति की घोषणा के बारे में शनिवार को संसद को आधिकारिक रूप से सूचना दी जाएगी। अध्यक्ष ने कहा कि संविधान के अनुसार, विक्रमसिंघे राष्ट्रपति के तौर पर काम करेंगे और नए राष्ट्रपति के चुनाव की संवैधानिक प्रक्रिया पूरी होने तक राष्ट्रपति कार्यालय की शक्तियों के अनुसार दायित्वों का निर्वहन करेंगे और कामकाज संभालेंगे।

### संसद परिसर...

ट्वीट कर सरकार की आलोचना की और कहा कि यह लोकतंत्र की आवाज दबाने का प्रयास है। उन्होंने सरकार को निकम्मी और डरपोक बताकर निशाना साधा। येचुरी ने कहा कि इस तरह के तानाशाही आदेश निकाल कर लोकतंत्र का मखौल उड़ाया जा रहा है। संसद भवन परिसर में धरना देना सांसदों का एक राजनीतिक अधिकार है, जिसका हनन हो रहा है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद परिसर से महात्मा गांधी की प्रतिमा ही क्यों नहीं हटा देते। राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने ट्वीट किया कि बुलेटिन लाकर ये कहा जा रहा है कि संसद के अंदर धरना नहीं दे सकते। ये संसदीय लोकतंत्र को कब्रगाह तक ले जाने की कोशिश हो रही है। हमारी मांग है कि लोकसभा स्पीकर और चेयरमैन तुरंत इसमें हस्तक्षेप करें। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने इस बुलेटिन को लेकर सरकार पर तंज कसते हुए ट्वीट किया कि क्या अब वे संसद में पूछे जाने वाले प्रश्नों को लेकर भी ऐसा करेंगे? आशा करती हूं कि यह पूछना असंसदीय प्रश्न नहीं है। वहीं, इस बारे में पूछे जाने पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने संवाददाताओं से कहा कि ऐसे बुलेटिन जारी करना एक प्रक्रिया का हिस्सा है। यह प्रक्रिया लम्बे समय से जारी है। उन्होंने कहा कि ऐसा बुलेटिन 2009 में भी जारी किया गया था। बिरला ने कहा कि हमारा सभी राजनीतिक दलों से आग्रह है कि वे लोकसभा, राज्यों की विधानसभाओं जैसी लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर बिना तथ्यों के राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप नहीं करें। उन्होंने कहा कि हमें लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने का प्रयास करना चाहिए और जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। एक दिन पहले ही, संसद में बहस आदि के दौरान सदस्यों द्वारा बोले जाने वाले कुछ शब्दों को असंसदीय शब्दों की श्रेणी में रखे जाने के मुद्दे पर विपक्षी दलों ने सरकार को घेरते हुए कहा था कि सरकार की सच्चाई दिखाने के लिए विपक्ष द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सभी शब्द अब असंसदीय माने जाएंगे।

### डिजिटल मीडिया...

साथ केंद्रीकृत किया गया है और प्रेस रजिस्ट्रार और एक अपीलीय बोर्ड, मसौदे में सुझाव दिया गया है। मसौदा बिल में डिजिटल मीडिया पर समाचार को डिजीटल प्रारूप में समाचार के रूप में परिभाषित किया गया है जिसे इंटरनेट, कंप्यूटर या मोबाइल नेटवर्क पर प्रसारित किया जा सकता है और इसमें टेक्स्ट, ऑडियो, वीडियो और ग्राफिक्स शामिल हैं।

### लोकतंत्र में...

न्यायाधीश देवेंद्र कुमार जांगला ने 50,000 रुपये के मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर जुबैर को राहत दी। साथ ही अदालत ने जुबैर को उसकी पूर्व अनुमति के बिना देश से बाहर नहीं जाने को कहा।

### निर्माणाधीन गोदाम...

शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है। दिल्ली नगर निगम ने एक बयान में कहा कि बकोली गांव में निजी जमीन पर दीवार बनाई जा रही थी। सब डिविजनल मजिस्ट्रेट ने निर्माण पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था। एमसीडी ने 22 अप्रैल को तोड़फोड़ की कार्रवाई की थी और संबंधित थाने को वहां निर्माण गतिविधियों की अनुमति नहीं देने के लिए लिखा था। 13 जुलाई को, इलाके के कनिष्ठ अभियंता ने क्षेत्र के दौरे के दौरान मौके पर निर्माण गतिविधियों को देखा, जिसके बाद संबंधित संपत्ति के मालिक को नोटिस जारी किया गया था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि गोदाम का क्षेत्रफल लगभग 5,000 वर्ग गज है और दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि निर्माण गैरकानूनी रूपे से किया जा रहा था। वहीं पुलिस ने कहा कि अलीपुर थाने को दोपहर 12:40 बजे दीवार गिरने की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंचने पर यह पाया गया कि निर्माणाधीन गोदाम की लगभग 100 फुट लंबी और 15 फुट ऊंची दीवार गिर गई। दीवार के पास नींव की खुदाई कर रहे करीब 20 मजदूर मलबे के नीचे दब गए। राहत और बचाव कर्मियों ने 13 मजदूरों को बाहर निकाल कर नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद ऋषिपाल, प्रमोद, प्रमोद कुमार, बबलू व प्रमोद को मृत घोषित कर दिया गया।

### दलाई लामा...

चीन के नाराज होने की आशंका है। इस महीने की शुरुआत में चीन ने दलाई लामा को उनके 87वें जन्मदिन पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा था कि भारत को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए तिब्बत से संबंधित मुद्दों का इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। वहीं भारत ने चीन की आलोचना को खारिज करते हुए कहा था कि दलाई लामा देश के सम्मानित अतिथि हैं। पिछले दो वर्षों में हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला के बाहर दलाई लामा की यह पहली यात्रा है। पदाधिकारी ने कहा, दलाई लामा इससे पहले भी लद्दाख का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने तवांग (अरुणाचल प्रदेश) का भी दौरा किया था, लेकिन महामारी के कारण पिछले दो वर्षों में वह कोई यात्रा नहीं कर सके। तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने बृहस्पतिवार को जम्मू में कहा था कि चीन में अधिक से अधिक लोग यह महसूस करने लगे हैं कि वह स्वतंत्रता नहीं बल्कि तिब्बती बौद्ध संस्कृति की सार्थक स्वायत्तता और संरक्षण की मांग कर रहे हैं।दलाई लामा 1959 में तिब्बत से पलायन के बाद से भारत में रह रहे हैं।

### आईआईटी मद्रास...

की श्रेणी में आईआईटी मद्रास ने पहला स्थान हासिल किया जबकि दूसरा स्थान आईआईएससी बेंगलुरु, तीसरा स्थान आईआईटी बॉम्बे, चौथा स्थान आईआईटी दिल्ली तथा पांचवां स्थान आईआईटी कानपुर ने हासिल किया। विश्वविद्यालयों की श्रेणी में भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) ने पहला स्थान, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने दूसरा स्थान, जामिया मिलिया इस्लामिया ने तीसरा स्थान, यादवपुर विश्वविद्यालय कोलकाता ने चौथा स्थान तथा अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबतूर ने पांचवां स्थान हासिल किया। एनआईआरएफ रैंकिंग में पिछले वर्ष इस श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की रैंकिंग इस साल छठे स्थान पर चली गई। शिक्षा मंत्रालय की राष्ट्रीय रैंकिंग में आईआईटी मद्रास इंजीनियरिंग कॉलेज पहले स्थान पर, आईआईटी दिल्ली और आईआईटी बॉम्बे क्रमश: दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। इंजीनियरिंग संस्थानों की श्रेणी में आठ आईआईटी ने शीर्ष 10 में जगह बनाई। इसमें आईआईटी मद्रास, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी बम्बई, आईआईटी कानुपर, आईआईटी खडगपुर, आईआईटी रूड़की, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी हैदराबाद शामिल हैं। भारत के सर्वश्रेष्ठ बी-स्कूल की श्रेणी में आईआईएम अहमदाबाद ने पहला स्थान, आईआईएम बेंगलुरू ने दूसरा स्थान और आईआईएम कलकत्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया। कालेजों की श्रेणी में मिरांडा हाउस ने पहला स्थान, हिंदू कॉलेज ने दूसरा स्थान, प्रेसीडेंसी कॉलेज ने तीसरा स्थान और लोयला कालेजा चेन्नई ने चौथा स्थान हासिल किया।

### डीयू और...

13वां स्थान प्राप्त किया और समग्र रैंकिंग में भी डीयू पिछले साल के 19वें स्थान से गिरकर 23वें स्थान पर रहा। गुरू गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो पायदान ऊपर बढ़ा और 77वां स्थान प्राप्त किया। दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ने इस वर्ष 38वां स्थान हासिल किया, जबकि पिछले वर्ष वह 42वें स्थान पर रहा था। दिल्ली विश्वविद्यालय एनआईआरएफ में पिछले साल 12वें, 2020 में 11वें, 2019 में 13वें और 2018 में सातवें स्थान पर रहा था।

# राजग की जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ केसीआर ने की विपक्षी नेताओं से बात

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद



**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव केंद्र की कथित जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ अपने अभियान के तहत कई गैर भाजपाई दलों के नेताओं से संपर्क साध रहे हैं। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के सूत्रों ने कहा कि पार्टी के अध्यक्ष राव देश के संघीय, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के अपने प्रयासों को तेज करेंगें, जो फिलहाल खतरे में हैं। सूत्रों ने कहा कि केसीआर देश को आर्थिक संकट की ओर ले जा रही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को बेनकाब करने की दिशा में काम कर रहे हैं। विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ मुखर होकर अपने विचार प्रकट करने वाले राव राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन आयोजित करके केंद्र सरकार के अलोकतांत्रिक रवैए को बेनकाब करने की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि राव राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के करीबियों समेत विभिन्न नेताओं से बात कर चुके हैं। विपक्षी दलों के शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों या प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने केसीआर को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। राव ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विभिन्न दलों को एकजुट करने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं और उन्होंने शरद पवार, उद्धव ठाकरे और अखिलेश यादव समेत विभिन्न विपक्षी नेताओं से बात की है। राव ने 10 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत का सबसे कमजोर और अक्षम प्रधानमंत्री करार देते हुए कहा था कि केंद्र में डबल इंजन वाली गैर भाजपा सरकार की जरूरत है। अप्रैल में पार्टी के 21वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राव ने राजग सरकार की नीतियों के मद्देनजर देश को बचाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने का वादा किया था। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि देश को वैकल्पिक एजेंडा चाहिए न कि राजनीति मोर्चा या गठबंधन।

# कर्नाटक में विस चुनाव की रणनीति पर भाजपा ने शुरू किया मंथन

**बेंगलुरु।** सत्तारूढ़ भाजपा की कर्नाटक इकाई ने 2023 के राज्य विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के मकसद से रणनीति पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को अपना विचार-मंथन सत्र शुरू किया। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, भाजपा की कर्नाटक इकाई के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, राज्य पार्टी अध्यक्ष नलिन कुमार कतील, कर्नाटक के मंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी बेंगलुरु के देवनहल्ली के एक निजी रिजॉर्ट में दिन भर चलने वाली विचार-मंथन बैठक में भाग ले रहे हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा, जगदीश शेट्टार और डी. वी. सदानंद गौड़ा भी पार्टी के मंथन सत्र में भाग ले रहे हैं।

पार्टी के एक पदाधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, बैठक में पार्टी के लगभग 50 वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं। इसका उद्देश्य पार्टी के आधार को मजबूत करना और आगामी चुनाव जीतने के लिए रणनीति तैयार करना है, जो मुश्किल से 10 महीने बाद होने वाला है। पार्टी पदाधिकारी के अनुसार, पार्टी और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय पर चर्चा होगी, ताकि संगठन के कार्यकर्ता सरकारी कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर ले जाने और लाभार्थियों तक पहुंचने में उनकी मदद कर सकें। साथ ही, मंत्रियों और विधायकों से कहा जाएगा कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनौतियों को समझने का समय दें, यदि कोई शिकायत हो तो उनका समाधान करें और बूथ स्तर पर काम करने के लिए उनके साथ समन्वय करें। विचार-मंथन का उद्देश्य कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं और विधायकों के बीच असंतोष से निपटना भी है। कुछ विधायक कैबिनेट पदों के लंबे समय से खाली रहने के बावजूद उन्हें मंत्री नहीं बनाए जाने पर कई बार नाराजगी जता चुके हैं।



जम्मू में पिलग्रिम में अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाते हुए श्रद्धालु।

# कैबिनेट की आखिरी बैठक में औरंगाबाद का नाम बदलना अवैध, फिर से मंजूरी देंगे: शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि पूर्ववर्ती महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार द्वारा औरंगाबाद का नाम बदलने के संबंध में लिया गया फैसला अवैध था, क्योंकि सरकार अल्पमत में थी और इसे कैबिनेट की अगली बैठक में फिर से मंजूरी दी जाएगी। उद्धव ठाकरे नीत एमवीए सरकार ने 29 जून को कैबिनेट की आखिरी बैठक में मध्य महाराष्ट्र में स्थित औरंगाबाद का नाम छत्रपति शिवाजी के बड़े बेटे छत्रपति संभाजी के नाम पर संभाजीनगर करने की घोषणा की थी। इसके कुछ घंटे बाद ही ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। शिंदे ने अगले दिन 30 जून को भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

मुख्यमंत्री ने यहां एक कार्यक्रम में दावा किया, एमवीए सरकार ने अपनी कैबिनेट की आखिरी बैठक में औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने का फैसला तब किया, जब सरकार अल्पमत में आ गई थी। (ऐसी स्थिति में) कैबिनेट की बैठक करना अवैध था। शिंदे ने कहा कि शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे ने कई दशक पहले औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने का ऐलान किया था। औरंगाबाद का नाम मुगल बादशाह औरंगज़ेब के नाम पर रखा गया है।

उन्होंने कहा, पहले से ही संभाजीनगर नाम है। हम कैबिनेट की अगली बैठक में इसे मंजूरी देंगे, जो इस फैसले को कानूनी तौर पर सुरक्षित करेगा। खैरे ने कहा कि शिंदे नीत सरकार ने नाम बदलने पर रोक लगा दी है, जो छत्रपति संभाजी का अपमान है।शहर के हवाई अड्डे का नाम भी एक महीने में संभाजी के नाम पर रखने की मांग करते हुए खैरे ने कहा, भाजपा जब 2014-19 तक सत्ता में थी, तब उसने नाम क्यों नहीं बदला? भाजपा नीत केंद्र सरकार ने औरंगाबाद हवाई अड्डे का नाम (छत्रपति संभाजी के नाम पर रखने) का प्रस्ताव तक पारित नहीं किया।

## भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ माकपा विधायक की टिप्पणी की निंदा की

**पालक्कड़/तिरुवनंतपुरम।** केरल में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ विधानसभा में हाल में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक ए. एन. शमसीर पर निशाना साधा और विधानसभा अध्यक्ष से जल्द से जल्द टिप्पणी को सदन के रिकॉर्ड से हटाने का आग्रह किया। भाजपा ने तलासेरी के विधायक शमसीर को प्रधानमंत्री के खिलाफ बेहद अपमानजनक और बेबुनियाद टिप्पणी के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध की भी चेतावनी दी। भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि शमसीर ने सदन में प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की, लेकिन न तो मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और न ही अध्यक्ष एम. बी. राजेश ने उन्हें रोकने का कोई प्रयास किया। सुरेंद्रन ने पालक्कड़ में संवाददाताओं से कहा, सत्तारूढ़ दल के विधायक द्वारा की गई टिप्पणी देश के लोकतांत्रिक इतिहास में अभूतपूर्व थी। वे लोकतंत्र विरोधी होने के साथ-साथ सदन की गरिमा के खिलाफ भी थीं। इस मुद्दे पर वरिष्ठ विधायकों, मंत्रियों की चुप्पी को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताते हुए उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से सदन के रिकॉर्ड से विवादास्पद टिप्पणियों को जल्द से जल्द हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। शमसीर ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा था कि अगर कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने 2002 के गुजरात दंगों के मामलों की ठीक से जांच की होती, तो मोदी सलाखों के पीछे होते। इस बीच, भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने शमसीर की टिप्पणी के खिलाफ तिरुवनंतपुरम में विरोध मार्च निकाला।

# झारखंड में पिछले दो महीनों में अवैध खनन से संबंधित 36 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्तः ईडी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि झारखंड में कथित अवैध खनन से संबंधित धन शोधन की दो अलग-अलग जांच में पिछले दो महीने से ज्यादा समय में 36 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की गई है। ताजा जब्ती में ईडी ने झारखंड में अवैध खनन से जुड़े धन शोधन के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजनीतिक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और अन्य के बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की है। यह कार्वाई राज्य में टोल प्लाजा निविदाओं के संचालन में कथित अनियमितताओं और अवैध खनन के मामलों की जांच के तहत आठ जुलाई को राज्य के साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में कम से कम 19 स्थानों पर छापेमारी के बाद हुई है। ईडी ने एक बयान में कहा, पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपए की नकदी अवैध खनन मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जब्त की गई है।

प्रवर्तन निदेशालय ने आठ जुलाई को कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपए की बिना हिसाब की नकदी जब्त की थी। अवैध रूप से संचालित किए जा रहे पांच स्टोन क्रशर और इतनी ही संख्या में अवैघ आग्नेयास्त्र के कारतूस भी जब्त किए गए। ईडी ने कहा, विभिन्न व्यक्तियों के बयान, डिजिटल साक्ष्य और दस्तावेजों सहित जांच के दौरान एकत्र किए गए सबूतों से पता चला है कि जब्त की गई नकदीबैंक बैलेंस वन क्षेत्र सहित साहिबगंज क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किए जा रहे अवैध खनन से प्राप्त हुआ। ईडी ने कहा कि इन छापों के दौरान कथित अवैध खनन से अर्जित 100 करोड़ रुपए की आय का भी पता चला।

दूसरे मामले में राज्य में कथित अवैध खनन से जुड़ी नकदी का पता चला। यह मामला इस साल मई में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी की कार्वाई से संबंधित है। एजेंसी ने मई में पूजा सिंघल, उनके कारोबारी पति और अन्य के खिलाफ धन शोधन को लेकर चल रही जांच के तहत छापा मारा था। झारखंड के खनन सचिव का प्रभार संभाल रहीं सिंघल को ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था। सिंघल और उनके पति से जुड़े एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) सुमन कुमार को भी एजेंसी ने गिरफ्तार किया था और तब कुल 19.76 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गई थी। ईडी ने सिंघल और अन्य के खिलाफ इस महीने रांची की विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। ईडी ने कहा, जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य (सिंघल और अन्य के खिलाफ) से पता चला है कि जब्त नकदी का बड़ा हिस्सा अवैध खनन से प्राप्त किया गया था और यह वरिष्ठ नौकरशाहों और नेताओं का था। एजेंसी ने कहा कि झारखंड में कथित अवैध खनन से जुड़े इन दो मामलों में कुल 36.98 करोड़ रुपए नकदी की जब्ती की गई है। ईडी की यह कार्वाई ऐसे समय में हुई है जब मुख्यमंत्री सोरेन राज्य में खनन पट्टे के मालिकाना हक रखने के मामले में घिरे हुए हैं। निर्वाचन आयोग इस मामले की सुनवाई कर रहा है क्योंकि भाजपा ने चुनावी कानून के तहत सोरेन को विधायक के रूप में अयोग्य घोषित करने की मांग की है।

## ईडी ने पश्चिम बंगाल के समूह पर छापेमारी के बाद 95 करोड़ रुपए की बैंक जमा राशि पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन जांच के तहत पश्चिम बंगाल की रश्मि समूह की कंपनियों के कई परिसरों में छापेमारी की और लगभग 95 करोड़ रुपए की बैंक जमा राशि के लेन देन पर रोक लगा दी। ईडी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईडी, कंपनी और उसके प्रवर्तकों की जांच कर रही है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि मामला लौह अयस्क के परिवहन के लिए माल ढुलाई के कम शुल्क का लाभ लेने के इरादे से भारतीय रेलवे की दोहरी माल ढुलाई नीति का गलत इस्तेमाल करके सरकारी खजाने को 73.40 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने से संबंधित है। 13 जुलाई को पश्चिम बंगाल में तीन स्थानों पर छापेमारी की गई थी। धन शोधन का मामला रश्मि समूह की कंपनियों के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सामने आया है। इनमें रश्मि सीमेंट लिमिटेड और रश्मि मेटालिक लिमिटेड शामिल हैं।



वडोदरा में एनडीआरएऊ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बचाव अभियान करते हुए।

# कला के माध्यम से समाज में प्रदूषण फैलाया जा रहा हैः भैयाजी

**भाषा।** जयपुर

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ** की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य भैयाजी सुरेश जोशी ने कला के विकृत रूप पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि उसके माध्यम से समाज में प्रदूषण फैलाया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा के व्यवसाईकरण पर भी चिंता प्रकट की एवं कहा है कि भारत में विद्या बेचने का नहीं, दान का विषय रहा है। उन्होंने कहा, देश में कला का श्रेष्ठ स्थान रहा है लेकिन इसके माध्यम से समाज में प्रदूषण फैलाया जा रहा है, इसे ठीक करने की आवश्यकता है। इसी तरह धर्म का भी भारतीय समाज में बड़ा महत्व रहा है। वह शुक्रवार को भारत विकास परिषद, राजस्थान उत्तर-पूर्व प्रांत की ओर से आयोजित प्रबुद्ध एवं संभ्रांत जन संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास रहा है कि कभी किसी के साथ अन्याय नहीं किया गया एवं हर व्यक्ति सहकारिता के साथ जीता है। यहां जारी एक बयान के अनुसार कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन कभी आत्मकेंद्रित नहीं रहा, बल्कि सर्व कल्याण का रहा है, यह सबके साथ शांति के साथ रहने का संदेश देने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय मनीषी, ऋषि, सन्यासी और विद्वान जहां भी गए, यह ज्ञान लेकर गए। उन्होंने कहा कि आज भारत को जानने की महती आवश्यकता है, क्योंकि भारत को भारतीय दृष्टि से जानने वाले कम है। उन्होंने कहा कि हमें भारत को जानने वाला ही नहीं बल्कि भारत को मानने वाला भी बनना है।

भैयाजी ने कहा कि देश को आगे ले जाने में विद्वान, रक्षा करने वालों, उद्योग धंधे चलाने वालों, नियमित श्रम करने वालों, सभी लोगों का योगदान है तथा भिन्न भिन्न शक्तियां के योगदान से हजारों वर्षों से हमारा समाज चलता आया है।

## कोविड संक्रमण से उबर रहे है स्टालिन, प्रधानमंत्री ने पूछा हाल-चाल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन कोरोना वायरस संक्रमण से उबर रहे हैं तथा उन्हें कुछ और दिनों के लिए आराम करने की सलाह दी गई है। उनका इलाज कर रहे अस्पताल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टालिन से फोन पर बात की और उनका हाल-चाल पूछा। मुख्यमंत्री स्टालिन 12 जुलाई को कोविड-19 से संक्रमित पाए गए थे और उन्हें बृहस्पतिवार को जांच के लिए यहां कावेरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने बुलेटिन में कहा, जांच पूरी हो गई है और कोविड के उपचार के प्रोटोकॉल के अनुसार दवाएं दी गई हैं। मुख्यमंत्री बीमारी से उबर रहे हैं और अभी उनकी हालत सही है। उन्हें कुछ और दिन आराम करने की सलाह दी गई है। राज्य सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री से फोन पर बात की और उनका हाल-चाल पूछा। इसमें कहा गया है, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि वह स्वस्थ हो रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### राकांपा ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना को मंजूरी देने पर मुख्यमंत्री शिंदे की खिंचाई की

**मुंबई।** राकांपा ने अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना को दी गई मंजूरी को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शुक्रवार को आलोचना की और कहा कि मुख्यमंत्री को राज्य से जुड़े मुद्दों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि शिंदे ने परियोजना में तेजी लाने के लिए सभी मंजूरी दे दीं, जिसे शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की पिछली महा विकास आघाड़ी के नेतृत्व वाली सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया था। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता महेश तापसे ने कहा, एकनाथ शिंदे की अवैध सरकार ने बुलेट ट्रेन परियोजना को मंजूरी देने में तेजी दिखाई है। उन्होंने कहा कि शिंदे ठाणे जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो राज्य का सबसे अधिक शहरीकृत जिला है, जहां सबसे अधिक नगर निगम हैं। तापसे ने कहा, शिंदे को पड़ोसी राज्य गुजरात के सामने झुकने के बजाय राज्य और ठाणे जिले से संबंधित मुद्दों पर अधिक ध्यान देना चाहिए ताकि शहरी समस्याओं का समाधान किया जा सके। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की अनुमानित लागत।,10,000 करोड़ रुपए है, जिसमें से 88,000 करोड़ रुपए जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जिका) द्वारा वित्त पोषित किए जा रहे हैं। परियोजना के लिए महाराष्ट्र में आवश्यक 70 प्रतिशत से अधिक भूमि ठाणे और पालघर जिलों में अधिगृहित कर ली गई है।

### मप्र : जूट की खाली बोरियों में आड़ में ले जाया जा रहा।,200 किग्रा गांजा पकड़ा गया

**इंदौर।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने ओडिशा से गांजे की तस्करी के एक और मामले का भंडाफोड़ किया है। मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में इस नशीले पदार्थ की करीब।,200 किलोग्राम वजनी खेप के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एनसीबी की इंदौर स्थित क्षेत्रीय इकाई के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुखबिर की सूचना पर नरसिंहपुर जिले में एक ट्रक को बृहस्पतिवार को रोका गया और तलाशी के दौरान इसमें करीब।,200 किलोग्राम गांजा मिला। अधिकारी ने बताया कि ट्रक में जूट की खाली बोरियों की आड़ में छिपाया गया गांजा ओडिशा के सोनपुर से भेजा गया था और इस खेप को राजस्थान के भरतपुर ले जाया जा रहा था। ओडिशा से सड़क मार्ग द्वारा गांजे की तस्करी के मामले मध्यप्रदेश में एनसीबी द्वारा लगातार पकड़े जा रहे हैं।

### शिवसेना कार्यकर्ताओं पर हमले बर्दाश्त नही किए जाएंगेःउद्धव

**मुंबई।** शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। ठाकरे ने पार्टी के भायखला कार्यालय का दौरा करने के बाद यह बयान दिया। वहां उन्होंने शिवसेना के कार्यकर्ता बबन गांवकर से मुलाकात की थी, जिन पर बृहस्पतिवार रात कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया था। ठाकरे ने कहा, शिवसेना कार्यकर्ताओं के जीवन से खिलवाड़ के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर पुलिस अपराधियों को दंडित नहीं कर सकती, तो शिवसेना के कार्यकर्ता ऐसा करेंगे। पुलिस को राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए। दक्षिण मुंबई का भायखला इलाका यामिनी जाधव का विधानसभा क्षेत्र है। जाधव शिवसेना के उन बागी विधायकों में शामिल हैं, जिन्होंने उद्धव ठाकरे के खिलाफ जाकर एकनाथ शिंदे गुट का साथ देने का फैसला किया था।

### असम : 80 लाख रुपए की हेरोइन जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**दिफू (असम)।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में 80 लाख रुपए की हेरोइन जब्त कर एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नगालैंड के दीमापुर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को दोक्मोका में पुलिस के एक गश्ती दल ने रोका। उनके पास से साबुन के डिब्बे में 122.22 ग्राम मादक पदार्थ और करीब पांच हजार रुपए जब्त किए गए। बिहार के वैशाली जिले के निवासी एक पुरुष और असम के मोरीगांव की एक महिला को इस मामले में गिरफ्तार किया गया।

## लातेहार में अपराधियों ने पूर्व माओवादी को गोलियों से भुना

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में छिपादोहर थानाक्षेत्र के बेरे गांव में गुरुवार रात को लगभग 20अज्ञात बंदूकधारियों ने पूर्व माओवादी जीतन सिंह खरवार को कथित रूप से गोलियों से भून दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खरवार झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के नक्सलियों का साथी रह चुका था। गुरुवार रात्रि करीब सवा आठ बजे करीब 20 बंदूकधारी खरवार के घर आ धमके और उन्होंने उसके हाथ-पैर पर दो गोलियां मारकर उसे घायल कर दिया। बाद में उन्होंने उसे घर से बाहर ले जाकर गोलियों से भून दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पूर्व माओवादी खरवार जेल से छूटने के बाद आजकल अपने घर पर रह रहा था। पुलिस को तड़के घटना की सूचना मिली। थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। किसी संगठन ने अबतक हत्या की जिम्मेदारी नहीं ली है। तिवारी ने कहा कि पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# तकनीकी कारणों के चलते गोवा विस में नए नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति में विलंबः अध्यक्ष

**भाषा।** पणजी

**गोवा विधानसभा** के अध्यक्ष रमेश तावड़कर ने शुक्रवार को कहा कि तकनीकी कारणों के चलते सदन में नए नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति में देरी हो रही है। कांग्रेस ने रविवार को माइकल लोबो को 40 सदस्ईय विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के पद से हटा दिया था। पार्टी ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत और लोबो पर राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर साजिश रचने और मिलीभगत करने का आरोप लगाया था, ताकि पार्टी के विधायकों में फूट डाली जा सके। हालांकि, लोबो अपने पद पर बने रहे।

लोबो, कामत और कांग्रेस के तीन अन्य विधायक, जिनसे सम्पर्क ना हो पाने का पार्टी ने रविवार को दावा किया था, वे सोमवार को सुबह विधानसभा के मानसून सत्र में शामिल हुए और दावा किया कि विपक्षी दल में कोई विवाद नहीं है। तावड़कर ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से कहा, कुछ तकनीकी कारण हैं, जिन पर उन्होंने (कांग्रेस ने) मुझसे चर्चा की है। यही कारण है कि नए नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति नहीं हो सकी। हालांकि, उन्होंने मामले पर विस्तृत रूप से कोई जानकारी नहीं दी।

गोवा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष अमित पाटकर ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर जानकारी दी थी कि लोबो को नेता प्रतिपक्ष के पद से हटा दिया गया है। हालांकि, कांग्रेस विधायक दल ने अभी तक नए नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति नहीं की है। उप नेता प्रतिपक्ष संकल्प अमोनकर ने इस संबंध में सवाल करने पर कहा कि नए नेता प्रतिपक्ष के संबंध में पार्टी आला कमान फैसला करेगा। इस संबंध में जल्द फैसला किया जाएगा।राज्य विधानसभा का मानसून सत्र अगले शुक्रवार तक चलेगा।

## देवेंद्र फडणवीस ने राज ठाकरे से मुलाकात की

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को मुंबई में मनसे के अध्यक्ष राज ठाकरे से मुलाकात की। मध्य मुंबई के दादर में ठाकरे के आवास शिवतीर्थ पर दोनों के बीच अब भी बातचीत चल रही है। मनसे प्रमुख की पिछले महीने लीलावती अस्पताल में कूल्हे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के बाद फडणवीस की यह ठाकरे से पहली मुलाकात है। इस महीने की शुरुआत में ठाकरे ने फडणवीस को एक खुला पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे होने के बावजूद उपमुख्यमंत्री पद स्वीकार करने के लिए उनकी तारीफ की थी। बीएमसी के आगामी चुनाव और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महाराष्ट्र मंत्रिमंडल के लंबित विस्तार के मद्देनजर दोनों नेताओं के बीच हुई यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पिछले महीने शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के अधिकांश विधायकों ने पार्टी के खिलाफ विद्रोह कर दिया था, जिसके बाद उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई थी।

# राजद विधायक को आपराधिक मामले में दोषी ठहराने के बाद अयोग्य घोषित

**भाषा।** पटना

**बिहार विधानसभा** सचिवालय ने मोकामा से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक अनंत सिंह को उनके घर से एक एके-47 राइफल और अन्य हथियार बरामद करने के मामले में अदालत से सजा सुनाए जाने के बाद सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। सचिवालय से 14 जुलाई को जारी एक अधिसूचना के अनुसार मोकामा (विधानसभा सीट संख्या 178) के विधायक अनंत सिंह को एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा आठ के तहत सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

पटना की एक विशेष अदालत ने सिंह को उनके घर से एके-47 राइफल और अन्य हथियार बरामद करने के मामले में 21 जून को दस साल कैद की सजा सुनाई थी। अदालत (सांसद/विधायक) के विशेष न्यायाधीश त्रिलोकी दुबे ने सिंह को 14 जून को शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और भादंसं के तहत दोषी ठहराया था। वह बेउर सेंट्रल जेल, पटना में बंद है। सिंह को छोटे सरकार के नाम से भी जाना जाता है। सिंह अपने चुनावी दस्तावेजों के अनुसार हत्या, जबरन वसूली, अपहरण और अवैध हथियार रखने सहित कई आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। पुलिस ने 16 अगस्त 2019 को करीब 11 घंटे तक चले तलाशी अभियान के दौरान विधायक के घर से एक एके-47, दो हथगोले, 26 गोलियां और एक मैगजीन बरामद किया था। बिहार की 243 सदस्ईय विधानसभा में राजद के पास 80 विधायक थे। अनंत सिंह की अयोग्यता के साथ अब घटकर 79 हो गई है।

# अमेरिकी संसद में प्रतिबंधों से भारत को खास छूट दिलाने वाला विधेयक पारित

**● एनडीएए पर अमेरिकी सदन में चर्चा के दौरान संशोधित विधेयक ध्वनि मत से पारित**

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** की प्रतिनिधि सभा ने भारत को रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के लिए सीएएटीएसए प्रतिबंधों से खास छूट दिलाने वाले एक संशोधित विधेयक को बृहस्पतिवार को पारित कर दिया। भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना द्वारा पेश किए गए इस संशोधित विधेयक में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन से भारत को चीन जैसे आक्रामक रुख वाले देश को रोकने में मदद करने के लिए काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सेंक्शंस एक्ट (सीएएटीएसए) से छूट दिलाने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया गया है।राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार कानून (एनडीएए) पर सदन में चर्चा के दौरान बृहस्पतिवार को ध्वनि मत से यह संशोधित विधेयक पारित कर दिया गया। खन्ना ने कहा, अमेरिका को चीन के बढ़ते आक्रामक रूख के मद्देनजर भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। भारत कॉकस के उपाध्यक्ष के तौर पर मैं हमारे देशों के बीच भागीदारी को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने पर काम कर रहा हूं कि भारतीय-चीन सीमा पर भारत अपनी रक्षा कर सकें। उन्होंने कहा, यह संशोधन अत्यधिक महत्वपूर्ण है और मुझे यह देखकर गर्व हुआ कि इसे दोनों दलों के समर्थन से पारित किया गया है। सदन में अपनी टिप्पणियों में खन्ना ने कहा कि अमेरिका-भारत भागीदारी से ज्यादा महत्वपूर्ण अमेरिका के रणनीतिक हित में और कुछ भी इतना जरूरी नहीं है।

विधेयक में कहा गया है कि यूनाइटेड स्टेट्स-इंडिया इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीस (आईसीईटी) दोनों देशों में सरकारों, शैक्षणिक समुदाय और उद्योगों के बीच करीबी साझेदारी विकसित करने के लिए एक स्वागत योग्य और आवश्यक कदम है ताकि कृत्रिम बुद्धिमता, क्वांटम कम्प्यूटिंग, जैव प्रौद्योगिकी, एरोस्पेस और सेमीकंडक्टर विनिर्माण में नवीनतम प्रगति को अपनाया जा सकें।

इसमें कहा गया है कि इंजीनियर और कम्प्यूटर वैज्ञानिकों के बीच ऐसी भागीदारी यह सुनिश्चित करने में अहम है कि अमेरिका और भारत के साथ ही दुनियाभर में अन्य लोकतांत्रिक देश नवोन्मेष और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा दे सकें, ताकि ए रूस और चीन की प्रौद्योगिकी को पछाड़ सकें। वर्ष 2017 में पेश सीएएटीएसए के तहत रूस से रक्षा और खुफिया लेन-देन करने वाले किसी भी देश के खिलाफ दंडात्मक कार्वाई करने का प्रावधान है। इसे 2014 में क्रीमिया पर रूस के कब्जे और 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मॉस्को के कथित हस्तक्षेप के जवाब में लाया गया था।

## पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की पहली पत्नी इवाना ट्रंप का निधन

**न्यूयॉर्क ( अमेरिका )।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली पत्नी इवाना ट्रंप का न्यूयॉर्क शहर में निधन हो गया है। वह 73 वर्ष की थीं। उनके परिवार ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट लिखा, मुझे इवाना ट्रंप से प्यार करने वाले उन सभी लोगों को यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि उनका न्यूयॉर्क शहर में उनके आवास में निधन हो गया है। वह शानदार, खूबसूरत और असाधारण महिला थीं, जिन्होंने एक महान और प्रेरणादायक जिंदगी जी। उनका गौरव और खुशी उनके तीन बच्चे डोनाल्ड जूनियर, इवांका और एरिक थे। उन्हें बच्चों पर काफी गर्व था जैसा कि हम सभी को उन पर गर्व था। इवाना आपकी आत्मा को शांति मिले। इवाना का जन्म चेक गणराज्य के चेकोस्लोवाक शहर में 1949 में हुआ था। उन्होंने अपने दूसरे पति ट्रंप से 1977 में शादी की थी।



बेतेलहम के वेस्ट बैंक टाउन में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से हाथ मिलाते हुए

## ब्रिटेन : ऋषि सुनक को टक्कर देने वाले उम्मीदवार के चयन के लिए जोर-आजमाइश तेज

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** में कंजर्वेटिव पार्टी के नए नेता एवं प्रधानमंत्री पद की दौड़ में भारतीय मूल के ऋषि सुनक के नाम पर मुहर लग चुकी है और अब उन्हें टक्कर देने वाले दूसरे उम्मीदवार के चयन के लिए जोर-आजमाइश तेज हो गई है। शुक्रवार को बाकी के पांच दावेदार पहली बार सार्वजनिक मंच पर आमने-सामने होंगे।

कंजर्वेटिव पार्टी के सांसदों द्वारा किए गए पहले और दूसरे दौर के मतदान में विजेता बनकर उभरे सुनक और उनके बाकी प्रतिद्वंद्वियों-व्यापार मंत्री पेनी मोरडॉन्ट, विदेश मंत्री लिज ट्रस, पूर्व मंत्री केमी बेडनॉक और वरिष्ठ टोरी नेता टॉम टुगनधैत के बीच इस सप्ताहांत टेलीविजन पर तीखी बहस देखने को मिल सकती है।

दूसरे दौर के मतदान में कंजर्वेटिव पार्टी के नए नेता एवं प्रधानमंत्री पद की दौड़ से बाहर होने वाली भारतीय मूल की अटॉर्नी जनरल सुएला ब्रेवरमैन ने ट्रस का समर्थन करने की घोषणा की है। इससे तीसरे स्थान पर चल रहीं ट्रस की संभावनाओं को बल मिला है।

बृहस्पतिवार को दूसरे दौर की वोटिंग के बाद ब्रेवरमैन ने एक बयान जारी कर कहा था, लिज ब्रेक्जिट से उभरे अवसरों का लाभ उठाने और करों में जरूरी कटौती कर लोगों को राहत देने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। इस बात को लेकर सभी उत्सुक हैं कि सुनक को टक्कर देने के लिए ट्रस और मोरडॉन्ट में से कौन दूसरे पायदान पर पहुंचेगा। दोनों अंतिम उम्मीदवार कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों का समर्थन जुटाने के लिए अगले हफ्ते से अपना-अपना प्रचार अभियान शुरू करेंगे। द टाइम्स के मुताबिक, कार्यवाहक प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और उनका खेमा पूर्व चांसलर सुनक के इस्तीफे से ठगा हुआ महसूस कर रहा है, जो 10 डाउनिंग स्ट्रीट से जॉनसन के बाहर निकलने का सबब बना। यही कारण है कि यह खेमा ऋषि सुनक के अलावा कोई भी गुप्त अभियान चला रहा है। अखबार के अनुसार, जॉनसन ने भले ही कहा है कि वह सार्वजनिक रूप से किसी भी उम्मीदवार के प्रति समर्थन नहीं जताएंगे, लेकिन पर्दे के पीछे माना जा रहा है कि वह ट्रस या मोरडॉन्ट को अपना उत्तराधिकारी चुने जाने के पक्ष में हैं। द टाइम्स ने एक सूत्र के हवाले से कहा, 10 डाउनिंग स्ट्रीट की पूरी टीम ऋषि सुनक से नफरत करती है। यह व्यक्तिगत है। यह कटु है। वह जॉनसन को नीचे गिराने का दोष सैज (साजिद जाविद) को नहीं देती। वह ऋषि को इसके लिए कसूरवार मानती है। उसे लगता है कि ऋषि महीनों से इसकी साजिश रच रहे थे। पाकिस्तानी मूल के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री जाविद ने बीते हफ्ते सुनक के वित्त मंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ देर पहले जॉनसन मंत्रिमंडल छोड़ने की घोषणा की थी। दोनों नेताओं ने अपने कदम के पीछे किसी भी तरह की सांठगांठ से इनकार किया था। उन्होंने अपने फैसले के लिए जॉनसन सरकार से जुड़े विभिन्न विवादों को जिम्मेदार ठहराया था, जिनमें पार्टीगेट (कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों और लॉकडाउन की अनदेखी कर 10 डाउनिंग स्ट्रीट में पार्टियों का आयोजन) शामिल है। हालांकि, जॉनसन के एक सहयोगी ने इन दावों का खंडन किया कि वह ऋषि सुनक के अलावा किसी को भी जीतते देखना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने स्वीकारा कि निवर्तमान प्रधानमंत्री ने सुनक के विश्वासघात को लेकर नाखुशी जताई है। इस बीच, ब्रिटेन में शीर्ष तीन उम्मीदवारों की जीत की संभावनाएं बढ़ाने की कोशिशों में कंजर्वेटिव पार्टी में बड़े पैमाने पर लॉबिंग चल रही है। ताजा गणना के हिसाब से सुनक के पास 101, मोरडॉन्ट के पास 83, ट्रस के पास 64, बेडनॉक के पास 49 और टुगनधैत के पास 32 वोट हैं। क्रमश: चौथे और पांचवें पायदान पर चल रहे बेडनॉक और टुगनधैत ने सोमवार से शुरू हो रहे अगले दौर के मतदान से पहले कंजर्वेटिव पार्टी के नए नेता एवं प्रधानमंत्री पद की दौड़ से बाहर होने से इनकार कर दिया है। चुनाव के लिए अंतिम दो उम्मीदवारों का नाम तय करने के वास्ते अगले बृहस्पतिवार की समयसीमा निर्धारित की गई है। कंजर्वेटिव सदस्यों के बीच व्यापक लोकप्रियता को देखते हुए सट्टेबाजों की पहली बनकर उभरीं मोरडॉन्ट कहती हैं, जाहिर तौर पर लोग मुझे अंतिम दौड़ में जाने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वे मेरे खिलाफ लड़ना नहीं चाहते।

इस बीच, सुनक खेमे ने इन कयासों को खारिज किया कि उन्हें सिर्फ कंजर्वेटिव सांसदों के बीच ही मजबूत स्वीकार्यता हासिल है। सुनक का समर्थन करने वाले कंजर्वेटिव सांसद रिचर्ड होल्डन ने कहा, मुझे लगता है कि वह वास्तव में लोगों को जोड़ना शुरू कर देंगे और उनके नेतृत्व में हम आगे बढ़ते हुए एक सकारात्मक दृष्टिकोण पेश कर पाएंगे।

## स्वतंत्र देव ने इंडियन ऑयल लखनऊ टर्मिनल में स्वच्छता पखवाड़ा समारोह का किया समापन

**● मियावाकी तकनीक से वनीकरण का किया शुभारंभ**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**देश** को स्वच्छ बनाने और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत की कल्पना को पूरा करने के उद्देश्य से 2014 मेंप्रधानमंत्री जी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई थी और इस अभियान को शुरू हुए लगभग 8 वर्ष पूरे होने वाले हैं। इन वर्षों में इंडियन ऑयल उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय द्वारा विभिन्न स्तरों पर चलने वाले इस अभियान में निरंतर अपनी सक्रिय भूमिका निभाई गई है। इस वर्ष भी भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार 1.15 जुलाईए 2022 तक इंडियन ऑयलए उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय.प् तथा इसके सभी लोकेशनों कार्यालयों द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम और जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस बार स्वच्छता के अंतर्गत पर्यावरणीय स्वच्छता को विशेष महत्व दिया जा रहा है जिसकी बात हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ब्व्च्.26 की बैठक एवं अन्य मंचों से करते रहे हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश राज्य कार्यलय.प् द्वारा इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत किए जा रहे सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है वृक्षारोपण।

इसी क्रम में आज ;1.15 जुलाईए 2022द्ध तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह के साथ ही श्री स्वतंत्र देव सिंहए माननीय मंत्री ;जल शक्ति तथा बाड़ नियंत्रणद्धए उत्तर प्रदेश सरकार के कर कमलों से इंडियन ऑइल लखनऊ टर्मिनल में मियावाकी पद्धति से पौधरोपण कर उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय.प् द्वारा एक नए अभियान का शुभारंभ भी किया गया जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय.प् द्वारा अपने चुनिन्दा लोकेशनों में मियावाकी तकनीक के माध्यम से वनीकरण किया जा रहा है जो अपने आप में अनूठी पहल है। मियावाकी तकनीक से लगाए जंगल में पेड़ 10 गुना तेजी से बढ़ते हैं और परिणामस्वरूप वृक्षारोपण 30 गुना सघन होता है एवं 30 गुना अधिक कार्बन.डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं।

## चीन के राष्ट्रपति शिनफिंग ने शिनजियांग प्रांत का दौरा किया

**एपी।** बीजिंग

**चीन** के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने मुख्यत: मुस्लिम जातीय अल्पसंख्यक समुदाय के दस लाख या इससे अधिक सदस्यों को नजरबंद किए जाने को लेकर चिंताओं के बीच इस सप्ताह उत्तरपश्चिमी शिनजियांग प्रांत का दौरा किया। चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बृहस्पतिवार को बताया कि शी ने शिनजियांग को उसे मध्य एशिया से पूर्वी यूरोप तक जोड़ने वाले बंदरगाहों, रेलवे और ऊर्जा स्टेशनों के निर्माण के चीन के कार्यक्रम में एक अहम क्षेत्र और हब बताया। गौरतलब है कि शी के कार्यकाल में प्राधिकारियों ने भीषण अलगावादी हिंसा भड़कने के बाद शिनजियांग के जातीय उइगर और कजाख समुदायों पर कठोर कार्वाई की। आलोचकों ने इस कार्वाई को सांस्कृतिक नरसंहार बताया, जिसके तहत हजारों लोगों को जेल जैसे शिविरों में कैद कर दिया गया। शी ने सरकारी निकाय शिनजियांग प्रोडक्शन एंड कंसट्रक्शन कोर्प्स के नेताओं से मुलाकात की। यह निकाय क्षेत्र में लागू सैन्य व्यवस्था के तहत अपनी अदालतें, स्कूल और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का संचालन करता है। शिन्हुआ की खबर के अनुसार, शी ने अग्रिम इलाकों की रक्षा करने में एक्सपीसीसी के इतिहास के बारे में जानकारी ली। शिनजियांग प्रांत की सीमा रूस, अफगानिस्तान और मध्य एशिया से लगती है, जिसे चीन ने आर्थिक प्रोत्साहन और सुरक्षा गठबंधनों के जरिए अपने पाले में लाने की कोशिश की है।

## सिग्नेचर ग्लोबल का आईपीओ

**मुंबई।** सिग्नेचर ग्लोबल इंडिया लिमिटेड ने कुल 1,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) बाजार विनियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में 12 जुलाई 22 को दायर कर दिया है।

## एडलवाइस फोकस्ड इक्विटी फंड लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एडलवाइस** एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने 12 जुलाई को एक नया फंड एडलवाइस फोकस्ड इक्विटी फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। जैसा कि नाम से पता चलता हैए यह एक केंद्रित इक्विटी योजना है जिसका उद्देश्य एक क्यूरेटेड पोर्टफोलियो बनाना है 25.30 संभावित आशाजनक स्टॉक ब्रांडए मार्केट शेयर गेनर्स और इनोवेटर्स के तीन प्रमुख निवेश अवसरों में फैले हुए हैं। इसके अलावा फंड मार्केट.कैप के साथ.साथ सेक्टर अज्ञेयवादी दोनों हैए जिससे निवेशक अवसरों के व्यापक स्पेक्ट्रम को भुनाने में सक्षम होते हैं।कन्हैया लाल दीक्षित लखनऊ स्थित म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर ने कहा, विविधीकरण पोर्टफोलियो निर्माण का एक महत्वपूर्ण तत्व हैए लेकिन होनहार विषयों के लिए केंद्रित दृष्टिकोण दीर्घकालिक धन बनाने के लिए एक विशेष रूप से शानदार दृष्टिकोण हो सकता है। एडलवाइस फोकस इक्विटी फंड हमारे ग्राहकों को मजबूत लंबी अवधि की कहानियों के लिए केंद्रित जोखिम लेने का अवसर देगा। इन तीन निवेश विचारों से जुड़े मजबूत शेयरों का एक केंद्रित पोर्टफोलियो बनाने का फंड का दृष्टिकोण संभावित रूप से निवेशकों को मौजूदा और उभरते दोनों अवसरों पर कब्जा करने और लंबी अवधि में उचित रिटर्न उत्पन्न करने में मदद कर सकता है।

## भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के समूचे परिदृश्य पर श्वेत पत्र लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत के दिग्गज एवं विशेषज्ञ इस महीने होने वाले ईवीकॉनइंडिया 2022 सम्मेलन में देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की अनुकूलन स्थिति पर एक श्वेत पत्र जारी करेंगे। इलेक्ट्रिक वाहनों पर केंद्रित यह सम्मेलन 29 जुलाई को गुरुग्राम में होने वाला है। दुनिया का पहला ईवी क्षेत्र केंद्रित पेशेवर नेटवर्किंग मंच ब्लू सर्कल इस सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। ब्लू सर्किल ने एक बयान में कहा कि ईवी उद्योग की मौजूदा स्थिति और इसके द्वारा मुहैया कराए जाने वाले अवसरों पर एक श्वेत पत्र भी इस सम्मेलन के दौरान जारी किया जाएगा।

## भारत की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाएं सार्वजनिक पूंजीगत व्यय कार्यक्रमों में अंतर्निहित: सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाएं सार्वजनिक पूंजीगत व्यय कार्यक्रमों में अंतर्निहित हैं। इंडोनेशिया के बाली में आयोजित वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गर्वनरों की तीसरी जी20 बैठक (एफएमसीबीजी) में सीतारमण ने यह भी कहा कि जुझारू आर्थिक प्रणालियों के लिए साक्ष्य आधारित नीति निर्माण बेहद जरूरी है। सरकार ने कोविड-19 वैश्विक महामारी से प्रभावित आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिए पूंजीगत व्यय पर जोर दिया है। ऐसा अनुमान है कि सार्वजनिक खर्च में वृद्धि करने से निजी निवेश जुटेगा।

सीतारमण ने 2022-23 में पूंजीगत व्यय 35.4 फीसदी बढ़ते हुए 7.5 लाख करोड़ रुपए कर दिया है। पिछले वर्ष यह 5.5 लाख करोड़ रुपए था। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया, वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाएं सार्वजनिक पूंजीगत व्यय कार्यक्रमों में निहित हैं और जुझारू आर्थिक प्रणाली के लिए साक्ष्य आधारित नीति निर्माण अत्यंत आवश्यक है। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि सतत वैश्विक वृद्धि जलवायु कार्वाईयों पर केंद्रित होना चाहिए और जलवायु वित्त तथा हरित परिवर्तनों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। जी20 एफएमसीबीजी के दूसरे सत्र में सीतारमण ने वैश्विक महामारी को लेकर तैयारी तथा प्रतिक्रिया प्रणाली समेत जी20 स्वास्थ्य एजेंडा पर विचार साझा किए। मंत्रालय ने ट्वीट किया, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को केंद्र में रखते हुए वैश्विक समन्वय प्रणाली का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत भविष्य में आ सकने वाली किसी भी वैश्विक महामारी के खिलाफ तैयारी करने और उससे बचाव करने के लिए सभी प्रयासों में समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## घरेलू विज्ञापन उद्योग की आय बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय विज्ञापन उद्योग की आय वर्ष 2022 मे 16 प्रतिशत बढ़कर 11.1 अरब डॉलर यानी 88,639 करोड़ रुपए पर पहुंचने की उम्मीद है। डेटसू ग्लोबल की विज्ञापन खर्च पूर्वानुमान रिपोर्ट के अनुसार, इस वृद्धि केसाथ भारतीय विज्ञापन उद्योग विश्व मे सबसे तेजी से बढ़ता बाजार बन रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अनमोल वालिया पुत्र श्री भगत सिंह, ने आवासीय कॉलोनी विजय नगर, नई दिल्ली में स्थित फ्रीहोल्ड संपत्ति सं. जी-10/एबी का हिस्सा, एरिया परिमाप 207 वर्ग गज यानी 173.027 वर्ग मीटर पर निर्मित बिना छत अधिकारों के संपूर्ण भूतल, खसरा सं. 26/20 में से, बिक्री विलेख दिनांक 04.01.2022, पंजीकरण संख्या 77, उप रजिस्ट्रार VI A दिल्ली में पंजीकृत के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री ओशो मोटवानी, श्री अनमोल वालिया पुत्र श्री भगत सिंह से पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 04.01.2022 के माध्यम से उपरोक्त संपत्ति खरीद रहे हैं। और बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से गृह ऋण प्राप्त कर रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Ranju Devi W/o Sh. Niraj Kumar** who is purchasing the Plot of land admeasuring 60 Sq. Yds, carved out of Khewat Khata No. 275/347, Mustatil No.31/14/2 (5-7), 6/2 (2-13), 32/10/2(0-15), situated in the revenue estate of Village Dhanwapur (abadi now known as Surat Nagar Phase-2 Colony), Tehsil & District Gurgaon (Haryana); from Mrs. Satto Devi W/o. Late Mr. Jagbeer Singh who is owner of the aforesaid property vide Registered GPA Dated 27.05.2013 (vide Document No. 2111, at SRO-Noida-1), Registered WILL dated 27.05.2013 (vide Document No.1731, at SRO-Noida-1) & Agreement to sell and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited**. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

**बिक्री सूचना**

निम्नलिखित आस्ति अधोवर्णित मामलों में, न्यायालय के आदेशों के अनुसार, बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी :-

| वाद विवरण | आस्ति विवरण |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम श्री निसार खान एवं अन्य (सीएस(सीओएमएम) सं. : 110/2021) | वाहन नंबर – यूपी14एचटी4602, मेक तथा माडल – अशोक लीलैंड लिमिटेड, पार्टनर विनिर्माण वर्ष – 2018 |

नीलामी की तिथि एवं समय : 25 जुलाई, 2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक
नीलामी की विधि : ऑनलाइन
स्थान : https://auctions.cardekho.com/#/
सम्पर्क व्यक्ति :- संतोष बलबंतराय (9163343439)/ अंकित सोनी (8085250890)

**बिक्री की शर्तें**

उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें।
सफल बोलीदाता को बिक्री राशि पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/ आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा स्वीकृति की तिथि से 5 दिन के भीतर जमा करनी होगी।
इच्छुक बोलीदाता उक्त दृष्टिबंधित वाहन के विस्तृत विवरण तथा निरीक्षण के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 228ए, एजेसी बोस रोड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, कोलकाता-700020 पधार सकते हैं।

**DEBT RECOVERY TRIBUNAL,DELHI
4TH FLOOR, JEEVAN TARA BUILDING,
PARLIAMENT STREET, NEW DELHI- 110001**

The under mentioned Property will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues, as per court orders , in the following cases :-

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD |
|---|---|---|---|
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA 494/2019, IA 2240/2019 | Vehicle No.- UP14GT8288, Make and Model- SWARAJ MAZDA LTD SAMRAT, Manu Year- 2017 | 3,50,000/- | 35,000/- |
| ICICI BANK LTD VS CHITRANSH EXPRESS CARGO PRIVATE LIMITED, OA 55/2020, IA 681/2021 | Vehicle No.- NL01AC0895, Make and Model- TATA MOTORS LTD ULTRA 1518, Manu Year- 2018 | 7,50,000/- | 75,000/- |

**Auction Date: July 26, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** SHRIRAM AUTOMALL INDIA LTD., PIO MANIYAARI ROAD, OPPOSITE KANYA GURUKUL SCHOOL, NARELA, NEW DELHI - 110040
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and DD/PO of EMD amount in favour of ICICI bank Limited, payable at Delhi to participate in the auction. .

Successfully bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount) within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the payment of remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.

The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Centre , Plot no.7, Rohini, Sector 8, New Delhi 110085** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on "AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS" for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS AMARJEET GUR CS No. 2310/17 | Vehicle No. DL2CAU4167, Make and Model- MARUTI SUZUKI INDIA LTD SWIFT VDI, Manu Year- 2014 |
| ICICI BANK LTD VS RIZOO SOOD CS (COMM) No. 798/2019 | Vehicle No. UP14ET9537, Make and Model- CHEVEROLET SAIL LS, Manu Year- 2015 |
| ICICI BANK LTD VS AKASH PATIL CS. No. 983/19 | Vehicle No. DL1RTB5305, Make and Model- MARUTI UDYOG LTD WAGON R, Manu Year- 2016 |
| ICICI BANK LTD VS JAGDISH KUMAR CS (COMM) No. 1992/ 2021 | Vehicle No. UP16ET9417, Make and Model– HYUNDAI MOTORS LTD XCENT, Manu Year- 2018. Reserve Price: Rs.1,80,000/-, EMD: Rs.18,000/- is to be made in favour of ICICI Bank Limited payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO of EMD amount alongwith his KYC at site of auction |
| ICICI BANK LTD VS VIKAS SINGH CS (COMM) No. 4577/2021 | Vehicle No. UP16CD6717, Make and Model- Ford Figo, Manu Year- 2019 |

**Auction Date: July 26, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram-122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI Bank Ltd. Vs. Babar & Anr., CS (Comm) No. 1377-21 | Vehicle No - UP14JT1939, Make & Model – ASHOK LEYLAND GURU 1010, Manu. Year- 2019 |
| ICICI BANK LTD VS Sonam Tomar & Anr. (COMM) No. 1829/2021 | Vehicle No. UP14HT8563, Make and Model – ASHOK LEYLAND LTD PARTNER, Manu Year -2019 |

**Auction Date : July 26, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP, 201102
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS PASHMEEN KAUR. CS(Comm) No. 338/2018 | Vehicle No. DL1LX7564, Make and Model – FORCE MOTORS LTD DELIVERY VAN LONG, Manu Year - 2017 |

**Auction Date: July 26, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** SHRIRAM AUTOMALL INDIA LTD., PIO MANIYAARI ROAD, OPPOSITE KANYA GURUKUL SCHOOL, NARELA, NEW DELHI - 110040
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763) "**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said assets and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and DD/PO of EMD amount (wherein applicable) in favour of ICICI Bank limited, payable at Delhi to participate in the auction.

Successfully bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD Amount wherein applicable) within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the payment of remaining sale amount within 5 days, EMD amount (wherein applicable) will be forfeited.

The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

# ज्ञानवापी क्षेत्र में स्वयं प्रकट हुए थे आदिविश्वेश्वर: हिंदू पक्ष के वकील

भाषा। वाराणसी



**ज्ञानवापी-श्रृंगार** गौरी मंदिर परिसर मामले में हिंदू पक्ष के एक वादी की दलीलों पर सोमवार को सुनवाई होगी जबकि इसी पक्ष के चार अन्य वादियों के वकीलों ने शुक्रवार को दलील दी कि ज्ञानवापी क्षेत्र में आदिविश्वेश्वर (भगवान शिव) स्वयं प्रकट हुए और सदियों से उनकी पूजा की जाती रही है, लेकिन बाद में उनकी मूर्ति को छिपा दिया गया। वाराणसी की जिला अदालत में वादी संख्या दो, तीन, चार और पांच (मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी, सीता साहू और रेखा पाठक) की दलीलें रखते हुए, उनके अधिवक्ताओं ने कहा कि ज्ञानवापी में आदिविश्वेश्वर स्वयं प्रकट हुए हैं, उनके प्राण प्रतिष्ठा की जरूरत नहीं है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि हिन्दू पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलील दी कि नमाज पढ़ने के लिए किसी छत की जरूरत नहीं पड़ती, नमाज कहीं भी पढ़ी जा सकती है।

अधिवक्ताओं ने दावा किया, ज्ञानवापी में आदिविश्वेश्वर स्वयं प्रकट हुए हैं, उनके प्राण प्रतिष्ठा की जरूरत नहीं हैं, सदियों से उनकी पूजा होती रही है। बाद में आदि विश्वेश्वर की मूर्ति को छुपा दिया गया। यादव ने बताया कि ज्ञानवापी परिसर की जमीन वक्फ बोर्ड की है-- इस बात का कोई भी साक्ष्य मुस्लिम पक्ष अदालत के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पाया है, इसलिए यह मामला पूरी तरह से विचारणीय है। शासकीय (सरकारी) अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने बताया कि हिन्दू पक्ष के वादी संख्या दो, तीन, चार और पांच की ओर से अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णु जैन ने अदालत के समक्ष शुक्रवार को अपनी दलील पूरी कर ली, अब अदालत ने वादी संख्या एक राखी सिंह को अपनी दलील रखने के लिए सोमवार का समय दिया है। सरकारी वकील के अनुसार राखी सिंह की ओर से अधिवक्ता शिवम गौर अदालत के समक्ष दलील पेश करेंगे। राणा संजीव सिंह ने कहा कि सुनवाई के दौरान केवल मामले से संबंधित लोगों को ही अदालत में जाने की अनुमति है और इसकी कोई रिकॉर्डिंग नहीं की जा रही है। गौरतलब है कि राखी सिंह तथा अन्य ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित श्रृंगार गौरी में विग्रहों की सुरक्षा और नियमित पूजा पाठ के आदेश देने का आग्रह करते हुए वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में याचिका दायर की थी जिसके आदेश पर पिछले मई माह में ज्ञानवापी परिसर की वीडियोग्राफी सर्वे कराया गया था। इस दौरान हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजू खाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया था। सर्वे की रिपोर्ट पिछली 19 मई को अदालत में पेश की गई थी। मुस्लिम पक्ष ने वीडियोग्राफी सर्वे पर यह कहते हुए आपत्ति की थी कि निचली अदालत का यह फैसला उपासना स्थल अधिनियम 1991 के प्रावधानों के खिलाफ है और इसी दलील के साथ उसने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। न्यायालय ने वीडियोग्राफी सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, लेकिन मामले को जिला अदालत में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसके बाद से इस मामले की सुनवाई जिला अदालत में चल रही है। इस मामले की विचारणीयता पर जिला न्यायाधीश ए. के. विश्वेश की अदालत में दलील पेश की जा रही हैं। इसी क्रम में मुस्लिम पक्ष में पहले दलीलें रखीं, जो मंगलवार को पूरी हो गईं।

# बेटी की हत्या के आरोपी को हिरासत में लिया गया, हथियार बरामद

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के तिलक नगर में एक व्यक्ति ने शुक्रवार को अपनी बेटी की गला काट कर हत्या कर दी। व्यक्ति अपनी बेटी के प्रेम संबंध से नाराज था। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए, जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने मौके से आरोपी व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अखिलेश नारायण ने बताया थाना उत्तर क्षेत्र के तिलक नगर निवासी मनोज राठौड़ की बेटी रूचि (19) का एटा निवासी किसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बारे में पता चलने पर राठौड़ ने बेटी से प्रेमी से मिलना जुलना बंद करने और संबंध तोड़ने की बात कही। लेकिन रूचि ने पिता की बात नहीं मानी। उन्होंने बताया कि गुस्से में आकर शुक्रवार को राठौड़ ने अपने मकान की ऊपर वाले कमरे में ले जाकर अपनी बेटी की गला काट कर हत्या कर दी। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया है। मनोज राठौड़ पर कानूनी कार्वाई की जा रही है।

## खुर्जा में बुजुर्ग की मस्जिद में गोलियां मारकर हत्या

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के खुर्जा नगर में आपसी रंजिश के चलते एक बुजुर्ग व्यक्ति की शुक्रवार सुबह मस्जिद के अंदर कथित रूप से गोलियां मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि खुर्जा नगर इलाके में शेखपेन मोहल्ले के रहने वाले इदरीस (65) की शुक्रवार सुबह गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। इदरीस के बेटे आस मोहम्मद ने बताया कि उसके पिता अपने परिवार के दो अन्य सदस्यों से साथ कहीं जा रहे थे और वह भी उनके पीछे चल रहा था, लेकिन रास्ते में वहां पहले से मौजूद हमलावरों ने उसके पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी और तमंचे निकालकर गोलियां चलाईं। उसने बताया कि इदरीस घबराकर मस्जिद के अंदर घुस गए, जहां हमलावरों ने गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद मेरठ रेंज के महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिला मजिस्ट्रेट चन्द्रप्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने घटनास्थल का मुआयना किया। प्रवीण कुमार ने बताया कि अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

## क्विक न्यूज

### शाहजहांपुर जिले में युवक की निर्ममता से पिटाई, मामला दर्ज

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में चार लोगों ने एक युवक की निर्ममता से पिटाई की और उन्होंने उसके चेहरे पर पेशाब भी कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए घटना के वीडियो में देखा जा सकता है कि आरोपियो ने ककरा खुर्द गांव के निवासी इफ्तेखार की पिटाई कर उसका हाथ भी तोड़ दिया। यह घटना आठ जुलाई को हुई थी। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इफ्तेखार और अब्दुल जहीर खान आठ जुलाई को सहवेगपुर गांव गए थे, जहां इफ्तेखार को कुलविंदर,जीता,सोनू उर्फ सुखदेव और राजू ने पकड़ लिया। कुमार ने बताया कि आरोपियो ने इफ्तेखार की लाठी-डंडो से पिटाई की, जिसमें उसे चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। उन्होने बताया कि बाद में आरोपियो ने उसका हाथ भी तोड़ दिया। पुलिस अधीक्षक ने घटना की वजह के बारे में बताया कि इफ्तेखार के मित्र की पुरानी रंजिश के चलते आरोपियो से कहा-सुनी हुई थी। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपियो की तलाश कर रही है।

### अवैध संबंध के शक में पत्नी एवं छोटे भाई की हत्या

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले में थाना सुबेहा क्षेत्र के ग्राम शुक्लनपुरवा में शुक्रवार दोपहर एक युवक ने अवैध संबंध के शक होने पर धारदार हथियार से अपनी पत्नी एवं छोटे भाई की कथित रूप से हत्या कर दी तथा बाद में उसने पिता को घायल कर खुद को गोली मार ली। पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भर्ती करवाया एवं दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स ने बताया कि 35 वर्षीय विजय कुमार शुक्ला ने अपनी पत्नी से अवैध संबंध के शक के चलते अपने छोटे भाई 32 वर्षीय अजय शुक्ला की गंडासे से काटकर हत्या कर दी तथा जब उसे बचाने उसके 65 वर्षीय पिता राजनारायण शुक्ला पहुंचे तो उनपर भी जानलेवा हमला किया। वत्स के अनुसार बाद में विजय कुमार शुक्ला मकान की छत पर पहुंच कर लोगों को बताया की उसने दो दिन पूर्व 34 वर्षीय अपनी पत्नी अंजुली शुक्ला की भी गड़ासे से काट कर हत्या कर दी एवं शव को घर के एक कमरे में रखा है। पुलिस अधिकारी के अनुसार उसके बाद उसने खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कई अपर पुलिस अधीक्षक मनोज पांडे मौके पर पहुंच गए। पुलिस घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई।

### बड़े भाई ने कर दी छोटे भाई की हत्या

**बरेली ।** मामूली विवाद पर हुए झगड़े के बाद बड़े भाई ने अपनी पत्नी और बेटों के साथ मिलकर छोटे भाई पर घर में घुसकर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत हो गई पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव रतनानंद पुर निवासी नेक पाल पुत्र ज्वाला प्रसाद की उसके ही बड़े भाई मनोहर लाल ने अपनी पत्नी पुष्पा बेटे सूरजपाल और उमेश के साथ मिलकर घर में घुसकर हत्या कर दी पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मनोहर लाल का लड़का सूरज कुछ दिन पहले दिल्ली से एक लड़की को लेकर आया था सोमवार को नेकपाल की लड़की ने यह बात स्कूल में किसी को बता दी स्कूल में ही मौजूद किसी बच्चे ने मनोहर लाल के लड़के हिमांशु को यह बात बताई जिसने अपने परिवार में इसकी जानकारी दी तो उसका पिता मनोहर लाल और उसके परिवार के लोग गुस्से में आ गए और कल शाम को मनोहर लाल अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर नेंकपाल के घर में जा घुसा उसने नेकपाल के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर उसके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घर के लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना तब घर के लोग नेकपाल को गंभीर अवस्था में डॉक्टरी परीक्षण के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल लाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया घटना की शिकायत पुलिस से की गई तब पुलिस ने मनोहर लाल और हिमांशु को गिरफ्तार करते हुए अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### संघ प्रचारक की पिटाई में दो दरोगा सहित छह सिपाहियों पर मुकदमा

**बरेली।** थाना सुभाष नगर क्षेत्र में तैनात दरोगा अंकित कुमार अपने पुलिस कर्मियों को बुलाकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मथुरा महानगर प्रचारक आयेंद्र कुमार की पिटाई कर दी। जिसको लेकर भाजपा नेता सांसद धर्मेंद्र कश्यप, हिन्दू संगठन के नेता इकट्ठे हो गए और हंगामा । पुलिस ने दो दरोगा सहित छह सिपाइयो पर मुकदमा दर्ज किया है।जिला बदायूं के थाना दातागंज के संतोष नगर निवासी आयेंद्र कुमार की माँ रामवेटी का इलाज जिला अस्पताल में भर्ती है । आयेंद्र जिला अस्पताल से अपने घर जा रहा था ।बदायूं रोड पर आयेंद्र के भाई का फोन आ गया चलती मोटरसाइकिल पर आयेंद्र बात करने लगा ।उसी दौरान पीछे से कार से दरोगा अंकित आ गए ।उन्होंने आयेंद्र के आगे गाड़ी लगा कर उसको रोक कर बदसलूकी की ।बोले मोबाइल से बात कर रहे हो इसी बात को लेकर कहासुनी ज्यादा हो गई। दरोगा अंकित कुमार ने अपने पुलिस बालो को बुला लिया ।आयेंद्र को पहले गन्ना मील के सामने सड़क पर पीटा उसके बाद खंडहर में ले गए दो दरोगा और सिपाइयो ने आयेंद्र को बंधक बनाकर पीटा। उसके बाद सूचना मिलते ही भाजपा नेता हिन्दू संगठन के नेता पहुच गए ।हंगामा शुरू हो गया।भाजपा नेताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी । बता दें कि इस बीच आंवला के सांसद धर्मेंद्र कश्यप और बिथरी विधायक डॉ . राघवेंद्र शर्मा भी वहां पहुंचे थे । गुस्साए कार्यकर्ता पुलिस चौकी के सामने बदायूं हाईवे पर बैठकर जाम कर दिया था । इससे दोनों तरफ जाम लग गया था । इस बीच एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने आरोपी दरोगा को निलंबित कर दिया । इतने पर भी कार्यकर्ता और भाजपा नेता नहीं माने । वह लगातार आरोपी पुलसि कर्मियों पर मुकदमे की जिद पर अड़े हुए थे । इस मामले में देर रात सर्किट हाउस में बैठक हुई । जिसके बाद दरोगा अंकित कुमार और सुनील भारद्वाज समेत छह सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने गुरुवार को ही आरोपी दरोगा को निलंबित कर दिया । जिसके बाद कार्यकर्ता और भाजपा नेता शांत हुए।

### विवाद में मां बेटे सहित तीन को पीटा

**फतेहपुर।** मलवा थाना क्षेत्र के ग्राम असवारतारापुर में मामुली विवाद को लेकर परिवार के ही लगभग आधा दर्जन लोगों ने मॉ बेटा सहित तीन लोगों को लाठी डण्डा व धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया जिन्हें उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जानकारी के अनुसार असवारतारापुर गांव निवासी भिखारी कोरी की 40 वर्षीय पत्नी राधा देवी, 17 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार व राजकुमार का 22 वर्षीय पुत्र ऋषि को परिवार के ही बलदेव उसका पुत्र राजकुमार, राजकुमार की पत्नी एवं पुत्री ने आज सुबह लाठी डण्डा व धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गये। उधर घायल परिजन थाने पहुंचा जहॉ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुये सभी को मेडिकल परीक्षण के लिये सदर अस्पताल भेज दिया। जहॉ इलाज के दौरान पीड़िता राधा देवी ने बताया कि उसने बलदेव को 20 बोरी गिट्टी दिया था। जब उसे जरूरत पड़ी और गिट्टी मांगा तो पूरा परिवार गाली गलौज पर आ गया। विरोध करने पर पूरे परिवार ने मिलकर उसे और उसके पुत्र व ऋषि पर जानलेवा हमला कर दिया।

# नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, पत्नी ने बनाया वीडियो, दोनों आरोपी गिरफ्तार

भाषा। बदायूं

**बदायूं जिले** के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर बलात्कार किया जबकि उसकी पत्नी ने इस हरकत का वीडियो बनाया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पति-पत्नी दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 12 जुलाई को एक व्यक्ति ने गांव की ही एक नाबालिग किशोरी को किसी बहाने से अपने घर बुला लिया और फिर उसने उसके साथ दुष्कर्म किया एवं इस दौरान उसकी पत्नी मोबाइल से वीडियो बनाती रही।

पुलिस का कहना है कि पति-पत्नी ने पीड़ित किशोरी को घटना के बारे में किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी, इस डर से उसने किसी से भी घटना के बारे में कुछ भी नहीं कहा, लेकिन बलात्कारी की पत्नी ने वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जिससे घटना की जानकारी पूरे क्षेत्र को हो गई। पुलिस के मुताबिक जब लड़की के परिवार वालों को वीडियो के बारे में पता चला तो उन्होंने उससे इस बारे में पूछा तो उसने घटना की पुष्टि की जिसके बाद किशोरी ने दोनों के खिलाफ नामजद शिकायत की। फैजगंज बेहटा थाने के प्रभारी चरण सिंह राणा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो कानून एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर बृहस्पतिवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय परीक्षण के लिए लड़की को जिला अस्पताल भेजा गया है।

# प्रशासन ने समझी महिलाओं की परेशानी, दी सुविधा

**● रोडवेज बस स्टैंड के निकट महिला प्रसाधन बनाए जाने की हो रही सराहना**

संवाददाता। अतर्रा, बांदा



डॉ. अनुजा अग्रवाल




थाना परिसर के बगल से बना नव निर्मित पेशाबघर

**कस्बा के** बांदा रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड के निकट थाना परिसर में महिला प्रसाधन के मद्देनजर बने नव निर्मित पेशाबघर की जहां महिला यात्रियों, नगर की प्रमुख एवं समाजसेवी महिलाओं ने इसकी सराहना की है, वहीं चंद लोग पेशाबघर बंद होने की भ्रामक खबर फैलाकर लोगों को भ्रमित करने का भी काम कर रहे हैं जो कि अनुचित है।

रोडवेज बस स्टैंड के थाना परिसर में दो पेसाबघर बने हुए हैं। जिनमें से एक केवल पेषाबघर के रूप में लोगों द्वारा उपयोग किया जा रहा है और इससे यात्रियों व अन्य लोगों को सुविधा मिल रही हैं। वहीं लगभग 50 कदम की दूरी पर एक अन्य शौचालय व पेशाबघर बना हुआ है। जिसे महिला यात्रियों व महिला पुलिस कर्मियों की मांग पर एक पेषाबघर को महिला पेषाबघर के रूप में निर्मित करा दिया गया हैं जिसका महिलाएं थाना बाउंड्री के बगल से बने रास्ते का उपयोग करते हुए सुरक्षित रूप से पेषाबघर का उपयोग कर सकेंगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रयागराज से लेकर बांदा तक महिलाओं के लिए महिला षौचालय एवं पेषाबघर की कोई भी सुविधा संचालित नहीं है। जिसे ध्यान में रखते हुए महिला पेषाबघर संचालित किया गया है। जिसका कस्बा की महिलाओं ने स्वागत किया है। बस अड्डे की निकट निवासी डॉ. अनुजा अग्रवाल ने नव निर्मित महिला पेषाबघर को महिलाओं के हित में बहुत ही अच्छा कदम बताया है। साथ ही यह मांग की है कि सुरक्षा के मद्देनजर थाने की बाउंड्री से ही रास्ते को रखा जाएए ताकि अराजकतत्व व मनचलो से महिलाएं सुरक्षित रह सके। अतर्रा प्रषासन द्वारा महिला पेषाबघर का निर्माण कर संचालित किए जाने पर नगर की अनुराधा गुप्ता, गायत्री तिवारी, वंदना मिश्रा, षालिनी पटेल व नगर के प्रमुख व्यक्ति षैलेंद्र, विनोद एवं मानसी आदि ने महिलाओं के हितों में महिला पेषाबघर को बहुत ही अच्छा बताया और उसकी सराहना भी की।

# मायके आयी नवविवाहिता की प्रेमी ने की हत्या

**● पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

संवाददाता। बांदा



**प्रेम प्रसंग** के चलते अपने मायके आई नवविवाहिता की उसके प्रेमी द्वारा धारदार हथियार और तमंचे से गोली मारकर बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है । सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और लाश को पोस्टमार्टम के लिए रानी दुर्गावती भेज दिया है व आरोपी युवक को भी मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान मुठभेड़ में युवक के पैर में पुलिस की गोली भी लगी है जिसके चलते उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव का है जहां आज सुबह खेत मे नवविवाहिता की उसके प्रेमी ने चाकू से गोदकर और तमंचे से गोली मारकर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी। मृतिका का नाम मंजू था जिसका गांव के ही प्रमोद नाम के युवक से प्रेम संबंध रहा था लेकिन मृतका के घर वालों ने उसकी शादी एक माह पहले जनपद के अतर्रा कस्बे में कर दी थी। अभी कुछ दिन पहले ही मृतका मंजू अपने मायके वापस आई थी और आज जब वह सुबह शौच के लिए खेतों की तरफ गई तो वहां पहले से घात लगाए बैठे उसके प्रेमी प्रमोद ने उसकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी और जब इतने में भी उसका दिल नहीं भरा तो उसने अवैध तमंचे से भी उसे गोली मारी। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई जब परिजनों को इसकी परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस ने मौके में पहुंचकर सव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने इस मामले में तत्काल तत्परता दिखाते हुए हत्यारे प्रेमी को गांव के नजदीकी ही मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपी प्रेमी के पैर में पुलिस की गोली भी लगी है ए जिससे वह घायल हो गया जिसे पुलिस द्वारा जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती करा दिया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है । इस पूरे मामले में बांदा के पुलिस अधीक्षक अभिनंदन का कहना है कि जनपद के महोखर गांव में प्रेम प्रसंग के चलते एक प्रमोद नाम के व्यक्ति ने एक महिला मंजू की हत्या कर दी थी। जैसे ही घटना की जानकारी मिली वैसे ही सभी आला अधिकारी डॉग स्क्वायड सहित मौके पर पहुंच गए थे और कई टीमें लगा कर अभियुक्त को पकड़ने का प्रयास किया गया। चारों तरफ से जब अभियुक्त घिर गया तो उसने पुलिस पर फायर करना शुरू कर दिया जिसकी जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा भी गोली चलाई गई जिससे अभियुक्त के पैर में गोली लग गई जिसको घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी स्थिति सामान्य हैए इसके अलावा अभियुक्त के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई भी की जाएगी ।पुलिस अधीक्षक का कहना है कि जिस तरीके से दिनदहाड़े इस ने इस घटना को अंजाम दिया है उससे यह पता चलता है कि यह काफी दुर्दांत व्यक्ति है इसी को ध्यान में रखते हुए इसके विरुद्ध आगे की कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि अभियुक्त ने चाकू और तमंचे दोनों से मंजू पर हमला किया था घटना में इस्तेमाल हुए हथियार भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# घर-घर पहुंचानी होगी सरकार की बात व काम: वंदना गुप्ता




**बांदा।** भारतीय जनता पार्टी जनपद बांदा जिला महिला अध्यक्ष वंदना गुप्त ने कार्यसमिति की बैठक में प्रभारी बहनों से कहा कि हमको लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हमें अभी से लगना होगा। हमको केन्द्र और राज्य सरकार की बात और उनके कार्य को लेकर घर घर पहुंचना है। अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था कि टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता। नए भारत का निर्माण प्रारंभ हो गया है। पीएम मोदी ने लगातार आठ वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। अब देश नए भारत की ओर अग्रसर है। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी कमलावती सिंह, अध्यक्षता कर रहे जिला संयोजक संजय सिंह ,राज्य मंत्री रामकेश निषाद , बलराम सिंह अजय पटेल, शैलेंद्र जयसवाल, जिला महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत, विवेकानंद, अखिलेश नाथ दिक्षित, जिला उपाध्यक्ष प्रेम नारायण द्विवेदी, नरेंद्र सिंह नाना जी, मनोज पुरवार, धर्मेंद्र त्रिपाठी जिला मंत्री रागिनी शिवहरे मनीष गुप्ता मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता संतोष सभी मोर्चा के अध्यक्ष सभी मंडल अध्यक्ष जिला पदाधिकारी एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वार्षिक उत्सव में हुआ भण्डारे का आयोजन



संवाददाता। फतेहपुर

**शहर के** वर्मा चौराहा स्थित शिवपुरम कॉलोनी में बने शिव मंदिर का आज वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजक राजन तिवारी एवं पीयूष बाजपेई ने बताया कि आज से 1 साल पहले शिव मंदिर का निर्माण हुआ था जिसका आज वार्षिकोत्सव व भंडारे का आयोजन किया गया। आज सुबह से ही मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना मोहल्ले वासियों ने करके दोपहर 3:00 से भंडारे का प्रसाद वितरण किया। मोहल्ले के सभी लोगों ने पहुंचकर के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सुधीर श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, नीलू, रिंकू, हीरो, अखिलेश शुक्ला, संजय मिश्रा, मनोज शिवहरे, नीलू भैया, नीतीश शुक्ला, अली रुस्तम, गौरव मौजूद रहे।

# अभियान के अन्तर्गत आवारा पशुओं को पकड़ा जाए: जिलाधिकारी

**● जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो: डीएम**

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी नेहा** जैन की अध्यक्षता में अधिशाषी निकाय के कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुईए इस बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निकायवार अधिशाषी अधिकारियों से कराये गये कार्यो की जानकारी लीए उन्होंने कहा कि 15वें वित्त एवं राजस्व वित्त के तहत जो धनराशि उपलब्ध है उसका प्रयोग नगर निकायों के विभिन्न कार्यो हेतु नियमानुसार कार्यवाही कर करायें। नगर निकायों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जायेए उन्होंने कहा कि बरसात का समय है सभी नालेए नालियां साफ सुथरी होए सफाई कर्मचारी ड्रेस पहनकर ही सफाई करें एवं सफाई के नियत समय का भी प्रचार प्रसार मोहल्लों आदि में कराया जायेए संचारी रोग अभियान के अन्तर्गत घर.घर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इस हेतु घर.घर सफाई के दौरान संदेश पहुंचाया जाये। उन्होने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत चौराहों आदि पर साफ सफाईए रंगाई पुताई एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियां की प्रतिमाओं आदि पर नियमित साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य जो चल रहे उनमें गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने समस्त नगर निकायों में गौवंशों की देख रेख सुव्यवस्थित रूप से रखने एवं बरसात के दौरान गौवंशों को होने वाली बीमारियों जैसे खुरपका आदि पर विशेष ध्यान देते हुए गौवंशों का संरक्षण एवं उनके हरा चाराए दाना एवं शुद्ध पेयजल का भी ध्यान रखा जाये। उन्होंने सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशुओं हेतु विशेष अभियान चलाकर उन्हें गौशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ताए समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय आदि उपस्थित रहे।

## किसान पोर्टल पर दर्ज होंगे लाभार्थियों के भू अभिलेख: जिलाधिकारी

**कनपुर देहात।** राजस्व व कृषि विभाग से एक एक संपर्क अधिकारी नामित किये जायें। अंकन प्रक्रिया को गुणवत्तापूर्ण दर्ज कराए जाने हेतु निर्धारित तिथियों में कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाए।

उक्त निर्देश आज जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा उप निदेशक कृषि को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत समस्त लाभार्थियों के भू अभिलेख का विवरण पीएम किसान पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण रूप से दर्ज कराए जाने हेतु दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत समस्त लाभार्थियों के भू अभिलेख का विवरण पीएम किसान पोर्टल पर दर्ज किए जाने हेतु तहसील स्तर पर राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग से एक.एक संपर्क अधिकारी नामित किये जायें जिससे विभागीय समन्वय व सुगमता पूर्वक यह कार्य पूर्ण हो सके। उन्होनें कहा कि उप कृषि निदेशक तहसीलों को राजस्व ग्रामवार हार्ड कॉपी सम्बन्धित लेखपालों को उपलब्ध कराएंगे और साथ ही हार्ड कॉपी के प्रारूप में रिक्त स्थान पर राजस्व अभिलेखों के आधार पर भूलेख के विवरण को भी अंकित कराएंगेए जिसके उपरांत संबंधित लेखपालों द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर मुहर सहित हस्ताक्षर करते हुए वापस तहसील में हार्ड कॉपी को जमा कराया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा विभागीय तकनीकी सहायक को हार्ड कॉपी के अनुसार लेखपालों को कृषकों की पहचानए ग्राम पंचायतों की मैपिंग आदि में सहयोग हेतु उनके कार्य क्षेत्र में पड़ने वाले राजस्व ग्रामों के लेखपालों की सहायता हेतु नामित किये जाने हेतु उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि संबंधित राजस्व कर्मी अपने अपने संबंधी राजस्व ग्राम में उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार लाभार्थी का भूलेख विवरण एक्सेल शीट में दर्ज करेंगे। सूचना फीड करने के पश्चात हार्ड कॉपी से एक्सेल शीट का मिलान संबंधित लेखपाल एवं कृषि विभाग के तकनीकी सहायक द्वारा करते हुए हार्ड कॉपी पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर भी करेंगे। तत्पश्चात संबंधित उप जिलाधिकारी के पर्यवेक्षण में तहसील लॉगइन से पीएम किसान पोर्टल पर डेटा को अपलोड किया जाएगाए जिसके उपरकान्त यदि कृषको की सूची में जिनके राजस्व ग्राम अथवा तहसील की मैपिंग सही नहीं पायी गयीए उनकी सूची लेखपाल द्वारा अलग से तैयार की जाएगी एवं मैपिंग ठीक कराने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारियों एवं चकबंदी अधिकारी की समन्वय बैठक में सम्बन्धित तहसील को वह सूची उपलब्ध करायी जायेगी जिसे सम्बन्धित तहसील द्वारा उस डाटा को सही मैपिंग के आधार पर भूलेख के अनुसार लाभार्थी के विवरण को पूर्ण कराते हुए यह सूची पुन: जिस तहसील से प्राप्त हुई थी उसे वापस कर दी जायेगी।

# विराट की आलोचना पर भड़के कप्तान रोहित

**● बचाव में उतरे : कोहली को किसी तरह के आश्वासन की जरूरत नहीं है , पत्रकार को बीच में ही टोका**

**भाषा।** लंदन



**विराट कोहली के** खराब फॉर्म को लेकर लगातार हो रही चर्चा पर भड़के भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक बार फिर उनका बचाव करते हुए कहा कि उनकी समझ से परे है कि यह चर्चा क्यो हो रही है। भारत की सौ रन से हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस में रोहित ने कोहली के खराब फॉर्म के बारे में पूछने जा रहे एक पत्रकार को बीच में ही टोक दिया। रोहित ने कहा , इस पर बात क्यूं हो रही है यार। मतलब समझ में नहीं आता भाई। उन्होंने कहा , उसने इतने लंबे समय तक इतने सारे मैच खेले हैं। वह इतना महान बल्लेबाज है और उसे किसी तरह के आश्वासन की जरूरत नहीं है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भी कोहली का बचाव करते हुए कहा कि उसके जैसे प्रतिभाशाली क्रिकेटर को बस एक बड़ी पारी की जरूरत है। ग्रोइन की चोट के कारण पहले वनडे से बाहर रहने के बाद कोहली ने दूसरे वनडे में वापसी की लेकिन 16 रन ही बना सके। इससे पहले टी20 श्रृंखला में उन्होंने। और 11 रन बनाए थे जिसके बाद कपिल देव जैसे धुरंधरों ने कहा था कि उसे टीम से बाहर क्यो नहीं किया जा सकता। रोहित ने हालांकि कहा कि कोहली की टीम में जगह सुरक्षित है और उन्हें किसी तरह के आश्वासन की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा , मैने पहले भी कहा है कि फॉर्म ऊपर नीचे होता रहता है। यह हर क्रिकेटर के साथ होता है। महानतम क्रिकेटरों के कैरियर में भी उतार चढाव आए हैं। उन्होंने कहा , उसने भारत के लिए इतने मैच जीते हैं और उसे फॉर्म में वापसी के लिए एक या दो पारियों की जरूरत है। ऐसा मेरा मानना है और मुझे यकीन है कि क्रिकेट देखने वाले भी ऐसा ही सोचते होंगे। रोहित ने कहा , मुझे पता है कि इस पर बात हो रही है लेकिन हमें समझना होगा कि इतने साल में इतने खिलाड़ियों ने उतार चढाव का सामना किया है लेकिन श्रेष्ठता बरकरार रहती है। इसे ध्यान में रखना होगा। उसके पिछले रिकॉर्ड देखिए। उसके शतक, उसका औसत, उसका अनुभव। निजी जीवन में भी तो खराब दौर आता है। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला के लिए कोहली टीम में नहीं है। बताया गया है कि उन्होंने आराम मांगा है। बटलर ने भी कोहली का बचाव करते हुए कहा , कोहली भी इंसान है और कुछ मैचों में उसका स्कोर खराब हो सकता है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक है। इतने साल से इतना शानदार खेल रहा है और सभी खिलाड़ियों के कैरियर में खराब दौर आता है। विरोधी कप्तान होने के नाते मैं इतना कह सकता हूं कि उसके जैसे खिलाड़ी को एक पारी की जरूरत है लेकिन उम्मीद है कि वह हमारे खिलाफ नहीं बनाए। अत्यधिक व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में द्विपक्षीय श्रृंखलाओं की प्रासंगिकता के बारे में रोहित ने कहा कि त्रिकोणीय या चार देशों की श्रृंखला एक रास्ता हो सकता है। उन्होंने कहा , मुझे भी लगता है कि यह महत्वपूर्ण है लेकिन इसका भविष्य में बेहतर उपाय हो सकता है। कार्यक्रम बनाते समय थोड़ा ब्रेक भी जरूरी है। जब हम छोटे थे तब तीन देशों या चार देशों की श्रृंखलाएं होती थी लेकिन अब यह पूरी तरह से बंद हो गई। यह रास्ता हो सकता है जिसमें टीमों को रिकवरी का समय मिल जाएगा। देश के लिए खेलते समय काफी दबाव वाले मुकाबले होते हैं और हर बार आप सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं।

## कोहली को सभी के समर्थन की जरूरत : बाबर आजम



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे विराट कोहली का बचाव करते हुए कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान को इस खराब दौर से बाहर आने के लिए सभी के समर्थन की जरूरत है। कोहली ने करीब तीन साल से शतक नही जड़ा है। इंग्लैंड मे सीमित ओवरो की श्रृंखला मे वह अभी तक बड़ी पारी नही खेल पाए है और अंतिम वनडे रविवार को खेला जाएगा। कोहली इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मे भी सस्ते मे आउट हो गए। बाबर ने खराब फॉर्म मे चल रहे कोहली का बचाव किया। उन्होने गॉल मे श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान के पहले टेस्ट पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, मुझे यही लगता है कि इस मौजूदा स्थिति मे कोहली को समर्थन की जरूरत है। मैने उन्हे मजबूत बने रहने के लिए ट्वीट किया था क्योकि मै जानता हूं कि खिलाड़ी को तब कैसा महसूस होता है जब वह इस दौर से गुजर रहा होता है और इस समय उसे सभी के समर्थन की जरूरत है। बाबर ने बीती रात ट्वीट कर कोहली का बचाव किया था, उन्होंने लिखा था, यह दौर भी बीत जाएगा। मजबूत बने रहो। इससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और इंग्लैड के कप्तान जोस बटलर ने दूसरे वनडे के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कोहली का बचाव किया था। रोहित ने कहा था , उसने इतने लंबे समय तक इतने सारे मैच खेले है। वह इतना महान बल्लेबाज है और उसे किसी तरह के आश्र्वासन की जरूरत नही है। मैने पहले भी कहा है कि फॉर्म ऊपर नीचे होता रहता है। यह हर क्रिकेटर के साथ होता है। महानतम क्रिकेटरों के कैरियर मे भी उतार चढाव आए है। बटलर ने भी कोहली का बचाव करते हुए कहा , कोहली भी इंसान है और कुछ मैचो मे उसका स्कोर खराब हो सकता है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरो मे से एक है। इतने साल से इतना शानदार खेल रहा है और सभी खिलाड़ियों के कैरियर मे खराब दौर आता है।

# छह विकेट लेने के बाद टॉपले ने कहा : ब्रेक का लाभ मिला

**भाषा।** लंदन



**भारत के** खिलाफ दूसरे वनडे में छह विकेट लेकर इंग्लैंड को सौ रन से जीत दिलाने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रीस टॉपली ने कहा कि हाल ही में चोटों के कारण क्रिकेट से दूर रहने का उन्हें फायदा मिला। पहले मैच में दस विकेट से हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए इंग्लैंड ने भारत को सौ रन से हराया। टॉपली ने 24 रन देकर छह विकेट लिए। उन्होंने पूर्व कप्तान पॉल कोलिंगवुड का 17 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 31 रन देकर छह विकेट लिए थे। अब दोनों टीमें रविवार को तीसरा और आखिरी वनडे खेलेंगी। टॉपले ने कहा , यह शानदार टीम प्रदर्शन था। यह काफी मायने रखता है। हर किसी का सपना इंग्लैंड के लिए खेलने का होता है। अब रविवार को बड़ा मैच है जिसे जीतकर हम श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेंगे। सात साल पहले इंग्लैंड के लिए पहला मैच खेलने वाले टॉपली 17 वनडे खेल चुके हैं।चोटों के कारण उनका कैरियर बुरी तरह प्रभावित हुआ लेकिन वह वापसी को भुनाने के लिए बेताब हैं। मैं जितनी बार हो सके, इंग्लैंड के लिए खेलना चाहता हूं और जीत में योगदान देना चाहता हूं। यह सौभाग्य की बात है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम एक बार फिर बल्लेबाजी में नाकाम रही लेकिन टॉपली के जुझारूपन की उन्होंने तारीफ की। उसकी कहानी दिलचस्प है। वापसी करके लाडर्स पर छह विकेट लेना शानदार है। उसका अनुभव कठिन था और उसे पता भी नहीं था कि वह दोबारा खेल भी सकेगा या नहीं और उसके बाद इस तरह का प्रदर्शन वाकई काबिले तारीफ है।

### उत्तर प्रदेश वुशू टीम बनी राष्ट्रीय उपविजेता

**लखनऊ।** हिमाचल प्रदेश में आयोजित हुई 22 वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर वुश प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश की टीम दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के शान शूवर्ग में प्रदेश की टीम ने दो स्वर्ण, पाँच रजत एवं तीन कांस्य जीतकर उपविजेता रही, वहीं ताओल वर्गमें दोकांस्य पदक अर्जित किये, इस प्रकार प्रतियोगिता मे प्रदेश की टीम ने कुल एक दर्जन पदक जीतकर उप विजेता बनी। हरियाणा की टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि राजस्थान की टीम तीसरे स्थान पररही। प्रतियोगिता में ओवर आल चैम्पियन का खिताब मणिपुर को मिला। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को संघ के अध्यक्ष सुहैल अहमद एव महासचिव मनीषकक्कड़ ने बधाई दी।

### बेल्जियम को हराकर फ्रांस महिला यूरो क्वार्टर फाइनल में

**रोटरडम।** ग्रीज एमबॉकबेथी के हेडर पर किए गए गोल की मदद से फ्रांस ने बेल्जियम को 2.। से हराकर महिला यूरोपीय चैम्पियनशिप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फ्रांस के लिए पहला गोल के डियानी ने किया लेकिन जेनिस केमैन ने बेल्जियम के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। बेथी ने 41वें मिनट मे हेडर पर गोल करके फ्रांस को बढ़त दिलाई। फ्रांस ग्रुप डी में शीर्ष पर रहा। इस ग्रुप से क्वार्टर फाइनल में दूसरे स्थान के लिए तीन टीमों के बीच मुकाबला है। सोमवार को इटली का मुकाबला बेल्जियम से और आइसलैंड का फ्रांस से सामना होगा।

### काउंटी केंट के लिए आठ मैच खेलेंगे नवदीप सैनी

**केंट।** भारत के तेज गेंदबाज नवदीप सैनी इंग्लिश काउंटी टीम केंट के लिए मौजूदा सत्र मे आठ मैच खेलेंगे। सैनी इस काउंटी के लिए खेलने वाले राहुल द्रविड़ के बाद भारत के दूसरे टेस्ट क्रिकेटर होंगे। वह 96 नंबर की शर्ट पहनेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने की शुरूआत में बर्मिंघम टेस्ट से पहले वह भारतीय टीम के साथ नेट गेंदबाज के तौर पर थे। केंट काउंटी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा , केंट क्रिकेट को तीन काउंटी चैम्पियनशिप मैचों और पांच रॉयल लंदन कप मैचों के लिए भारत के अंतरराष्ट्रीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी के साथ करार की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। सैनी भारत के लिए तीनों प्रारूप खेल चुके है। उन्होंने अगस्त 2019 में पदार्पण किया था।

### अमेरिका कोंकाकाफ चैम्पियनशिप के फाइनल में, कनाडा से मुकाबला

**मोंटेरी (मैक्सिको)।** अमेरिका ने कोंकाकाफ (उत्तरी, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई देशो के फुटबॉल संघ का परिसंघ) महिला चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल मे कोस्टा रिका को गुरुवार को 3-0 से हराकर फाइनल मे जगह पक्की की जहां खिताब के लिए उसका सामना कनाडा से होगा। कनाडा ने दूसरे सेमीफाइनल मे जमैका को इसी अंतर से हराया। कोस्टा रिका के खिलाफ मैच में शुरुआत से ही अमेरिका का दबदबा था। टीम के लिए एमिली सॉनेट, मैलोरी पुघ और एशले सांचेज ने गोल किए।

### अल्टीमेट खोखो लीग : पहले सत्र के ड्राफ्ट में 143 खिलाड़ी चुने गए

**पुणे।** दक्षिण एशियाई खेलों के पदक विजेता प्रतीक वाईकर और स्टार पोल डाइवर पी शिवरेड्डी समेत 143 खिलाड़ियों को 14 अगस्त से 24 सितंबर तक यहां बालेवाड़ी में होने वाली पहली अल्टीमेट खो खो लीग के लिए छह टीमो मे चुना गया है।

# राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान पांच अलग-अलग गांवों में रहेंगे भारतीय खिलाड़ी

BIRMINGHAM 2022 commonwealth games

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल खेलों** में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी और अधिकारी पांच अलग-अलग गांवों में रहेंगे जहां महिला क्रिकेट टीम को बर्मिंघम सिटी सेंटर में एक अलग सुविधा में रखा जाएगा। भारत 28 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों में 16 स्पर्धाओं के लिए 215 सदस्ईय खिलाड़ियों का दल भेज रहा हैं। टीम के अधिकारियों सहित पूरे दल में 325 लोग शामिल है। राष्ट्रमंडल खेलों में आमतौर पर सभी खिलाड़ी एक साथ खेल गांव में रहते है लेकिन बर्मिंघम 2022 के आयोजकों ने खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों के लिए पांच अलग-अलग जगह इंतजाम किए है। इस आयोजन में 5000 से ज्यादा खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघों को भेजे एक आधिकारिक संचार में ठहरने की व्यवस्था और इंग्लैंड में उनके आगमन से 72 घंटे पहले कोविड-19 के लिए आरटी-पीसीआर जांच की जरूरत के बारे में सूचित किया है। तैराकी, एथलेटिक्स, जिम्नास्टिक, स्क्वॉश, हॉकी में भाग लेने वाले खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज बर्मिंघम (सीजीबी) में रहेंगे, जबकि बैडमिंटन, मुक्केबाजी, टेबल टेनिस, भारोत्तोलन और ट्रायथलॉन में भाग लेने वाले खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज एनईसी (सीजीएन) में रहेंगे। कुश्ती, जूडो और लॉन बॉल में भाग लेने वाले खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज वारविक (सीजीडब्ल्यू) , जबकि महिला क्रिकेट टीम के सदस्य कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज सिटी सेंटर (सीजीसी) में होंगे। उनके मैच मशहूर एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर होंगे।

### सामान्य सीलबंद बोली स्वीकार करेगी आईसीसी, टाई होने पर होगी ई-नीलामी

**भाषा।** नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अपने मीडिया अधिकारों की बिक्री के लिए केवल तभी ई-नीलामी आयोजित करेगा, जब शुरूआती दौर में बोली लगाने वालों ने समान राशि की बोलियां लगाई हों। सूत्रों ने शुक्रवार को पीटीआई को इसकी जानकारी दी। हाल में ई-नीलामी में रिकॉर्ड 23,578 करोड़ रुपए में आईपीएल भारत डिजिटल अधिकार जीतने वाली वियाकोम18 ने संचालन संस्था से कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। आईसीसी पहले दौर में अपनी मूल योजना सीलबंद बोलियां हासिल करने पर अडिग है और अगर बोली की राशि बराबर पाई जाती है (टाई होता है) तभी दूसरे दौर में ई-नीलामी की जाएगी। बल्कि आईसीसी ने शुक्रवार को दिलचस्पी दिखा रहे पक्षों को बोली प्रक्रिया के बारे में कई तरह के स्पष्टीकरण भेजे हैं। यह बोली प्रक्रिया अगस्त में होगी जो 2024 के चक्र से शुरू होगी। एक सूत्र ने पीटीआई को गोपनीयता की शर्त पर कहा, स्पष्टीकरण संभावित बोली लगाने वालों को भेजे गए हैं।

# सिंधू सिंगापुर ओपन सेमीफाइनल में

**साइना और प्रणय हारे**

**भाषा।** सिंगापुर



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने चीन की हान यूइ को एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में हराकर सिंगापुर ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि साइना नेहवाल और एच एस प्रणय अपने मुकाबले हार गए। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी ने एक सेट गंवाने के बाद 17-21, 21-11, 21-19 से जीत दर्ज की। सिंधू का अब इस चीनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रिकॉर्ड 3 - 0 का हो गया है। मई में थाईलैंड ओपन के बाद सिंधू पहली बार सेमीफानल में पहुंची है और अब वह टूर्नामेंट में अकेली भारतीय खिलाड़ी बची हैं। अब देखना यह है कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले वह खिताब जीत पाती हैं या नहीं। अब उनका सिंधू का सामना अब गैर वरीय साइना कावाकामी से होगा। जापान की इस खिलाड़ी ने छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-17, 21 -19 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी ही बिंग जियाओ को हराया था लेकिन वह लय कायम नहीं रख सकी। उन्हें जापान की आया ओहोरी ने 21 -13, 15- 21, 21-20 से हराया। वहीं फॉर्म में चल रहे प्रणय को कोडाइ नाराओका ने 12-21, 21 -14, 21- 18 से मात दी। निर्णायक गेम में प्रणय ने 7-18 से पिछड़ने के बाद लगातार आठ अंक लेकर वापसी की और मैच प्वाइंट बचाकर मुकाबला करीबी बना दिया लेकिन जीत नहीं सके। वहीं दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को पहले गेम में काफी दिक्कतें आई। वह रक्षात्मक खेल में पिछड़ गई लेकिन दूसरे गेम में वापसी करके ब्रेक तक तीन अंक की बढत बना ली। ब्रेक के बाद क्रॉसकोर्ट पर विनर लगाकर लगातार सात अंकों के साथ बराबरी की। तीसरे गेम में मुकाबला काफी रोमांचक रहा लेकिन सिंधू ने संयम बनाकर खेलते हुए जीत दर्ज की। युगल वर्ग में एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला को इंडोनेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान ने 10-21, 21-18, 21-17 से हराया।

### खुद को नए अंदाज में पेश करने का तरीका ढूंढ लिया चहल ने : ब्रैड हॉग

**भाषा।** मुंबई

**आस्ट्रेलिया के** पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग को लगता है कि दो वर्षों पहले तक बल्लेबाज युजवेंद्र चहल की गेंदबाजी का अंदाजा लगाने लगे थे लेकिन इस गेंदबाज ने जिस तरह से अपने कौशल में सुधार किया है, उसका श्रेय उन्हें जाता है। चहल अगले हफ्ते 32 साल के हो जाएंगे, उन्हें पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए टी20 विश्व कप के दौरान टीम से बाहर कर दिया गया था और तब से उन्होंने दोनों प्रारूपों में 20 सफेद गेंद के मैच खेले हैं और 26 विकेट चटकाए हैं। हॉग के अनुसार चहल टी20 विश्व कप में भारतीय अभियान में अहम भूमिका अदा करेंगे जिसका आयोजन इस साल के अंत में आस्ट्रेलिया में अक्टूबर-नवंबर में किया जाएगा। हॉग ने कहा, पिछले दो साल या दो साल के अंदर उनका विकास देखकर लग रहा है कि आस्ट्रेलिया (टी20 विश्व कप) में उसका प्रदर्शन बेहतर रहेगा। लेकिन हॉग वास्तव में इस बात से प्रभावित हैं कि चहल ने पिछले दो वर्षों में अपने खेल को किस तरह से अनुकूलित किया है।

### बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य: उपकप्तान हरमनप्रीत

**बेंगलुरु।** आत्मविश्वास से भरे भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हरमनप्रीत सिंह को उम्मीद है कि टीम आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में ऑस्ट्रेलिया के स्वर्णिम अभियान को रोकने में सफल रहेगी। हॉकी 1998 में राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा बना और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इसके बाद पुरुषों की प्रतियोगिता में सभी छह स्वर्ण पदक जीते हैं। उनकी टीम बर्मिंघम में पासा पलटने में सफल रहेगी। टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हमने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भी अच्छा खेला और इसलिए टीम में आत्मविश्वास की कमी नहीं है। हम मैच जीतते रहना चाहेंगे।

# ऐश्वर्य के शानदार प्रदर्शन से भारत का दबदबा जारी

**● आईएसएसएफ राइफल पिस्टला शॉटगन विश्व कप**

**भाषा।** नई दिल्ली




**भारत के युवा** निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ राइफल पिस्टल शॉटगन विश्व कप के पुरुषों के 50 मीटर थ्री पोजीशन्स के क्वालीफाइंग में शीर्ष स्थान हासिल किया।
दो भारतीय निशानेबाज रैंकिंग दौर में पहुंच गए जबकि कम से कम एक अन्य प्रतियोगिता के सातवें दिन शनिवार को होने वाले दो फाइनल में किसी एक में क्वालीफाई करने की स्थिति में है। अनुभवी राइफल निशानेबाज चैन सिंह ने भी फाइनल का टिकट पक्का किया लेकिन दिन ऐश्वर्य के नाम रहा जो पुरुषों के 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स में 600 में 593 अंक जुटाने में सफल रहे। उन्होंने नीलिंग और प्रोन के शुरूआती दो दौर में सभी निशाने बिल्कुल सटीक लगाए। स्टैंडिंग में हालांकि उनके सात निशाने सही नहीं लगे। सेना के निशानेबाज चैन सिंह इस स्पर्धा में 586 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। अनुभवी संजीव राजपूत 577 अंक के साथ 40वें स्थान पर रहे और क्वालिफिकेशन में जगह नहीं बना सके। मनु भाकर ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 288 अंक के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। वह अभी सातवें पायदान पर है और इस स्पर्धा का रैपिड चरण और फाइनल शनिवार को होगा। रिदम सांगवान 285 अंक के साथ 18वें पायदान पर है।

### लीजेंड्स क्रिकेट के दूसरे चरण में खेलेंगे पटेल

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल फिर से क्रिकेट खेलते हुए नजर आएंगे, वह सितंबर मे लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के दूसरे सत्र मे हिस्सा लेंगे। तीन अन्य पूर्व खिलाड़ी - स्पिनर प्रज्ञान ओझा, आल राउंडर रीतिंदर सोढी और तेज गेंदबाज अशोक डिंडा - ने भी लीग की खिलाड़ी ड्राफ्ट प्रक्रिया का हिस्सा बनने की पुष्टि कर दी है। पार्थिव इस तरह पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, इरफान पठान, यूसुफ पठान, हरभजन सिंह, पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली, महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और विश्व कप विजेता इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन के साथ जुड़ जाएंगे। एलएलसी के दूसरे सत्र मे चार टीमें और 110 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर खेलेंगे। मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन और श्रीलंका के पूर्व कप्तान थिसारा परेरा भी लीग से जुड़ गए है।

### भारतीय पुरुष जूनियर हैंडबॉल टीम बहरीन पहुंची



**लखनऊ।** बहरीन में होने वाली 17वीं एशियन पुरुष जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय पुरुष जूनियर हैंडबॉल टीम नई दिल्ली से शुक्रवार सुबह रवानगी के बाद बहरीन पहुंच गई। इस चैंपियनशिप के लिए भारत की 18 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है। हैंडबॉल फेडरेशन ऑफइंडिया के अध्यक्ष ए जगनमोहन राव ने बताया कि बहरीन में 15 से 24 जुलाई तक 17वीं एशियन पुरुष जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए भारतीय टीम 15 जुलाई को सुबह रवाना हुई थी। भारतीय पुरुष जूनियर हैंडबॉल टीमः ऋत्विक कोमारवल्ली, सुभाष चंद्रा, वरुण शर्मा सौरभ सिंह, हर्ष चौधरी, अधिराज भंवर रॉलॉट, लक्ष्य राज सिंह,पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, वंश ठकरान,अरुणाचलम रजनीकांत , आरव सिंह चौहान,सहदेव, अनुज योकंद,हरप्रीत सिंह रंधावा, नीलेश प्रणव भागवत, कुशल मंडल,गडी लिंगप्पा वल्लेकादि , मोहित ।

### फिलीपीस ने एशिया कप में भारत को बड़े अंतर से हराया

**जकार्ता।** भारतीय पुरुष बास्केटबॉल टीम शुक्रवार को यहां एफआईबीए एशिया कप मे फिलीपीस से 59-101 से हार गई। टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले टीम को न्यूजीलैड ने 100-47 से हराया था। भारत के लिए मुइन बेक हफीज ने सबसे ज्यादा 14 अंक बनाए जबकि प्रणव प्रिस ने 11 अंको के साथ अपना योगदान दिया। फिलीपीस के लिए विलियम नवारो (18 अंक) और थर्ड रवेना (17) अंक जुटाए। भारतीय टीम दो अंको के साथ ग्रुप डी की तालिका में तीसरे स्थान पर है। लेबनान के नाम भी दो अंक है लेकिन उसने एक मैच कम खेला है। फिलीपीस के खिलाफ भारत को कप्तान विशेष भृगुवंशी की कमी खली जो चोटिल होने के कारण मैदान में नही उतर सके। भारतीय टीम रविवार को ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में लेबनान का सामना करेगी।

### एल डी ए क्लब जीता, अलीगंज व बिग ब्लू का मैच ड्रा



**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग में आज पहले मैच में एल डी ए क्लब ने विजय क्लब को 2-0 से हराया । एल डी ए क्लब की ओर से मुकेश 18 वे मिनट, अरुण ने 42 वे मिनट में गोल किया। दूसरे मैच अलीगंज वॉरियर और बिग ब्लू के बीच खेला गया जिसमें यह मैच 0-0 से ड्रा रहा । ब्लू जर्सी में बिग ब्लू की टीम और ऑरेंज जर्सी में अलीगंज वॉरियर की टीम है।

# नीदरलैंड व जिम्बाब्वे आईसीसी विश्व टी20 के लिए क्वालीफाई

**● क्रमशः अमेरिका और पपुआ न्यू गिनी को हराया**

**भाषा।** दुबई



**नीदरलैंड और जिम्बाब्वे** ने आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप क्वालीफायर बी के अपने सेमीफाइनल में क्रमशः अमेरिका और पपुआ न्यू गिनी को हराकर आईसीसी टी20 विश्व कप में स्थान पक्के किए। नीदरलैंड ने अमेरिका को सेमीफाइनल में सात विकेट से पराजित किया। उसने अमेरिका को 19.4 ओवर में 138 रन पर समेट दिया था। जिम्बाब्वे ने पपुआ न्यू गिनी को 27 रन से शिकस्त दी। टूर्नामेंट के मेजबान जिम्बाब्वे का पहले बल्लेबाजी करने का फैसला फायदेमंद साबित हुआ। रेगिस चाकाब्वा और कप्तान क्रेग इर्विन की अनुभवी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत कराई। चाकाब्वा ने आक्रामक रवैया अपनाते हुए मैच का पहला चौका पहले ही ओवर में लगा दिया जिसके बाद उन्होंने सेमा कामीवा पर लगातार तीन चौके जड़ दिए। एक ओवर बाद उन्होंने एक छक्का जड़ा जिससे वह और खतरनाक दिख रहे थे। पर उनकी 19 गेंद में 30 रन की आक्रामक पारी का अंत सेसे बाऊने किया। पर विकेट गिरने से भी जिम्बाब्वे की रनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लगी। इर्विन और वेस्ले माधहेवेरे ने लगातार अंतराल पर बाउंड्री लगाई। 10वें ओवर के अंत में जिम्बाब्वे का स्कोर एक विकेट पर 90 रन था। पर अगले पांच ओवर में मेजबान ने इर्विन (38) और माधहेवेरे (29 गेंद में 42 रन) के विकेट गंवा दिए। मध्यक्रम ने उपयोगी रन जुटाकर टीम को 20 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। जिम्बाब्वे ने पहली ही गेंद पर पपुआ न्यू गिनी का पहला विकेट झटक लिया। फिर उन्होंने लगातार दो विकेट गंवा दिए जिसे पावरप्ले में उसका स्कोर तीन विकेट पर 45 रन था। रन गति बढ़ती जा रही थी, टोनी उरा ने बल्लेबाजी से आक्रामक होना शुरू किया और सिंकदर राजा के ओवर में लगातार दो छक्के जड़े दिए। उरा के आउट होने से टीम का स्कोर पांच विकेट पर 139 रन था। 20 ओवर में टीम आठ विकेट पर 172 रन ही बना सकी।

**विश्व टी20 के लिए टीमें :** आस्ट्रेलिया (गत चैम्पियन) 2021 आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप से शीर्ष 11 टीमें : अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, नामीबिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज वैश्विक क्वालीफायर ए से शीर्ष दो टीमें : आयरलैंड और संयुक्त अरब अमीरात वैश्विक क्वालीफायर बी से शीर्ष दो टीमें : नीदरलैंड और जिम्बाब्वे।

### आर्थिक संकट के बावजूद श्रीलंका में क्रिकेट जारी

**गॉल।** श्रीलंका में आर्थिक संकट से पैदा हुई दिक्कतों के बावजूद क्रिकेट बिना किसी रूकावट के जारी रहेगा और पाकिस्तान के खिलाफ मेजबान टीम का पहला टेस्ट शनिवार से शुरू होगा। पिछले हफ्ते आस्ट्रेलिया ने गॉल में दूसरा टेस्ट खेला था और प्रदर्शनकारी स्टेडियम के बाहर श्रीलंकाई राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को हटाने की मांग कर रहे थे जिन्होंने अब इस्तीफा दे दिया है। इससे भी बड़ा विरोध प्रदर्शन कोलंबो में हुआ जहां से एक से भी कम किलोमीटर की दूरी पर स्थित होटल में पाकिस्तानी टीम रूकी हुई थी। किसी भी प्रदर्शनकारी या राजनीतिक पार्टी ने क्रिकेट खेले जाने का विरोध नहीं किया था जबकि देश इतनी सारी परेशानियों से जूझ रहा था। हर किसी को पता है कि क्रिकेट उनके देश के लिए जरूरी है जहां विदेशी मुद्रा की काफी कमी है। हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से इतना राजस्व नहीं मिलेगा लेकिन इसे कई कारणों से आयोजित होना चाहिए।